Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



खेल

**वैभव सूर्यवंशी ने रच दिया इतिहास, 15 गेंद में 50 रन ठोककर तोड़ा अभिषेक शर्मा-ईशान...**

देश

**मुंबई होगी झोपड़पट्टी मुक्त : शिंदे का 'जनकल्याण अभियान', अब झुग्गीवासियों को मिलेंगे...**



शुक्ल पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • बुधवार • 01 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 119 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹1,36,850 | ₹ 2,50,000 |



## आज का इतिहास

**1897 :** भारतीय आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था।

**1936 :** भारत के उड़ीसा राज्य की स्थापना हुई, जो कि पहले कलिंग या उत्कल के नाम से जाना जाता था।

## न्यूज बाइट्स

### एक अप्रैल से कचरा कलेक्शन के नए नियम लागू, चार श्रेणियों में देना होगा कचड़ा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में शहरों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार ने नगर निकायों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है, जो एक अप्रैल से लागू हो रही है। इस नई व्यवस्था के तहत अब 100 किलो से अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों—जैसे अपार्टमेंट, होटल और सरकारी कार्यालय को अपने स्तर पर ही कचरा प्रोसेसिंग की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। विभाग के अनुसार, बड़े कचरा उत्पादकों को ऑन-साइट कचरा निपटान सुनिश्चित करना होगा, जिसमें विशेष रूप से गीले कचरे का कंपोस्टिंग करना शामिल है। यह पूरी व्यवस्था न्यू सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के तहत राज्य के सभी नगर निकायों में लागू की जा रही है, ताकि कचरा प्रबंधन को अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बनाया जा सके। इसी के साथ राजधानी पटना में भी कचरा प्रबंधन के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। पटना नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के नए नियम भी 1 अप्रैल से लागू हो जाएंगे। अब शहरवासियों को अपने घरों से निकलने वाले कचरे को केवल गीला और सूखा में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करके देना अनिवार्य होगा। पहले जहां कचरे का विभाजन केवल दो श्रेणियों—गीला और सूखा तक सीमित था, वहीं अब इसे चार श्रेणियों में बांटने की व्यवस्था लागू की जा रही है।

---

नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में मची भगदड़, आठ श्रद्धालु महिलाओं की दबने से मौके पर ही मौत

# शीतला मंदिर में भगदड़, नौ की मौत

निज संवाददाता | नालंदा

जिले के शीतला माता मंदिर में मंगलवार की सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर भारी भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें 9 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में 8 महिलाएं शामिल हैं, जिनकी मौके पर ही जान चली गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। घटना में कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जिनका उपचार स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है। चैत्र महीने के अंतिम मंगलवार के कारण मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटने लगे थे। मंदिर परिसर में मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंदिर का गर्भगृह छोटा होने के बावजूद भीड़ को नियंत्रित करने की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं थी। श्रद्धालु जल्दी दर्शन करने के लिए एक-दूसरे को धक्का देते हुए आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिससे स्थिति अचानक बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई। घटना के समय मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था लगभग नदारद थी। लोगों का कहना है कि न तो भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी मौजूद थे और न ही किसी प्रकार की बैरिकेडिंग या लाइन व्यवस्था की गई थी। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों को पीछे के रास्ते से पैसे लेकर दर्शन कराए जा रहे थे, जिससे भीड़ में असंतोष और अव्यवस्था और बढ़ गई। हादसे के बाद स्थिति और गंभीर हो गई जब घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिल सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के करीब 40 मिनट बाद पहली एंबुलेंस मौके पर पहुंची। तब तक कई लोग गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर पड़े थे। स्थानीय लोगों और पुलिस के सीमित बल ने मिलकर घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया।

इस घटना ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर इसलिए कि उसी दिन पास के नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति की मौजूदगी को लेकर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था, जबकि मंदिर में हजारों की भीड़ के बावजूद कोई समुचित इंतजाम नहीं था। घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया है। दीपनगर थाना के एसएचओ राजमणि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं और पटना कमिश्नर को बिहारशरीफ भेजा गया है। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 6 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है, जबकि केंद्र सरकार ने भी 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। फिलहाल मंदिर और मेला दोनों को बंद कर दिया गया है और इलाके में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। यह हादसा एक बार फिर बड़े धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की कमी और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है।



### मृतकों के परिवार को आठ लाख मुआवजा

हादसे की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए 6 लाख रुपये के अनुग्रह अनुदान की घोषणा की। इसमें 4 लाख रुपये आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से तथा 2 लाख रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जाएगी। मृतकों के परिजन के लिए 8-8 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान हो चुका है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया गहरा शोक

नालंदा में हुई भगदड़ की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद पीड़ादायक है और इसमें अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

---

सेमीकंडक्टर में भारत की बड़ी छलांग

# 2026 तक 4 और 2027 तक दो प्लांट होंगे तैयार

एजेंसी | नई दिल्ली



भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश में 2026 तक चार सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे, जबकि 2027 तक दो और प्लांट का काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही भारत की पहली फैब्रिकेशन यूनिट धोलेरा में 2028 तक तैयार होने की उम्मीद है।

यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सानंद में केन्स सेमीकॉन के ओएसएटी प्लांट के उद्घाटन के बाद दिया गया। वैष्णव ने बताया कि यह देश का दूसरा सेमीकंडक्टर प्लांट है, जबकि पहला प्लांट माइक्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित है, जिसका उद्घाटन 28 फरवरी को हुआ था। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि तीसरे प्लांट का उद्घाटन जुलाई में किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सानंद स्थित केयन्स सेमीकॉन यूनिट ने मात्र 14 महीनों में निर्माण से उत्पादन तक का सफर तय कर लिया, जो भारत के तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का संकेत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए भारत को गुणवत्ता और लागत—दोनों मोर्चों पर बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

उन्होंने बताया कि देश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए मशीनरी, रसायन, गैस और परीक्षण अवसंरचना समेत एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया जा रहा है। इसके तहत करीब 60,000 युवा इंजीनियरों को सिनॉप्सिस और कैडेंस जैसे वैश्विक डिजाइन टूल्स में प्रशिक्षित किया गया है। ये इंजीनियर देश के 315 विश्वविद्यालयों से जुड़े हैं और चिप डिजाइन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वैष्णव ने यह भी कहा कि इन इंजीनियरों द्वारा डिजाइन की गई चिप्स चंडीगढ़ की एक प्रयोगशाला में तैयार की जा रही हैं। साथ ही एनवीडिया, एएमडी और इंटेल जैसी वैश्विक कंपनियां भी भारत में उन्नत चिप डिजाइन पर काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि देश में अत्याधुनिक 2 नैनोमीटर चिप्स तक डिजाइन की जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि "डिजाइन इन इंडिया" और "मेक इन इंडिया" के विजन के तहत देश सेमीकंडक्टर सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। "सेमीकंडक्टर 2.0" कार्यक्रम के तहत अब मशीन, गैस और रसायन जैसे पूरे इकोसिस्टम को देश के भीतर विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने दीर्घकालिक लक्ष्य बताते हुए कहा कि भारत 2032 तक दुनिया के शीर्ष छह सेमीकंडक्टर देशों में शामिल होना चाहता है और 2047 तक शीर्ष तीन में अपनी जगह बनाने का लक्ष्य रखता है।

## बिजली उपभोक्ताओं को राहत, अब 72 घंटे में होगा शिकायतों का निपटारा

**पटना(नि.सं.)।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब उपभोक्ताओं के आवेदनों और शिकायतों का निपटारा अधिकतम 72 घंटे के भीतर करना अनिवार्य होगा। कंपनी के महाप्रबंधक (राजस्व) अरविन्द कुमार ने इस संबंध में सभी अभियंताओं को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि हर सोमवार और शुक्रवार को कार्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। इन शिविरों का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। इन शिविरों में बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याओं—जैसे विद्युत बिलिंग, बिजली आपूर्ति, नए कनेक्शन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर, कृषि कनेक्शन और पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का निपटारा किया जाएगा। सभी मामलों को निर्धारित समयसीमा के भीतर हल करने पर विशेष जोर दिया गया है। महाप्रबंधक ने यह भी निर्देश दिया है कि शिविरों में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि लोग अपनी समस्याओं का समय पर समाधान करा सकें। इस पहल से उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है और बिजली सेवाओं में पारदर्शिता तथा जवाबदेही भी बढ़ेगी।

---

बिहार में ईओयू की बड़ी कार्रवाई

# दो अधिकारियों के 12 ठिकानों पर छापेमारी

निज संवाददाता | पटना



बिहार में मंगलवार सुबह एक बड़ी प्रशासनिक हलचल देखने को मिली, जब आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने आय से अधिक संपत्ति के मामलों में दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ व्यापक छापेमारी अभियान शुरू किया। यह कार्रवाई राज्य के विभिन्न जिलों में एक साथ की गई, जिसमें पटना समेत कुल 12 ठिकानों को निशाना बनाया गया। प्रारंभिक जांच में दोनों अधिकारियों के पास उनकी ज्ञात आय से कहीं अधिक संपत्ति होने के संकेत मिले थे, जिसके बाद विधिवत केस दर्ज कर यह कार्रवाई की गई।

इस पूरे मामले में 29 मार्च 2026 को दो अलग-अलग कांड दर्ज किए गए। इन मामलों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) के तहत आरोप लगाए गए हैं। कार्रवाई से पहले पटना स्थित विशेष निगरानी न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त किया गया, जिसके बाद मंगलवार सुबह से ही टीमों ने विभिन्न ठिकानों पर एक साथ दबिश देना शुरू किया। पहले मामले में गौतम कुमार, जो किशनगंज में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, उनके खिलाफ जांच में लगभग 1.94 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति का मामला सामने आया है। यह राशि उनकी ज्ञात आय से करीब 60 प्रतिशत अधिक बताई जा रही है। उनके पटना, पूर्णिया और किशनगंज स्थित कुल छह ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जहां से दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है।

दूसरे मामले में वैभव कुमार, जो जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) सहरसा में निदेशक के पद पर हैं, उनके खिलाफ भी आय से अधिक संपत्ति का गंभीर मामला सामने आया है। जांच में करीब 2.41 करोड़ रुपये की अतिरिक्त संपत्ति का पता चला है, जो उनकी ज्ञात आय से लगभग 78 प्रतिशत अधिक है। इस मामले में सहरसा और मुजफ्फरपुर स्थित उनके छह ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यह पूरी कार्रवाई उच्च अधिकारियों की निगरानी में की जा रही है, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हैं। आर्थिक अपराध इकाई की टीमें हर ठिकाने पर दस्तावेजों, संपत्ति के कागजात, बैंक रिकॉर्ड और अन्य वित्तीय साक्ष्यों को खंगाल रही हैं ताकि आय और संपत्ति के बीच के अंतर का स्पष्ट आकलन किया जा सके। फिलहाल छापेमारी की प्रक्रिया जारी है और एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि तलाशी अभियान पूरा होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई के बाद दोनों मामलों में जांच और तेज होगी तथा यदि आरोप पुष्ट होते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

---

# 20 दिन से जारी हड़ताल पर अड़े राजस्व अधिकारी, सरकार की चेतावनी बेअसर

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अंचलाधिकारियों (सीओ) और राजस्व अधिकारियों की हड़ताल अब और तेज होती नजर आ रही है। 9 मार्च से सामूहिक अवकाश पर गए करीब 700 अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। इस बीच विजय सिन्हा की चेतावनियां भी इन पर बेअसर साबित हो रही हैं। मंगलवार को पटना में "बिरसा यूनाइटेड" के बैनर तले बिहार राजस्व सेवा के सैकड़ों अधिकारियों का बड़ा जुटान हुआ, जिसमें उन्होंने एक स्वर में आंदोलन जारी रखने का फैसला दोहराया। इस हड़ताल को अब विभिन्न संगठनों का समर्थन भी मिलने लगा है, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। हड़ताल के चलते राज्य के अंचल कार्यालयों में जमीन निबंधन, दाखिल-खारिज, सर्वे और अन्य राजस्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आम लोगों को जमीन संबंधी कामों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की ओर से लगातार अधिकारियों को काम पर लौटने की अपील की जा रही है। साथ ही सेवा समाप्ति, निलंबन और वेतन कटौती



जैसे कड़े कदम उठाने की चेतावनी भी दी गई है। हालांकि, इसके बावजूद बड़ी संख्या में अधिकारी अब भी हड़ताल पर डटे हुए हैं। स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था भी शुरू की है। कई स्थानों पर मौजूद अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि सेवानिवृत्त अंचलाधिकारियों और अन्य कर्मियों को अस्थायी रूप से काम पर लगाया जा रहा है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

इस बीच राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार ने सख्त रुख अपनाते हुए 69वीं बीपीएससी बैच के 69 अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। विभाग के उपसचिव संजय कुमार सिंह ने इन अधिकारियों से 13 अप्रैल तक स्पष्टीकरण मांगा है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सामूहिक अवकाश को अवैध घोषित किया गया है और इस अवधि को सेवा में नहीं जोड़ा जाएगा।

---

# गैस कटर से एटीएम मशीन काटकर 30 लाख की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश चोर

निज संवाददाता | पटना

पटना के दानापुर इलाके में मंगलवार तड़के एक बड़ी आपराधिक घटना सामने आई, जहां दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित ढिबरा मोड़ के पास बदमाशों ने एटीएम मशीन को गैस कटर से काटकर करीब 30 लाख रुपये की चोरी कर ली। यह पूरी वारदात बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई और इसकी तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि तीन नकाबपोश अपराधी एटीएम के अंदर घुसते हैं और सबसे पहले वहां लगे सीसीटीवी कैमरों पर काला स्प्रे छिड़क कर उन्हें निष्क्रिय कर देते हैं। इसके बाद बदमाशों ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के गार्ड रहित एटीएम को निशाना बनाते हुए गैस कटर से मशीन के कैश चैंबर को काटना शुरू कर दिया। कुछ ही मिनटों में उन्होंने मशीन को तोड़कर उसमें रखी बड़ी रकम निकाल ली। एटीएम मशीन से छेड़छाड़ होते ही इसकी सूचना बैंक के हेड ऑफिस को मिल गई थी। बैंक अधिकारियों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को अलर्ट किया, जिसके बाद शाहपुर और दानापुर थाने की टीम मौके के लिए रवाना हुई।



हालांकि पुलिस के पहुंचने से कुछ मिनट पहले ही बदमाश करीब 30 लाख रुपये लेकर फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर शिवम धाकड़ और भानु प्रताप सिंह पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से तकनीकी साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

सीसीटीवी फुटेज में यह भी साफ नजर आ रहा है कि बदमाश पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने दस्ताने पहन रखे थे और बेहद प्रोफेशनल तरीके से मशीन को काट रहे थे, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस वारदात के पीछे किसी संगठित और पेशेवर गिरोह का हाथ हो सकता है।

---

न तो ऑफलाइन बिक्री होगी और न ही ऑनलाइन

# बिहार में चूहे-गिलहरी मारने वाली दवा पर रोक

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने चूहों और अन्य कृंतकों को मारने में इस्तेमाल होने वाली दवा रेटॉल पेस्ट पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में बिहार कृषि विभाग के निर्देश के बाद अब इस उत्पाद की न तो ऑफलाइन बिक्री होगी और न ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इसे बेचा जा सकेगा। आम लोगों से भी इसके उपयोग से बचने की अपील की गई है। यह आदेश सौरभ सुमन यादव द्वारा जारी किया गया है, जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि राज्य में तत्काल प्रभाव से इस दवा की बिक्री और वितरण बंद किया जाए। इसके साथ ही अमेज़न, मीशो और ज़ोमैटो जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म सहित सभी खुदरा विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें। इस फैसले के पीछे भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा फॉस्फोरस से जुड़े सख्त सुरक्षा मानकों (सेफ्टी कोड) का प्रकाशन प्रमुख कारण बताया गया है। नए मानकों के मद्देनजर इस दवा को अत्यधिक खतरनाक श्रेणी में रखा गया है, जिसके चलते राज्य सरकार ने एहतियाती कदम उठाया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई दुकानदार या विक्रेता इस प्रतिबंध के बावजूद रेटॉल पेस्ट बेचते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों की सूचना जिला स्तर पर तैनात सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण को देने का निर्देश दिया गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह पदार्थ इंसानों के लिए भी बेहद खतरनाक है। इसकी थोड़ी सी मात्रा भी शरीर में जाने पर लीवर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। इसके अलावा ब्लड प्रेशर बढ़ना, खून का जमाव प्रभावित होना और आंतरिक रक्तस्राव जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। सेवन के 48 घंटे के भीतर इसके प्रभाव दिखने लगते हैं और गंभीर मामलों में यह जानलेवा साबित हो सकता है। राज्य सरकार के इस फैसले को सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे भविष्य में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं और विषाक्तता के मामलों को रोका जा सकेगा।

### क्या है रेटॉल पेस्ट?



रेटॉल पेस्ट एक जहरीला पदार्थ होता है, जो आमतौर पर चूहे, गिलहरी और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जीव-जंतुओं को मारने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह चिपचिपे पेस्ट या पाउडर के रूप में उपलब्ध होता है, जिसे जानवर खाने की चीज समझकर खा लेते हैं। इसमें मौजूद येलो-व्हाइट फॉस्फोरस बेहद खतरनाक रसायन होता है, जो शरीर की कोशिकाओं पर सीधा असर डालता है और थोड़े समय में ही मौत का कारण बन सकता है। यह दवा सिर्फ खेतों तक सीमित नहीं थी, बल्कि घरों, किराना दुकानों और अनाज गोदामों में भी इसका व्यापक उपयोग किया जाता रहा है। लोग इसे चूहों से छुटकारा पाने के लिए रखते थे, लेकिन इसके गंभीर दुष्प्रभावों को देखते हुए अब इस पर रोक लगा दी गई है।

---

# राष्ट्रपति के हाथों नालंदा के मेधावी छात्रों को मिला सम्मान, गोल्ड मेडल से खिले चेहरे



निज सं. | नालंदा (बिहारशरीफ/राजगीर)

द्रौपदी मुर्मू ने नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में देश-विदेश के मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस गौरवपूर्ण क्षण ने समारोह को यादगार बना दिया, जहां छात्रों के चेहरे गर्व और खुशी से चमक उठे। राजगीर स्थित इस अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न देशों से आए विद्यार्थियों ने न केवल अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि यहां के शैक्षणिक माहौल और वैश्विक पहचान की भी सराहना की। समारोह के दौरान वियतनाम, भूटान सहित कई देशों के छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि नालंदा विश्वविद्यालय ने उन्हें न सिर्फ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी, बल्कि एक वैश्विक दृष्टिकोण भी प्रदान किया। वियतनाम की छात्रा न्गुएन ह्युइन जुआन त्रिन्ह ने यहां के अंतरराष्ट्रीय परिवेश को प्रेरणादायक बताया, वहीं भूटान के लुंगतेन जाम्त्शो ने कहा कि यहां से मिली शिक्षा उनके पेशेवर जीवन में बेहद उपयोगी साबित हो रही है। वियतनाम की ही फाम थी थू, जो वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही हैं, ने नालंदा के अकादमिक स्तर और मार्गदर्शन को उत्कृष्ट बताया।

---

बिहार में टीकाकरण अभियान को मिलेगी नई गति

# अब राज्य स्वास्थ्य समिति संभालेगी जिम्मेदारी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बच्चों के टीकाकरण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। अब इन कार्यक्रमों का संचालन राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार सीधे तौर पर करेगी। यह पहल स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लागू होगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक समन्वय और तेजी आने की उम्मीद है। इस फैसले के तहत सोशल मोबिलाइजेशन नेटवर्क से जुड़े करीब 360 कर्मियों से आगे भी कार्य लिया जाएगा। पहले इन कर्मियों की सेवाएं यूनिसेफ के माध्यम से ली जाती थीं, जिसके लिए राज्य सरकार यूनिसेफ को राशि उपलब्ध कराती थी। अब समिति ने यूनिसेफ के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए यह जिम्मेदारी खुद संभालने का निर्णय लिया है।

यूनिसेफ के पदाधिकारियों के अनुसार, सोशल मोबिलाइजेशन नेटवर्क के जरिए बच्चों में टीकाकरण को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं। आगे भी यूनिसेफ इस पूरी प्रक्रिया में तकनीकी सहयोग देता रहेगा, जबकि संचालन और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्य स्वास्थ्य समिति निभाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बिहार ने बच्चों के नियमित टीकाकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्तमान में राज्य में लगभग 90 प्रतिशत बच्चों का नियमित टीकाकरण हो रहा है। सरकार का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 95 प्रतिशत तक पहुंचाना है, ताकि हर बच्चे तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई व्यवस्था से टीकाकरण अभियान को और मजबूती मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

---

## चंचल कुमार बने सूचना प्रसारण के सचिव

**नई दिल्ली (ए.)।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सीनियर आईएएस अधिकारी चंचल कुमार को सूचना एवं प्रसारण सचिव नियुक्त किया है। चंचल 1992 बैच के बिहार कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वर्तमान में वह पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के सचिव पद पर तैनात हैं। वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी अधिकारियों में से एक हैं। वह नीतीश के प्रधान सचिव भी रह चुके हैं। केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। चंचल कुमार फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। साल 2022 में उन्हें नीतीश सरकार ने सेंट्रल डेप्युटेशन पर भेजा था। उस समय वे सीएम नीतीश कुमार के प्रधान सचिव थे। बिहार के चर्चित और तेज तर्रार अफसरों में उनकी गिनती होती रही है। बिहार सरकार में उन्होंने कई विभागों की जिम्मेदारी संभाली थी।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**नरहट (नवादा)।** हिसुआ-खनवां पथ पर मीनापुर गांव के समीप सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में सिंधौली गांव निवासी एकराम के 20 वर्षीय पुत्र फतेह की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अफरोज का पुत्र आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए हिसुआ अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने फतेह को मृत घोषित कर दिया, जबकि आदिल का इलाज जारी है। हादसे की खबर मिलते ही सिंधौली गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि नरहट थाना में अभी तक घटना की कोई सूचना नहीं मिली है।

### जलालपुर में मारपीट के मामले में महिला आठ गिरफ्तार

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से महिला समेत आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 114/26 में आरोपित अमीर चौधरी पिता स्व मोसाफिर चौधरी, मोहन चौधरी पिता स्व मुसाफिर चौधरी, बेबी देवी पति अमीर चौधरी, साबो देवी पति मोहन चौधरी को गिरफ्तार करने की हिरासत में भेजा गया है। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा दर्ज प्राथमिकी काण्ड संख्या 115/ 26 में राजेंद्र चौधरी पिता जगदीश चौधरी, राकेश कुमार पिता राजेंद्र चौधरी, अरुण कुमार पिता राजेंद्र चौधरी, सुमा देवी पति राजेंद्र चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायिक भेजा गया है।

### मछागर लक्षीराम में सरकारी राशि के गबन का मामला, प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी

**हथुआ।** हथुआ के मछागर लक्षीराम में पूर्व के वर्षों में अभिकर्त्ता-सह-पंचायत सचिव द्वारा कई योजनाओं पर सरकारी राशि उठाकर कार्य नहीं कराने का मामला सामने आया है। जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गोपालगंज के निर्देश पर प्रखण्ड पंचायत राज कार्यालय, हथुआ ने थानाध्यक्ष को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। जाँच प्रतिवेदन में कई योजनाओं में अनियमितता का उल्लेख किया गया है। दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### पश्चिम चम्पारण में एलपीजी की कोई किल्लत नहीं, 17 हजार से अधिक सिलेंडर स्टॉक में

**बेतिया ।** बेतिया/पश्चिम चम्पारण जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी तरह की किल्लत नहीं है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में वर्तमान में 17,308 गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा कालाबाजारी और अवैध भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिसके कारण आपूर्ति व्यवस्था में लगातार सुधार हुआ है। लंबित बैकलॉग को भी तेजी से समाप्त किया जा रहा है। बीते दिन ही जिले में 7,430 सिलेंडरों की सफलतापूर्वक डिलीवरी की गई। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक निगरानी के तहत आज गौनाहा प्रखंड के जमुनिया बाजार में एक गैस रिफिलिंग सेन्टर पर छापेमारी करते हुए जब्ती सूची बनाई जा रही है। जब्ती सूची के आलोक में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। प्राप्त 40 शिकायतों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को भेज दिया गया है। तीनों अनुमंडलों में विशेष टीमें गठित कर आपूर्ति व्यवस्था और कालाबाजारी पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### भाकपा(माले ) का 13 वां जिला सम्मेलन सम्पन्न




**बेतिया।** नरकटियागंज/ शहीदे आजम भगत सिंह और जेएनयू के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र शेखर के शहादत दिवस के मौके पर भाकपा माले कार्यालय नरकटियागंज में भाकपा (माले) का 13 वां पश्चिम चम्पारण जिला सम्मेलन दूसरे दिन सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। सम्मेलन स्थल को शहीद हुए भाकपा ( माले ) नेता का विष्णुदेव यादव के नाम समर्पित किया गया था। वही का रामप्रताप पासवान और केदार प्रसाद के नाम पर सभा मंच का निर्माण किया गया। यह सम्मेलन बिहार को भाजपाई बुलडोजर राज की प्रयोगशाला बनाने के खिलाफ व्यापक जन प्रतिरोध खड़ा करने और एकजुट रहते हुए न्याय और अधिकार की लड़ाई तेज करने के नारे पर आयोजित हुआ। सम्मेलन के अध्यक्ष मंडल में का. सुनील यादव, संजय राम, नन्दकिशोर महतो, जवाहर प्रसाद, गणेश महतो आदि शामिल थे. सम्मेलन में कुल प्रतिनिधि 250 थे जिसमें 50 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सम्मेलन के प्रतिनिधि सत्र में भाकपा( माले ) के जिला सचिव अरूण प्रसाद द्वारा पेश किये गए पिछले तीन सालों के कार्यकाल की रिपोर्ट पर हुई चर्चा में दो दर्जन से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. महिला प्रतिनिधियों ने भी बेबाकी के साथ अपनी बातें रखी। सम्मेलन ने जिले में भाकपा (माले) का विस्तार करने और मजबूत बनाने और खेत मजदूरों, किसानों,छात्र-युवाओं और महिलाओं को भारी तादाद में भाकपामाले) से जोड़ने तथा बिहार को भाजपाई बुलडोज़र राज की प्रयोगशाला बनाने के खिलाफ व्यापक जनप्रतिरोध खड़ा करने का कार्यभार तय किया गया. कल से ही जारी सम्मेलन को जिले के वरिष्ठ पार्टी नेताओं महेन्द्र राम, सुनील कुमार राव, फरहान राजा, प्रभु देव यादव, संजय मुखिया, संजय राम, अफाक अहमद, विनोद यादव, नन्दकिशोर महतो, नवीन कुमार, सुरेन्द्र चौधरी, ललीता देवी, कबिता देवी, अच्छे लाल राम, इन्द्र देव कुशवाहा, सीताराम राम भाकपा( माले) केंद्रीय कमेटी सदस्य सह सम्मेलन के प्रर्वेक्षक प्रकाश कुमार ने भी संबोधित किया. सम्मेलन के अंतिम सत्र में सम्मेलन के पर्यवेक्षक भाकपा( माले) राज्य कमेटी सदस्य प्रकाश कुमार की देखरेख में 33 सदस्यों की नई जिला कमेटी का चुनाव किया गया. नई जिला कमेटी ने पुनः अरूण प्रसाद को अपने जिला सचिव के रूप में चुना सम्मेलन के दौरान महिला-पुरुष प्रतिनिधियों ने क्रन्तिकारी गीत प्रस्तुत किया. अपराह्न दो बजे नवनिर्वाचित जिला सचिव अरूण प्रसाद के संक्षिप्त वक्तव्य के साथ जोरदार नारों के बीच भाकपा( माले) के 13 वें पश्चिम चम्पारण जिला सम्मेलन का समापन हुआ।

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में 20 वर्ष की सुनाई गई सजा




**बेतिया।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय के रेप एंड पोक्सो एक्ट के अन्य विशेष न्यायाधीश, अरविंद कुमार गुप्ता ने नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में एक अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर का कारावास की सजा सुनाई,वही 40 हजार अर्थ दंड भी लगाया। सजायाफ़्ता नौतन थाना क्षेत्र के बुधवलिया दक्षिण तेंदुआ निवासी,उपेंद्र चौधरी उर्फ उपेंद्र कुमार बताया गया है। जबकि कांड कि पीड़िता को बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम के अंतर्गत 3 लाख का मुआवजा स्वरूप दिलाने का आदेश भी दिया गया है। रेप एंड पॉक्सो कोर्ट के विशेष लोकअभियोजक,जटाशंकर तिवारी ने संवाददाता को बताया कि घटना 15 दिसंबर 2023 की बताई गई। घटना तिथि को सुबह 9:00 बजे स्कूल जा रही एक नाबालिक छात्रा को अभियुक्त रास्ते में ही बहला फूसला कर अगवा कर अपने साथ लेकर चला गया। अभियुक्त के बड़े भाई खोजबीन करते हुए उसके पास पहुंच गए,इसके बाद दोनों को अपने साथ लेते आए और दोनों को स्थानीय थाने के हवाले कर दिया।

# दो बाइकों के आमने सामने की टक्कर में चार लोग घायल, दो की स्थिति गंभीर, रेफर

- गलत दिशा में चलने से हुई सड़क दुर्घटना
- एक बाइक सवार ने पीएमसीएच जाने से पूर्व ही तोड़ा दम, जांच में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर-बी के समीप बीते सोमवार की देर शाम को एनएच-20 पर दो बाइकों के आमने-सामने की टक्कर में दोनों चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं बाइक पर बैठे अन्य दो लोगों को हल्की चोटें आई है। घायलों की गम्भीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने थाना को फोन कर सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस बलों ने घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाए। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि घायलों की पहचान दुलरपुरा गांव निवासी स्व. रघु यादव के पुत्र सत्येंद्र यादव,दिबौर गांव निवासी मो. तस्लीम के पुत्र अरसलान,मो. समसुल के पुत्र मो. जुबैर एवं मो. हैदर के पुत्र मो. मुजम्मिल के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि घायल सत्येंद्र यादव एवं अरसलान का प्राथमिक इलाज कर चिंताजनक स्थिति में पावापुरी अस्पताल रेफर किया है। वहीं अन्य घायलों का इलाज कर जरूरी सुई व दवाई दी गई है।

**गलत दिशा में चलना और हेलमेट नहीं पहनना जानलेवा साबित हुआ :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एनएच-20 पर सत्येंद्र यादव हरदिया की ओर से रजौली जा रहे थे एवं दिबौर गांव निवासी अरसलान अपने दो साथियों के साथ रजौली से दिबौर की ओर जा रहे थे। दोनों बाइकों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग जोरदार आवाज सुनकर चौंक गए। मिली जानकारी के अनुसार गलत दिशा में चलने एवं हेलमेट नहीं पहनने और ओवरलोडिंग के कारण यह दुर्घटना हुई है,जो जानलेवा साबित हुई।

**पीएमसीएच पहुंचने से पूर्व एक बाइक चालक की हुई मौत :** रजौली अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रेफरल घायल बाइक चालक सत्येंद्र यादव को पावापुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज हेतु पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि फतुहा के आसपास सत्येंद्र ने अपनी अंतिम सांस ली।


अस्पताल में इलाज के दौरान घायल बाइक सवार

सत्येंद्र अपने पीछे दो बेटों को पीछे छोड़ गए हैं। वहीं दूसरा रेफरल घायल अरसलान भी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

**अस्पताल प्रशासन पर लगा लापरवाही का आरोप :** अनुमंडलीय अस्पताल जिसे कागजों पर ट्रामा सेंटर बनाकर संचालित किया जा रहा है,किंतु सुविधाएं पीएचसी से बद्तर है।परिजन जब घायलों को लेकर अस्पताल पहुंचे,तो अस्पताल में एकमात्र चिकित्सक और एक जीएनएम थी। परिजनों ने कर्मियों की कमी के कारण इलाज में लापरवाही बरतने आ आरोप लगाकर हंगामा भी किया। अस्पताल परिसर में मौजूद बब्लू यादव ने कहा कि रजौली अस्पताल एनएच-20 के किनारे अवस्थित है एवं अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है। यदि अस्पताल खुद बीमार रहेगी,तो आम आदमी ऐसे ही बेमौत मरता जाएगा। इस संबंध में प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही विश्वास दिलाया कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

**जांच में जुटी पुलिस :** इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि हरदिया में हुए सड़क दुर्घटना में सत्येंद्र यादव की मौत हो गई है। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा। सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर थाना लाया गया है। उन्होंने कहा कि लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही क्षेत्रवासियों से अपील किया कि वे वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

## रजौली में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़ छापेमारी में पच्चास सिलेंडर जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने मुरहेना बाजार में की बड़ी कार्रवाई, गैस एजेंसी से जुड़े तार और अवैध भंडारण का हुआ खुलासा**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में एलपीजी गैस की बढ़ती खपत के बीच घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है, जहां खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध कारोबार के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन के कड़े निर्देशानुसार और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजीत कुमार के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी के दौरान मुरहेना स्थित बाजार में ऑनलाइन कार्य की आड़ में चल रहे अवैध गैस भंडारण का पर्दाफाश हुआ, जिसमें टीम ने दो युवकों को रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुरहेना निवासी बिजय कुमार गुप्ता पिता राजेंद्र साव और शकिल आरजू उर्फ गुड्डु खान पिता तबारक हुसैन के रूप में हुई है, जिनके पास से भारी मात्रा में भरे और खाली सिलेंडर बरामद किए गए हैं।प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि इस सघन तलाशी अभियान के दौरान बिजय कुमार गुप्ता के ठिकाने से बीपीसीएल के सात भरे हुए घरेलू सिलेंडर और एचपीसीएल के चालीस खाली सिलेंडर जब्त किए गए, जबकि शकिल आरजू के यहां से तीन खाली सिलेंडर और एक संदिग्ध


छापेमारी के दौरान एमओ के साथ पुलिस बल

रजिस्टर बरामद हुआ है। पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि ये आरोपी गया जिले की किसी गैस एजेंसी से साठगांठ कर अवैध रूप से सिलेंडरों की आपूर्ति प्राप्त करते थे और बिना किसी वैध लाइसेंस के उन्हें जमा कर ऊंचे दामों पर बेचते थे। सूत्रों के अनुसार, यह गिरोह घरेलू उपयोग के सस्ते सिलेंडरों को अवैध रूप से रिफिल कर या सीधे तौर पर होटलों, रेस्टोरेंट और ढाबों में व्यावसायिक उपयोग के लिए खपाता था, जिससे सरकार को राजस्व की क्षति होने के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं के हक पर भी डाका डाला जा रहा था। कार्रवाई के दौरान रजौली थाने के सहायक अवर निरीक्षक संजीव कुमार मंडल और सशस्त्र बल की मौजूद थे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शकिल आरजू के पास से मिले रजिस्टर में अवैध वितरण के पुख्ता साक्ष्य मिले हैं, हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही वह कई सिलेंडरों को वहां से हटाने में कामयाब रहा। विभाग ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग और अवैध रिफिलिंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सक्रिय सहयोग की अपील की है ताकि ऐसे कालाबाजारी करने वाले तत्वों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रखी जा सके और क्षेत्र में रसोई गैस की सुचारू व पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि घरेलू गैस की कालाबाजारी करने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

**समाजसेवा का एक स्तंभ हुआ खामोश**

## नही रहे पैक्स अध्यक्ष शीतल प्रसाद



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत बागी बगडीहा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सह प्रख्यात समाजसेवी *शीतल प्रसाद* का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने नवादा स्थित कन्हाई नगर स्थित अपने आवास पर मंगलवार की रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

**अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़:** जैसे ही उनके निधन की सूचना लोगों तक पहुंची, उनके आवास पर शुभचिंतकों, ग्रामीणों और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई अपने प्रिय नेता और समाजसेवी के अंतिम दर्शन के लिए व्याकुल दिखा। लोगों की आंखें नम थीं और जुबां पर बस एक ही बात"ऐसा इंसान फिर मिलना मुश्किल है।"

**भाइयों में था अपार स्नेह :** शीतल प्रसाद तीन भाइयों में मझले भाई थे अलग होने के बाबजूद सभी भाइयों और परिवार के बीच स्नेह और प्रेम प्रगाढ था। भाई बसंत प्रसाद केशव कपूर मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक है, बड़े भाई गावं में किसान हैं।ग्रामीणों ने बताया की नवादा में रहने के बाबजूद हमेशा गावं और ग्रामीणों से जुड़े रहे।

**गांव में नम आंखों से दी गई विदाई:** उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बागी बगडीहा में किया गया, जहां हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके ज्येष्ठ पुत्र ने नम आंखों से उन्हें मुखाग्नि दी। उस क्षण पूरा माहौल गमगीन हो उठा—हर दिल भारी था, हर आंख नम।

**सादगी और सेवा की मिसाल थे शीतल प्रसाद:** शीतल प्रसाद सिर्फ एक पैक्स अध्यक्ष नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए सहारा थे। उन्होंने हमेशा गांव और क्षेत्र के विकास, गरीबों की मदद और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनकी सादगी, सहजता और लोगों के प्रति समर्पण उन्हें खास बनाता था।

**गांव में छाया मातम:** उनके निधन से बागी बगडीहा ही नहीं, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। गांव के बुजुर्ग हों या युवा, हर कोई उनके जाने से खुद को असहाय महसूस कर रहा है। लोग उन्हें एक ऐसे इंसान के रूप में याद कर रहे हैं, जो हर दुख-सुख में साथ खड़ा रहता था। आज शीतल प्रसाद अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें, उनके कार्य और उनका स्नेह हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, नागेंद्र कुशवाहा, अशोक महतो, पूर्व विधायक प्रदीप महतो, सुंदर कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष मनोज मुखिया,पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र यादव संजय यादव, रविकांत वर्मा, रामबालक यादव, राजीव सिन्हा, बैजनाथ प्रसाद कुशवाहा, शैलेंद्र मुखिया, यमुना प्रसाद, विक्की कुशवाहा, डॉक्टर शैलेंद्र प्रसाद, डॉक्टर मनोज कुमार,डॉक्टर ओमप्रकाश, अधिवक्ता नीतीश मेहता, सोनू कुशवाहा सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा की विचारधारा से सुसज्जित हुए अमावां के कार्यकर्ता,दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- रजौली विधानसभा के अमावां मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जुटे सैकड़ों निष्ठावान कार्यकर्ता

**रजौली।** रजौली विधानसभा अंतर्गत अमावां मंडल में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक सुदृढ़ीकरण हेतु आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम 2026' उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।इस गौरवशाली कार्यक्रम की कमान अमावां मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार गुड्डू ने संभाली,जिनकी अध्यक्षता में संपूर्ण आयोजन को एक नई दिशा प्राप्त हुई।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं के भीतर वैचारिक स्पष्टता लाना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना रहा।विभिन्न सत्रों में विभाजित इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी के कद्दावर वक्ताओं ने अपनी ओजस्वी वाणी से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। मुख्य वक्ता के रूप में रंजन कुमार बब्लू, गौरव गगन


बैठक में मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्तागण

शांडिल्य, निशा राजबंशी, मृत्युंजय कुमार सिंह, विकास सोलंकी और रुद्र प्रताप सिंह ने अलग-अलग विषयों पर गहरा प्रकाश डाला। इन वक्ताओं ने न केवल भाजपा की अंत्योदय की नीति को विस्तार से समझाया, बल्कि कार्यकर्ताओं को जन-जन तक सरकार की उपलब्धियां पहुंचाने का मार्ग भी दिखाया।संगठन की गरिमा को बरकरार रखते हुए प्रत्येक सत्र का संचालन विशिष्ट अध्यक्षों की देखरेख में हुआ, जिनमें बिपिन कुमार सिंह, उपेन्द्र राजहंस, कृष्णकान्त पाण्डेय दीक्षित, प्रमोद त्रिवेदी, रेणु देवी और बिंदा प्रसाद निराला ने कुशलतापूर्वक अपनी भूमिकाओं का निर्वहन किया। कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें मंडल कार्यसमिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।प्रशिक्षण के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के मार्ग पर चलते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं अभेद्य बनाएंगे। कार्यक्रम का समापन 'जय जय भाजपा' के नारों के साथ हुआ, जिससे पूरा परिसर गूंज उठा। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमावां मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए निरंतरता और समर्पण के साथ कार्य करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## रामनवमी शोभायात्रा से पूर्व कौआकोल में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** रामनवमी के अवसर पर बुधवार को कौआकोल प्रखण्ड में प्रस्तावित शोभा यात्रा को लेकर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर कौआकोल बाजार होते हुए जोगाचक-बीझो मार्ग से रानीबाजार तक गया और पुनः थाना पहुंचकर समाप्त हुआ। मार्च के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पूरे क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी गई,ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। इस दौरान पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर एवं थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने आम लोगों से शांति बनाए रखने और आपसी भाईचारे के साथ शोभा यात्रा को सफल बनाने की अपील की। मौके पर अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार,एसआई सुजाता कुमारी समेत थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## नीरज गैस एजेंसी पर गैस नहीं देने का लगा आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेतिया।** बेतिया में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है। शहर के नीरज गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर देने में आनाकानी करने का गंभीर आरोप लगाया है। जिससे लोगों के घरों में चूल्हा तक नहीं जल रहा है। खाना बनाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले में पीड़ित उपभोक्ता नेहा श्रीवास्तव के पति मोहन कुमार ने बताया कि गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग कराई गई थी और 17 तारीख को ओटीपी भी गिर गया लेकिन इसके बावजूद अब तक उनके घर गैस सिलेंडर नहीं पहुंचाया गया। इसके बाद उन्होंने नीरज गैस एजेंसी से संपर्क कर गैस देने की बात कही, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिला। पीड़ित ने बताया कि वह परेशान होकर एसडीएम कार्यालय में शिकायत की। वहां से उसे कहा गया कि "लिखित आवेदन दीजिए, इस पर देखते हैं।" इसके बाद पीड़ित ने लिखित आवेदन भी दिया, साथ ही एसडीएम के कहने पर आवेदन की प्रति व्हाट्सएप पर भी भेज दी। लेकिन शिकायत के बाद भी कई दिन बीत गए, लेकिन अब तक गैस सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचा। पीड़ित का दावा है कि करीब 14 दिन बीत जाने के बाद भी वह गैस के लिए दर-दर भटक रहा है।लेकिन अब तक गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। पीड़ित ने नीरज गैस एजेंसी और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार यह दावा करती है कि हर घर तक गैस पहुंचाई जाएगी, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही नजर आ रही है।अब यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं लोगों में नाराजगी बढ़ती हि जा रही है।



# गयाजी में भगवान महावीर जयंती पर शोभा यात्रा निकली, 'अहिंसा परमो धर्म' के नारों से शहर गूंजा

### लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शहर के प्रमुख जैन मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें जैन समाज के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभा यात्रा गाजे-बाजे, ध्वज-पताकाओं और भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ी, जिससे पूरा शहर भक्तिमय माहौल में रंग गया। इसमें शामिल श्रद्धालु 'अहिंसा है परमो धर्म' के नारे लगा रहे थे। महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर यात्रा में शामिल हुए, जो सांस्कृतिक और धार्मिक एकता का प्रतीक था। जिस-जिस मार्ग से शोभा यात्रा गुजरी, वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और नागरिकों ने श्रद्धापूर्वक इसका स्वागत किया।

**अहिंसा, सत्य-शांति का संदेश दिया था:** स्थानीय श्रद्धालु राजन कुमार जैन ने इस अवसर पर बताया कि भगवान महावीर ने पूरी दुनिया को अहिंसा, सत्य और शांति का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व के कई देश संघर्ष और हिंसा में उलझे हुए हैं, तब महावीर के सिद्धांतों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उनके अनुसार, अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज में शांति और सौहार्द स्थापित किया जा सकता है। महिला श्रद्धालु शिवानी जैन ने कहा कि भगवान महावीर की जयंती जैन समाज के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है।





इस दिन को लेकर समाज में विशेष उत्साह रहता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी शोभायात्राएं न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करती हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी देती हैं। शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन और जैन समाज के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**सुरक्षा के मद्देनजर भी पर्याप्त इंतजाम किए गए:** सुरक्षा के मद्देनजर भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से खत्म हुआ। भगवान महावीर जयंती के इस अवसर पर गया शहर में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समाज को अहिंसा, प्रेम और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में बेटों के बाद बेटियों का कमाल, नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सिल्वर-कांस्य पदक




**गयाजी।** गयाजी जिले के तीरंदाजों का नेशनल स्तर पर शानदार प्रदर्शन जारी है। पहले लड़कों ने मेडल जीते, अब बेटियों ने भी मैदान में अपना दम दिखाया है। अंडर-10 वर्ग में बालिका तीरंदाजों ने सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। आंध्रप्रदेश के गुंटूर में चल रही सातवीं एनटीपीसी चेरूकुरी वोल्गा मेमोरियल किड्स अंडर-10 ओपन नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में यह सफलता मिली है। छोटी कुमारी ने अंडर-10 इंडियन राउंड में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके बाद सोमवार को आराध्या भारती ने अंडर-10 रिकर्व (ओलंपिक) राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। बिहार आर्चरी कोच जयप्रकाश ने बताया कि गयाजी के खिलाड़ियों ने अब तक इस प्रतियोगिता में कुल 6 पदक अपने नाम किए हैं। लड़कों ने अंडर-13 इंडियन और रिकर्व राउंड में 3 गोल्ड और 1 कांस्य जीता है। लड़कियों ने अंडर-10 में 1 सिल्वर और 1 कांस्य पदक हासिल किया है। कोच ने बताया कि अंडर-15 इंडियन और रिकर्व राउंड के मुकाबले अभी बाकी हैं। ऐसे में और पदक गयाजी की झोली में आने की उम्मीद बनी हुई है। खिलाड़ियों का न केवल मनोबल ऊंचा है बल्कि प्रदर्शन भी बेहतर हो रहा है। इस सफलता का श्रेय बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र शंकरण को दिया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, जिसका असर मैदान में दिख रहा है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मगध आर्चरी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रतन कुमार, कोषाध्यक्ष अंजय कुमार समेत कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### सीयूएसबी का दमदार प्रदर्शन, फिजिक्स के 5 छात्रों ने लहराया परचम, रितिका का ऑल इंडिया रैंक 800



**गयाजी।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के 5 छात्रों ने गेट-2026 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। फिजिक्स विभाग की छात्रा रितिका ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 800 हासिल की है। सूर्यबार्ता साहा ने 975वीं रैंक, पुष्पक बनर्जी को 1376, अभिषेक तिवारी को 1610 और सुबोध कुमार को 2590वीं रैंक मिली है। इस सफलता को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह और कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी। कुलपति ने साफ कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों की बेहतर मेंटरशिप का भी परिणाम है। शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इसे टीम वर्क की सफलता बताया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी मुदस्सीर आलम, फिजिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह समेत सभी शिक्षकों ने छात्रों के प्रदर्शन पर गर्व जताया है। विभाग के प्रो. वेंकटेश सिंह, प्रो. विजय राज सिंह, डॉ. अखिलानंद कुमार, डॉ. रोहित रंजन शाही, डॉ. नितिन चंद्रा, डॉ. लखविंदर सिंह और डॉ. पुनीत मिश्रा ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना की। गौर करने वाली बात यह भी है कि इस बार सीयूएसबी के 50 से ज्यादा छात्रों ने गेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इससे यह साफ है कि विश्वविद्यालय का अकादमिक माहौल लगातार बेहतर हो रहा है और यहां के छात्र बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

### 14.742 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गोपालगंज।** गोपालगंज पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए नगर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 14.742 किलोग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने अगरवा मोड़ के पास पुल के नीचे संदिग्ध हालत में खड़े युवक को दबोच लिया। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राघव मिश्रा (जिला दरभंगा) बताया और स्वीकार किया कि वह ट्रॉली बैग में गांजा लेकर आ रहा था। तलाशी के दौरान दो ट्रॉली बैग से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश के लिए जांच तेज कर दी गई है।

### गाली-गलौज व मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**भोरे/गोपालगंज।** भोरे थाना क्षेत्र के नरूचकरवा गांव में दबंगों द्वारा एक दलित परिवार के साथ जातिसूचक गाली-गलौज एवं मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित सिंहासन राम ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, उनके पुत्र द्वारा हाल ही में स्कॉर्पियो वाहन खरीदा गया है, जिससे गांव के कुछ लोगों को आपत्ति थी। इसी बात को लेकर गांव के ही अरुण शुक्ला, विष्णुदेव शुक्ला, आदर्श शुक्ला, अंश शुक्ला एवं उदगम शुक्ला ने उनके दरवाजे पर पहुंचकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर दी, जिससे सिंहासन राम गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि आदर्श शुक्ला ने जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से वार किया, जो उनकी दाहिनी आंख पर लगा। घटना के बाद उन्हें आंख में काफी दर्द और चोट की शिकायत है। शोर सुनकर गांव के ही मिंटू कुशवाहा और छोटेलाल राम मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर पीड़ित को बचाया। घटना के बाद पीड़ित ने भोरे थाना में आवेदन देकर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## गयाजी में हाईवा ने युवक को कुचला, अस्पताल में मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में एक सड़क हादसे में 35 साल के युवक की मौत हो गई। यह घटना आज चंदौती थाना क्षेत्र के गया-पंचानपुर मुख्य सड़क मार्ग पर कोसमा गांव के पास हुई। मृतक की पहचान पंचानपुर थाना अंतर्गत दरियापुर गांव निवासी अजय यादव के रूप में की गई है।

अजय यादव अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से गया शहर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कोसमा गांव के पास उन्होंने सड़क किनारे अपनी गाड़ी रोकी और किसी से फोन पर बात करने लगे। तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात हाईवा गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और कुचलते हुए आगे बढ़ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**इलाज के दौरान गई जान:** हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से अजय यादव को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।




घटना की जानकारी मिलते ही बिहार पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। चंदौती थाना अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि अज्ञात हाईवा वाहन की पहचान करने और उसे पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी गाड़ीका पता लगाया जा सके। अजय यादव अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी असामयिक मौत से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।

## गयाजी में लद्दाख के राज्यपाल का आध्यत्मिक दौरा, विष्णुपद में टेका माथा, बोधगया में की पूजा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में आज आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला। केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना अपनी धर्मपत्नी के साथ गयाजी पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने भगवान विष्णु की चरणस्थली विष्णुपद मंदिर में माथा टेका और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में उन्होंने अभिषेक किया। तुलसी को जल अर्पित किए। बता दें कि भगवान विष्णु को तुलसी जल सबसे प्रिय है। तीर्थ पुरोहितों से मंदिर के इतिहास और उसकी धार्मिक महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति की ओर से उन्हें भगवान विष्णु का पवित्र चरण चिन्ह भेंट किया गया।

इसके अलावा राज्यपाल सपत्नीक बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर पहुंचे। यहां बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से पारंपरिक खादा ओढ़ाकर उनका स्वागत किया गया। मंदिर के गर्भगृह में उन्होंने श्रद्धा के साथ पूजा की। पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे भी ध्यान लगाया और प्रार्थना की।





**भिक्षुओं ने सूत्रपाठ किया:** पूरे माहौल में आध्यात्मिक शांति साफ महसूस हो रही थी। भिक्षुओं ने सूत्रपाठ किया। राज्यपाल और उनकी धर्मपत्नी को आशीर्वाद दिया गया। राज्यपाल ने विजिटर बुक में अपने अनुभव भी लिखे। उन्होंने कहा कि बोधगया आना उनके लिए बेहद खास पल है। भगवान बुद्ध के दर्शन की इच्छा लंबे समय से थी। आज पूरी हुई। उन्होंने लिखा कि इस पवित्र स्थल की दिव्यता से वे अभिभूत हैं और भगवान बुद्ध से विश्व शांति की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में बीटीएमसी की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह दिए गए। इसमें महाबोधि मंदिर की प्रतिकृति, बोधि वृक्ष का पत्ता, बौद्ध कला से जुड़ी पुस्तकें और कैलेंडर शामिल थे। प्रस्थान के दौरान राज्यपाल ने बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति की व्यवस्था और प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्था अनुकरणीय है। पूरे दौरे के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, मंदिर समिति के सदस्य और भिक्षु मौजूद रहे।

## शादीशुदा महिला से बीच सड़क गैंगरेप की कोशिश, वीडियो बनाया, पीड़िता बोली- 3 लोगों ने पकड़ा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** बिहार के नालंदा में एक शादीशुदा महिला के साथ सरेआम गैंगरेप की कोशिश की गई। बीच सड़क कुछ बदमाशों ने महिला को गलत ढंग से पकड़ लिया। रेप की कोशिश का बदमाशों ने वीडियो भी बनाया। महिला ने जब थाने में इसकी शिकायत की तो आरोपियों ने गंदा वीडियो वायरल कर दिया। मामला सीएम नीतीश के गृह जिले नालंदा के नूरसराय थाना इलाके का है। पीड़िता ने थाने में शिकायत की है। पुलिस ने 2 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**राशन लेने गई थी, 3 लोगों ने पकड़ा:** महिला शादीशुदा है। उसके 2 बच्चे हैं। उसका पति रोजगार के सिलसिले में महाराष्ट्र के नासिक में रहता है। वो अपने सास-ससुर के साथ नूरसराय थाना इलाके के एक गांव में रहती है। महिला के मुताबिक 26 मार्च की शाम वो घर से राशन लाने के लिए निकली। राशन लेकर वो घर लौट रही थी, तभी गांव के ही तीन लड़कों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उसे पकड़ लिया। तीनों ने उसके साथ रेप करने की कोशिश की, लेकिन महिला ने किसी तरह खुद को बचा लिया।



**वायल वीडियो में क्या है:** घटना 26 मार्च की है। महिला ने 27 मार्च को थाने में केस किया। केस करने के बाद आरोपियों ने वीडियो को वायरल कर दिया। 42 सेकेंड के वीडियो को 3 क्लीप में वायरल किया गया। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है। कुछ लड़के एक महिला को गंदे ढंग से पकड़कर ले जा रहे हैं। महिला बार-बार छोड़ने की गुहार लगा रही है, लेकिन सभी आरोपी उसे छोड़ने को तैयार नहीं होते। वो अपने साथियों से कहते हैं कि इसका वीडियो बनाओ। इस दौरान महिला को पकड़े आरोपी भद्दी-भद्दी गालियां भी दे रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि, आरोपियों के साथ पीछे बड़ी संख्या में लोग चल रहे हैं।

**दोषियों को किसी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा:** सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि, पुलिस की विशेष टीम ने गांव में छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान अशोक यादव और महालू महतो उर्फ नवनीत कुमार नरोत्तम के तौर पर हुई है। तीसरे नामजद आरोपी रविकांत कुमार की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

**मुख्यमंत्री जी, लानत है आपके कानून के राज पर: रोहिणी:** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्या ने सोशल मीडियो X पर लिखा, 'नीतीश कुमार जी .. आप बिहार को दुशासनी राज के तांडव का दर्द दे कर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी, आपके ही गृह जिले नालंदा में मानवता को शर्मसार करने, स्त्री अस्मिता को तार-तार कर देनी वाली घटना को बिना कानून के किसी खौफ के असामाजिक तत्वों और दुराचारियों के द्वारा सरेआम सड़क पर अंजाम दिया गया। फिर पूरे दुःसाहस के साथ वीडियो बना कर वायरल कर दिया गया। लानत है कानून के राज, महिला सुरक्षा के संदर्भ में आपके तमाम दावों पर .. मुख्यमंत्री जी .. उम्मीद है आप खुद को जबरन बिहार से रुखसत किए जाने के सदमे से उबर गए होंगे और आपको ये पता होगा कि आपके ही गृह जिले में घर का राशन ले कर लौट रही एक विवाहित महिला के साथ ये शर्मनाक वाकया हुआ है।

## गयाजी में बंद पड़े गोदाम में अचानक लगी आग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में आज सालों से बंद पड़े एक गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते गोदाम से धुआं और लपटें उठने लगीं। आसपास के ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। घटना मेडिकल थाना क्षेत्र के खटकाचक नैली स्थित मध्य विद्यालय के पास की है। आग लगने की वजह की जांच पड़ताल की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि बीड़ी सिगरेट पीने वाले किसी व्यक्ति ने माचिस की तिल्ली गोदाम में फेंका होगा, जिसके बाद गोदाम में आग लगी होगी।

**किसानों का नुकसान होने से बचा:** सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। राहत की बात रही कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। आसपास के खेतों तक आग की लपटें नहीं पहुंची, नहीं तो किसानों को भी बड़ा नुकासान उठाना पड़ता। स्थानीय सन्तोष सिंह ने बताया कि यह गोदाम कई सालों से बंद पड़ा था और अब पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका था। इस गोदाम के मालिक पर भी वर्षों से नजर नहीं पड़ी है। इसी खंडहर में अचानक आग की लपटें उठती दिखीं, जिसके बाद लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी।



आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि गोदाम में जमा कचरा या सूखी सामग्री के कारण आग भड़की हो सकती है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## गयाजी में 281 पेंशनभोगियों की रुकी पेंशन जारी होगी, 281 लाभार्थियों को राहत मिली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गयाजी में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 281 लाभार्थियों को राहत मिली है। तकनीकी गलती के कारण लंबे समय से रुकी हुई उनकी पेंशन अब फिर से शुरू की जाएगी। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने आज इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अलग-अलग प्रखंडों में कुल 281 पेंशनभोगियों की पेंशन किसी न किसी तकनीकी गलती के कारण बाधित हो गई थी। इनमें इमामगंज के 37, खिजरसराय के 11, वजीरगंज के 48, बोधगया के 15, गुरुआ के 21, बांकेबाजार के 20, शेरघाटी के 29, नगर क्षेत्र के 13, बाराचट्टी के 22, अतरी के 5, मोहनपुर के 15, टनकुप्पा के 2, गुरारू के 9, डोभी के 22, कोंच के 4 और परैया के 8 लाभार्थी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को तत्काल निर्देश दिए। उन्होंने सभी लंबित मामलों में गलती सुधार कर पेंशन को अविलंब चालू कराने को कहा है। प्रशासन ने इस दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है, ताकि लाभार्थियों को अब और परेशानी न हो। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि पेंशन फिर से चालू होते ही सभी लाभार्थियों को उनकी पहले से रुकी हुई पूरी पेंशन राशि एकमुश्त उनके बैंक खातों में भेज दी जाएगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाता है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने और भविष्य में ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस पहल को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



## गयाजी में नगर निगम ने दिए जांच के आदेश, कहा- बंद टॉयलेट के लिए भुगतान नहीं होनी चाहिए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया में आम जनता की सुविधा के लिए लगाए गए बायो और फेब्रिकेटेड टॉयलेट के रखरखाव में अनियमितता सामने आई है। आरोप है कि कई स्थानों पर टॉयलेट बंद होने के बावजूद उनके रखरखाव और सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रुपये का भुगतान एक एजेंसी को किया जा रहा है। नगर आयुक्त कुमार अभिषेक पलासिया ने कहा कि नगर निगम की ओर से केवल सार्वजनिक स्थानों पर स्थित टॉयलेट के रखरखाव का भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी बंद या निजी परिसर में भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कराई जाएगी और यदि बिना उपयोग के भुगतान पाया गया, तो संबंधित एजेंसी से राशि की वसूली के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह मामला नगर निगम की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करता है। यदि बंद परिसरों में भी नियमित भुगतान हो रहा है, तो यह स्पष्ट है कि न तो फील्ड स्तर पर निरीक्षण हो रहा है और न ही भुगतान से पहले सत्यापन की कोई प्रभावी व्यवस्था है। इससे न केवल सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है, बल्कि आम जनता की सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं।



**थाना की पुरानी इमारत पिछले एक साल से बंद पड़ी:** विष्णुपद थाना परिसर 13 जनवरी 2025 को नई बिल्डिंग में स्थानांतरित हो चुका है और इसकी पुरानी इमारत पिछले एक साल से बंद पड़ी है। इसके बावजूद, वहां स्थापित दो फेब्रिकेटेड टॉयलेट के लिए नगर निगम हर महीने 36,312 रुपये का भुगतान कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस बंद परिसर में कोई सफाईकर्मी नहीं आता, जिससे यह स्पष्ट होता है कि भुगतान केवल कागजों पर किया जा रहा है।

**कुल सालाना खर्च लगभग 1.74 करोड़ रुपये:** नगर निगम ने शहर के 80 स्थानों पर कुल 67 फेब्रिकेटेड और 13 बायो-टॉयलेट लगाए गए थे। इन टॉयलेट के रखरखाव पर प्रति यूनिट प्रति माह 18,166 रुपये का खर्च दिखाया जा रहा है। इस गणना के अनुसार, कुल सालाना खर्च लगभग 1.74 करोड़ रुपये तक पहुंचता है। हालांकि, जमीनी हकीकत इससे अलग है। कई स्थानों पर न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही इन टॉयलेट के लिए कोई कर्मचारी तैनात है। स्थानीय पार्षदों और नागरिकों ने निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस को नया जिला अध्यक्ष मिला

**अररिया।** अररिया जिले में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने मोहम्मद मासूम रजा को जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार बधाई संदेश और शुभकामनाएं दे रहे हैं। मोहम्मद मासूम रजा लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय और निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने छात्र राजनीति से जुड़कर एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस में विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां निभाई हैं। पार्टी के सिद्धांतों के प्रति उनकी निष्ठा और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**अररिया जिले में कांग्रेस का जनाधार मजबूत होगा:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि मासूम रजा के नेतृत्व में अररिया जिले में कांग्रेस का जनाधार मजबूत होगा और संगठन को नई दिशा मिलेगी। यह नियुक्ति पार्टी के लिए नई ऊर्जा का संचार करेगी। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव आबिद हुसैन अंसारी ने कहा, 'इस बार अररिया जिले में युवा जिला अध्यक्ष मासूम रजा को कमान सौंपी गई है। साथ ही अन्य अनुभवी नेताओं को भी जिम्मेदारी दी गई है। निश्चित रूप से मासूम रजा के अध्यक्ष बनने से पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और मजबूत होगा। युवा नेतृत्व के साथ अनुभव का मिश्रण कांग्रेस को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।'

**मासूम रजा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया:** अपनी नियुक्ति पर मोहम्मद मासूम रजा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और बिहार कांग्रेस नेतृत्व के विश्वास को सार्थक बनाएंगे। उन्होंने संकल्प लिया कि उनका प्रयास रहेगा कि जिले के हर ब्लॉक, प्रखंड और गांव स्तर पर संगठन को मजबूत किया जाए। कांग्रेस की विचारधारा - समावेश, सामाजिक न्याय और विकास - को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। क्षेत्र के युवाओं, किसानों, महिलाओं और अल्पसंख्यक समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए योजनाबद्ध कार्य किए जाएंगे।

**पार्टी आगामी चुनावों और स्थानीय मुद्दों पर सक्रिय रहेगी:** कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी आगामी चुनावों और स्थानीय मुद्दों पर सक्रिय रहेगी। अररिया जैसे सीमांचल क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार बढ़ाने के लिए मासूम रजा के पास अनुभव है। कार्यकर्ता उम्मीद कर रहे हैं कि उनके कार्यकाल में पार्टी की जमीनी गतिविधियां बढ़ेंगी और संगठन में नई जान फूंक दी जाएगी।

### कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष बने राजेश कुमार मिश्रा

**मुंगेर।** कांग्रेस पार्टी ने मुंगेर में राजेश कुमार मिश्रा को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने अशोक कुमार पासवान का स्थान लिया है। मिश्रा मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड के मुलुकटांड़ गांव के निवासी हैं। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने फोन पर बताया कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उस पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगे। मिश्रा ने अपने राजनीतिक सफर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे 1991 से कांग्रेस छात्र संगठन से जुड़े रहे हैं। वर्ष 2018 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी द्वारा दी गई कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाया।

**बिहार यात्राओं में संयोजक की मिली थी जिम्मेदारी:** उन्होंने राहुल गांधी परिवार से कई बार मिलने का भी जिक्र किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता मदन मोहन झा ने भी उन पर विश्वास जताते हुए कई रैलियों और बिहार यात्राओं में उन्हें यात्रा संयोजक की जिम्मेदारी दी थी। पिछले लोकसभा और बिहार विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने पार्टी के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां संभालीं। उनके समर्पण और कार्य को देखते हुए उन्हें मुंगेर जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को राजद नेता गजेंद्र कुमार हिमांशु, सायरा बानो और कांग्रेस नेता रामू सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

**10 सालों से कर रहे समाज सेवा:** यह भी उल्लेखनीय है कि राजेश कुमार मिश्रा ने वर्ष 2020 में तारापुर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। यह क्षेत्र वर्तमान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का है। पिछले लगभग 10 वर्षों से वे अपने क्षेत्र में लगातार समाज सेवा कर रहे हैं। वे स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण कर उन्हें प्रोत्साहित करने का काम करते आ रहे हैं।

### मैट्रिक में दोबारा फेल होने पर खाया जहर

**भागलपुर|** बरियारपुर में मैट्रिक की परीक्षा में लगातार दूसरी बार असफल होने पर एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की। परीक्षा परिणाम आने के बाद से ही छात्रा गहरे मानसिक तनाव में थी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे आनन-फानन में भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया। छात्रा का कहना है कि दोबारा फेल होने के कारण वह पूरी तरह टूट चुकी थी।

### शाखा को प्रांतीय स्तर पर 6 और राष्ट्रीय स्तर पर 2 पुरस्कार मिले

**भागलपुर|** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति, भागलपुर शाखा की बैठक में पिछले दो वर्षों के सफल कार्यकाल की समीक्षा के साथ नई टीम का चयन किया गया। निवर्तमान अध्यक्षा मीनू सालारपुरिया के नेतृत्व में शाखा ने अभूतपूर्व प्रगति की, जिसके लिए उसे प्रांतीय स्तर पर 6 और राष्ट्रीय स्तर पर 2 पुरस्कार मिले। मीनू सालारपुरिया को अब प्रांत में आंचल प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। सत्र 2026-28 के लिए संध्या महेशका को अध्यक्ष, मीरा टिंबरेवाल को सचिव और विभा मैरोडिया को कोषाध्यक्ष चुना गया है। बैठक में निवर्तमान सचिव मीना अग्रवाल ने रिपोर्ट प्रस्तुत की और अनुपम शर्मा ने आय-व्यय का विवरण दिया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार सौंपा गया।

### मंजूषा कला की बारीकियों को सीखने भागलपुर पहुंचे निफ्ट शिलांग के छात्र

**भागलपुर|** जीरोमाइल स्थित रेशम भवन में आयोजित 50 दिवसीय मंजूषा पेंटिंग गुरु-शिष्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोमवार को विशेष हलचल रही। मंजूषा कला को गहराई से समझने के लिए मेघालय के शिलांग निफ्ट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी) के विद्यार्थी यहां पहुंचे। उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान और भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लोक कला की बारीकियों को जाना। प्रशिक्षण के दौरान आज प्रतिभागियों की प्रायोगिक परीक्षा (प्रैक्टिकल एग्जाम) का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षक मनोज कुमार पंडित के नेतृत्व में अनुकृति कुमारी ने परीक्षा का सफल संचालन किया। चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ अपनी प्रैक्टिकल कॉपियां जमा कीं और कलाकृतियां बनाईं। निफ्ट के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गए मंजूषा परिधानों और पेंटिंग का अवलोकन किया। कार्यक्रम में सुरभि सुमन, सुप्रिया, खुशबू, सलेहा, शालिनी, मानवी, नुसरत और विवेक कुमार शाह सहित कई प्रतिभागी मौजूद रहे। इस अनुभव से निफ्ट के छात्र काफी उत्साहित नजर आए।

### परम धर्म केवल भगवान गोविंद की प्राप्ति है

**बेगूसराय|** शहर के विष्णुपुर स्थित हनुमान नगर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति में सराबोर रहा। कार्यक्रम में श्रीमद भागवत महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के दौरान प्रिया किशोरी जी (वृंदावन धाम) एवं पूज्य घनश्याम दास जी महाराज ने बताया कि सनक ऋषि द्वारा पूछे गए छह महत्वपूर्ण प्रश्नों में धर्म के उद्देश्य और परम धर्म के स्वरूप पर विशेष चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि परम धर्म केवल भगवान गोविंद की प्राप्ति है, जो निस्वार्थ भाव से ही संभव है। कथावाचकों ने श्रीमद भागवत की रचना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नारद जी की प्रेरणा से व्यास जी ने चार मूल श्लोकों को विस्तार देते हुए 18,000 श्लोक, 335 अध्याय और 12 स्कंधों में इसे संकलित किया। कथा में राजा परीक्षित की कथा का भी उल्लेख हुआ, जिसमें बताया गया कि श्रृंगी ऋषि ने अपने पिता के अपमान से आहत होकर राजा परीक्षित को श्राप दिया था कि सर्प के डसने से उनकी मृत्यु होगी।

# महावीर जयंती के अवसर पर भक्ति में डूबा भागलपुर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में भगवान महावीर जयंती के अवसर पर आज शहर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ अलग-अलग कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। दिनभर चले धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों ने पूरे शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह स्टेशन चौक स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर में प्रार्थना सभा के साथ हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान महावीर के सिद्धांत अहिंसा, सत्य और करुणा का स्मरण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो स्टेशन चौक से शुरू होकर दवाई पट्टी, कोतवाली चौक, खलीफाबाग चौक, सुजागंज बाजार और वेराइटी चौक होते हुए फिर से स्टेशन चौक पहुंचकर खत्म हुई। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। पूरे मार्ग में "अहिंसा परम धर्म" और "जीओ और जीने दो" जैसे नारों के साथ भक्ति गीतों से वातावरण गूंजायमान रहा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत कर पुष्पवर्षा भी की गई।

**बच्चों और युवाओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं:** दोपहर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, भागलपुर की ज्ञानशाला के बच्चों ने भगवान महावीर के जीवन पर सुंदर प्रस्तुति दी। तेरापंथ महिला मंडल की सदस्यों ने उनके मुख्य दर्शन पर भावपूर्ण प्रस्तुति प्रस्तुत की। अंत में इच्छा सेठिया ने नृत्य के माध्यम से अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति देकर दर्शकों की सराहना बटोरी। कार्यक्रम के अंत में भगवान महावीर के जीवन और उपदेशों पर आधारित प्रेरणादायक वीडियो क्लिप भी प्रदर्शित किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया। सांध्यकाल में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत के माध्यम से भगवान महावीर की आराधना करेंगे। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष विनोद बैद, मंत्री अभिषेक कुमार जैन, कोषाध्यक्ष अमृत बैताला, जैन श्वेतांबर श्रीसंघ के अध्यक्ष तरुण साहिला, सचिव रविंद्र भंडारिया, संयुक्त सचिव प्रभाकर भंडारिया, कोषाध्यक्ष राजीव सिपानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बस की चपेट में आया बच्चा मौत, दुकान पर बिस्किट लेने गया था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका।** बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र में अमरपुर-भागलपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। यह घटना कुलहरिया हाट के समीप हुई, जहां एक तेज रफ्तार स्टार बस ने बच्चे को टक्कर मार दी। बच्चा अपनी मां के साथ नानी के घर आया हुआ था। मृतक की पहचान मिर्जा चौकी निवासी 7 वर्षीय प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। प्रिंस अपनी मां कंचन देवी और पिता पंकज मलिक के साथ कुलहरिया गांव में अपने मामा की शादी में शामिल होने आया था। सोमवार को शादी का कार्यक्रम संपन्न हुआ था।

**पास की एक दुकान पर बिस्किट लेने गया था:** मंगलवार को प्रिंस कुमार पास की एक दुकान पर बिस्कुट लेने गया था। इसी दौरान अमरपुर-भागलपुर मुख्य मार्ग से गुजर रही एक तेज रफ्तार स्टार बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में बस को भागलपुर क्षेत्र में पकड़ लिया गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल बच्चे को तुरंत इलाज के लिए भागलपुर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

**किसी को कुछ समझने का मौका ही नहीं मिला:** मृतक के नाना अनिल मलिक ने बताया कि घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को कुछ समझने का मौका ही नहीं मिला। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही मां कंचन देवी सहित पूरे परिवार में शोक छा गया। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा की महिला नेता को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में सोशल मीडिया पर भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को लेकर पोस्ट हुआ। इसको लेकर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी के नेतृत्व में आज कार्यकर्ताओं ने महिला थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि फेसबुक के माध्यम से भाजपा से जुड़ी महिलाओं के बारे में अभद्र, अपमानजनक और अशोभनीय टिप्पणी की गई, जिससे उनके सम्मान को ठेस पहुंची है। इस तरह की पोस्ट न केवल व्यक्तिगत मर्यादा का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक माहौल को भी दूषित करने का प्रयास है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता गोस्वामी ने बताया कि आरोपी की पहचान नाथनगर निवासी अमित आर्यन के रूप में की गई है, जो कथित रूप से आरजेडी समर्थक बताया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति पहले भी इस तरह की विवादित और आपत्तिजनक पोस्ट करता रहा है, जिससे समाज में गलत संदेश जाता है।

**आंदोलन की दी चेतावनी:** सुनीता गोस्वामी ने प्रशासन को सख्त रूप अपनाते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगी। महिलाओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। वहीं, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रीति श्रीवास्तव ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर इस तरह की भाषा का प्रयोग समाज के लिए घातक है और ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई इस तरह की हरकत करने का साहस न कर सके।

# भाई के सिर पर मारा कुदाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में 2 भाइयों में मारपीट हो गई। एक ने दूसरे पर कुदाल से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगी है। घायल की पहचान कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। जिन्हें पहले नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा कि छोटा भाई अपने बड़े भाई के घर के सामने एक कमरा बना रहा था। उसे वो बेचने वाला था। बीच में दीवार देने के विवाद में कुंदन ने अपने पत्नी के साथ मिलकर बड़े भाई कन्हैया कुमार पर कुदाल से हमला कर दिया। दोनों के बीच 1 घंटे तक मारपीट हुई। घटना रंगरा थाना क्षेत्र के भवानीपुर साहू टोला की है।

**पहले भी विवाद चुका है:** कन्हैया की पत्नी लक्ष्मी देवी ने बताया कि इससे पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। घर के सामने कुंदन मकान का निर्माण कर रहा था और उसे बेचने की तैयारी में था, जिसका विरोध किया गया था। इसी को लेकर उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर हमला कर दिया। इससे पहले भी कई बार विवाद कुंदन कर चुका। बदमाशों को हायर कर फायरिंग करवाता है। बताया जाता है कि इलाके में नशे के बड़े पैमाने पर कारोबार होता है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। रंगरा थाना अध्यक्ष बिस्बंधु ने बताया कि घायल को इलाज के लिए भेज दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस का बड़ा दांव, 31 साल के शिव प्रकाश गरीबदास को बनाया जिलाध्यक्ष

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बिहार की राजनीति में कभी लेनिनग्राद कहे जाने वाले बेगूसराय में कांग्रेस ने अपनी सांगठनिक संरचना में एक बड़ा बदलाव किया है। पार्टी आलाकमान ने युवा नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए शिव प्रकाश गरीबदास को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। 31 वर्षीय शिव प्रकाश पिछड़ा वर्ग (यादव) से आते हैं। दिग्गज कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामदेव राय की विरासत के वारिस भी हैं। बेगूसराय कांग्रेस के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी 31 साल के युवा को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिव प्रकाश वर्तमान में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। उनकी नियुक्ति को राजनीतिक समीकरणों और युवाओं को पार्टी से जोड़ने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

**पिता ने हराया था जननायक कर्पूरी ठाकुर को:** शिव प्रकाश गरीबदास को राजनीति विरासत में मिली है। उनके पिता स्वर्गीय रामदेव राय जिले के कद्दावर नेता थे। रामदेव राय 6 बार विधायक रहे और बिहार सरकार में मंत्री की जिम्मेदारी संभाली। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि 1984 के लोकसभा चुनाव में समस्तीपुर सीट से दिग्गज नेता जननायक कर्पूरी ठाकुर को शिकस्त दी थी। शिव प्रकाश को राहुल गांधी की युवा टीम का भरोसेमंद सदस्य माना जाता है। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उनकी सीधी पहुंच दिल्ली दरबार तक है। इसके साथ ही बेगूसराय के रहने वाले जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार के साथ भी उनके बेहद करीबी संबंध हैं। माना जा रहा है कि कन्हैया और शिव प्रकाश की जुगलबंदी जिले में नई चुनौती देने की तैयारी में है।

**मगध विश्वविद्यालय एमकॉम किया है:** 2025 के चुनावी हलफनामे के अनुसार भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित चक्का सहलोरी गांव के रहने वाले शिव प्रकाश गरीबदास एक संपन्न पृष्ठभूमि से आते हैं। इनकी कुल संपत्ति करीब 10.58 करोड़ रुपए है। मुख्य रूप से कृषि और व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। शिवप्रकाश गरीबदास ने मगध विश्वविद्यालय गयाजी से 2017 में M.Com किया है। विपक्ष अक्सर आपराधिक मामलों को लेकर हमलावर रहता है, लेकिन शिव प्रकाश के मामले में स्थिति अलग है। उनके खिलाफ दर्ज करीब 6 मामले किसी गंभीर अपराध के नहीं, बल्कि राजनीतिक आंदोलन, प्रदर्शन और आंदोलन कर सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित हैं। समर्थकों का कहना है कि ये मामले जनता की आवाज उठाने के कारण दर्ज हुए हैं।

**बछवाड़ा से रहा है चुनावी संघर्ष:** शिव प्रकाश ने 2020 में बछवाड़ा विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़कर अपनी ताकत दिखाई थी। इसके बाद 2025 में कांग्रेस ने उन्हें अपना आधिकारिक उम्मीदवार बनाया।

## 72 घंटे का तेरह संग कीर्तन शुरू

**बांका।** बांका जिले के अमरपुर प्रखंड के सलेमपुर गांव में मंगलवार से 72 घंटे का तेरह संग कीर्तन शुरू हुआ है। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं, जिससे पूरे गांव में भक्ति और उल्लास का माहौल है। कीर्तन के दौरान "हरे राम, हरे कृष्ण" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया है। आयोजन स्थल पर विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं। इनमें भगवान राम-लक्ष्मण, माता सीता, राधा-कृष्ण और हनुमान जी सहित कुल छह प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपित की ओर से नीचे उल्लिखित काय के लिए ई–निवदा आमंत्रित की जाती है:– **(1) ई निविदा सं: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन डीओएस–06 दो पैकेट प्रणाली में, (2) कार्य का नाम:** DDU बाईपास लाइन (2.666 KM) के लिए ईस्ट आउटर केबिन (EOC) और फ्लाई ओवर केबिन (FOC) के बीच नई B.G. लाइन का निर्माण।, **(3) कार्य की अनुमानित लागत (रू०)** : 11,58,07,656.86 **(4) बोली प्रतिभूति (रू०)** : 23,16,200.00, **(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 (छः) माह, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 18.04.2026 को 13.00 बजे। कोई भी ई–टेंडर जो डाक/कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजा जाएगा, उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। टेंडर जमा करने के ऐसे सभी मैनुअल तरीके, भले ही वे फर्म के लेटर पैड पर हों या समय पर प्राप्त हुए हों, स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऊपर दिया गया ई–टेंडर दस्तावेज, पूरी जानकारी के साथ, वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **नोट:** टेंडर नोटिस में कोई भी विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जाएगा। टेंडर देने वालों से अनुरोध है कि वे इस ई–टेंडर से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/सुधार आदि के लिए, टेंडर बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएं।

उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
पू० म० रेलवे, डेहरी ऑन सोन।

पीआर/2010/कंस्ट्रक्शन डीओएस/सीओएनटी/टी/25–26/32

# लूट, पटना से आरोपी अरेस्ट, 7 बदमाशों की पहले हो चुकी है गिरफ्तारी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के घोघा थाना क्षेत्र में लूटकांड हुआ था। इस मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस कांड में शामिल सात बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। 31 जनवरी 2026 को मिर्जाचौकी-मुंगेर फोरलेन के पास राहुल कुमार से हथियार का भय दिखाकर मोबाइल फोन और अन्य सामान लूट लिया गया था। घटना के बाद पीड़ित की ओर से घोघा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसे आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

**पटना रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तारी:** पुलिस टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर लगातार कार्रवाई करते हुए आरोपी भादो उर्फ सुनील मंडल को गिरफ्तार किया। उसे पटना रेलवे स्टेशन स्थित महावीर मंदिर के पास से दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिससे इस कांड से जुड़े अन्य फरार बदमाशों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मंगलवार को सिटी SP शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि इस लूटकांड में शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सिटी एसपी ने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले के सफल खुलासे में तकनीकी जांच के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर जुटाए गए इनपुट की भी अहम भूमिका रही है। एसपी ने बताया कि पुलिस बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और किसी भी सूरत में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस**

**सं0–76 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं0–38–डीडीयू–व०म० इंजी०–I–25–26 सहायक मंडल इंजीनियर/II/डीडीयू के अधीन ब्रिज सं० 677,697, और 698के लिए पी०एस०सी स्लैब और जैकेटिंग द्वारा प्लेट गर्डर को बदलना। **(2) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 102912418.09, **(3) धरोहर राशि** : 664600.00, **(4) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 17.04.2026 को 12:00 बजे तक, **(5) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी** : www.ireps.gov.in, **नोट:– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल,
पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/2007/डीडीयू/ईएनजीटी/टी/25–26/28

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 04 ऑफ 2025–26/ बीजीपी, दिनांक 27.03.2026,** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/भागलपुर, पूर्व रेलवे, इस्साचक पी.एस. के पास, पुलिस लाइन के पीछे, डाकघर–भागलपुर–812001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः निविदा सं. : बीजीपी 04 ऑफ 2025–26 (खुली)।** उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, भागलपुर के अधिकार क्षेत्र में भागलपुर में मौजूदा उप मुख्य अभियंता, निर्माण, भागलपुर कार्यालय, मालदा कार्यालय, भागलपुर, जमालपुर, कहलगांव, न्यू फरक्का, मंदारहिल और गोड्डा में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस, भागलपुर, न्यू फरक्का, मालदा और जमालपुर में क्वार्टरों की मरम्मत एवं रखरखाव, गोड्डा में क्वार्टरों के चारों ओर बाउंड्री वॉल का निर्माण और ओआरएच, भागलपुर, सेप्टिक टैंक, गैरेज, गार्ड रूम और अन्य सहायक सिविल कार्य, बाउंड्री वॉल को ऊँचा करना और अन्य रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य** : रु. 6,35,77,628.51, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **बयाना राशिः** रु. 12,71,600/–, **समापन अवधिः** 18 (अठारह) माह, **अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 21.04.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

CON-77/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### योगेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग में एनाटॉमी विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**आरा।** अनाईठ स्थित योगेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग में शारीरिक संरचना (एनाटॉमी) पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस प्रदर्शनी में एएनएम, जीएनएम एवं बीएससी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानव शरीर के विभिन्न अंगों के मॉडल तैयार कर प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा मानव पाचन तंत्र, हृदय, परिसंचरण तंत्र, गर्भाशय, फेफड़े, श्वसन तंत्र एवं बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन जैसे विषयों पर आकर्षक एवं शिक्षाप्रद मॉडल प्रदर्शित किए गए। छात्रों ने सरल भाषा में इन मॉडलों की जानकारी देते हुए उनके कार्य एवं महत्व को समझाया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना एवं उसके कार्यों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था, जिससे उनकी समझ और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हो सके। उद्घाटन संस्थान के संचालक सरोज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से छात्रों में व्यावहारिक एवं प्रायोगिक ज्ञान के साथ-साथ आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाते हैं और अनुभवात्मक एवं अंतरविषयक शिक्षा को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकगण काव्य राज, अंकिता कुमारी, गौतम कुमार, ममता राज एवं गुडिया कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पड़रिया गड़हनी उत्क्रमित विद्यालय में वार्षिक परिणाम जारी

**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया गड़हनी में जिला शिक्षा कार्यालय के निर्देश के आलोक में वर्ग 1 से 8 तक के छात्र - छात्राओं का वार्षिक परिणाम अभिभावकों के समझ जारी किया गया। इसको लेकर अभिभावक , छात्र छात्राएं व शिक्षक के साथ एक संगोष्ठी की गई । अभिभावक के समक्ष सभी छात्र -छात्राओं के पढ़ाई व व्यवहार के बारे में चर्चा हुआ। शिक्षक ने भी अपने वर्ग के छात्रों के व्यवहार व पढ़ाई के बारे में अभिभावक के समझ रखा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमनारायण साह के नेतृत्व में सभी छात्र -छात्राओं को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण किया गया। वहीं सभी वर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले को मेडल व प्रगति कार्ड देकर सम्मानित किया गया।

### जीवंत होगी लोकनायक वीर लोरिक की अमर गाथा, जल्द होगा नाट्य मंचन

**आरा।** भोजपुरी लोक संस्कृति की अमूल्य धरोहर लोकनायक वीर लोरिक की प्रेम और पराक्रम से भरी गाथा अब रंगमंच पर जीवंत होने जा रही है। प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी, आरा के बैनर तले संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से आगामी माह में इस लोकगाथा का भव्य नाट्य मंचन किया जाएगा। इस नाट्य प्रस्तुति की तैयारियां जोरों पर हैं और कलाकारों का पूर्वाभ्यास जारी है। आयोजन का उद्देश्य तेजी से विलुप्त हो रही लोरिकायन परंपरा का संरक्षण और संवर्धन करना है। आज के समय में इस लोकगाथा को गाने और आगे बढ़ाने वाले कलाकारों की संख्या लगातार घट रही है, जिससे नई पीढ़ी भी इससे दूर होती जा रही है। नाट्य निर्देशक मनोज कुमार सिंह ने ग्रामीण कलाकारों से जानकारी एकत्र कर इस गाथा का नाट्य रूपांतरण तैयार किया है। उनके निर्देशन में प्रस्तुत यह नाटक प्रेम, वीरता और लोकजीवन की समृद्ध परंपराओं को दर्शाएगा। नाटक का संगीत लोक गायक एवं संगीतकार श्याम बाबू कुमार ने तैयार किया है, जो प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाएगा। पूर्वाभ्यास में ग्रामीण कलाकारों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। इस प्रस्तुति में रंगकर्मी पंकज कुमार राय, मुकेश कुमार, हरिशंकर पासवान और संस्था के सचिव कमलेश कुंदन का विशेष सहयोग मिल रहा है। नाटक में नागेश्वर नयन, बिट्टू कुमार, राजकुमार राम, जगतपति राम, त्रिभुवन राम, रघुवंश राम, लाल बिहारी राम, मुस्कान कुमारी, दिव्या कुमारी, चंदा देवी और ज्योति कुमारी समेत कई कलाकार अपनी भूमिका निभाएंगे। यह नाट्य मंचन न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगा, बल्कि भोजपुरी लोक परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी साबित होगा। वीर लोरिक पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रसिद्ध यदुवंशी अहीर लोकनायक थे। उनकी गाथा लोरिकायन लोकगीतों में प्रसिद्ध है। वे अद्भुत वीरता, मंजरी के प्रति प्रेम और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष के लिए जाने जाते हैं, जिन्हें आज भी लोक परंपराओं में याद किया जाता है।

### दहेज हत्या के दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावासकी सजा

**आरा।** दहेज हत्या के आरोपी को आरा व्यवहार न्यायालय ए.डी. जे.-03 कोर्ट ने पीरो थाना कांड संख्या 517/23 के मुख्य आरोपी संदीप चौधरी उर्फ मुन्ना को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 70,000 रुपये का आर्थिक दंड (जुर्माना) भी लगाया गया है। यह घटना 09 दिसंबर 2023 की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पीरो थाना क्षेत्र के सम्बल टोला निवासी संदीप चौधरी की पत्नी रेणु कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में आग से जलकर मृत्यु हो गई है। घटना के बाद मृतिका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और साजिश के तहत हत्या करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भोजपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित अनुसंधान शुरू किया। पुलिस द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए और न्यायालय में सशक्त आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गए गवाहों और पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों ने आरोपी के खिलाफ अपराध को सिद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनो पक्षों की दलीले सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद, न्यायालय ने आरोपी संदीप चौधरी को भारतीय दंड विधान की धारा 304बी (दहेज मृत्यु) के तहत दोषी पाया। सजा सुनाते समय न्यायालय ने स्पष्ट किया कि समाज में इस तरह के जघन्य अपराधो के लिए कोई स्थान नहीं है।

### विशेष अभियानः एक दिन में 48 गिरफ्तार

**बक्सर।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर बक्सर पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। एक ही दिन में 48 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस की इस सख्ती से जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने का संदेश दिया गया है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में विभिन्न गंभीर मामलों के आरोपी शामिल हैं। इनमें हत्या के एक मामले, हत्या के प्रयास के दो मामले, अपहरण के एक मामले, बलात्कार के एक मामले, आर्म्स एक्ट के एक मामले और एससी/एसटी से जुड़े कांडों के आरोपी शामिल हैं। इसके अलावा अन्य अपराधों में भी कई लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

### अफवाह से दुकानों के गिरे शटर

**ब्रह्मपुर।** स्थानीय बाजार में सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जीएसटी विभाग की छापेमारी की अफवाह तेजी से फैल गई। अफवाह फैलते ही बाजार के अधिकांश दुकानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए और बाजार में सन्नाटा पसर गया। बताया जाता है कि सुबह 11 बजे के आसपास कुछ लोगों द्वारा यह खबर फैलाई गई कि जीएसटी विभाग की टीम ब्रह्मपुर पहुंच चुकी है और जल्द ही दुकानों पर छापेमारी शुरू होने वाली है। देखते ही देखते यह सूचना पूरे बाजार में आग की तरह फैल गई। कई बड़े दुकानदार बिना समय गंवाए अपनी दुकानें बंद कर मौके से निकल गए। इस घटना के बाद बाजार में घंटों तक गतिविधियां ठप रहीं। ग्राहकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बाद में पता चला कि जीएसटी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक छापेमारी नहीं की जा रही थी, बल्कि यह केवल एक अफवाह थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना ने उन दुकानदारों की पोल खोल दी, जो जीएसटी नियमों का पालन नहीं करते हैं। अफवाह मात्र से ही दुकानों का इस तरह बंद हो जाना कई सवाल खड़े करता है।

# जिले में पंकज उपाध्याय बने कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ पार्टी ने प्रदेश महासचिव को सौंपी नई जिम्मेदारी, आंदोलनों में प्रमुख भागीदारी रही

**बक्सर।** बक्सर जिले में कांग्रेस पार्टी ने पंकज उपाध्याय को जिला कांग्रेस कमेटी का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहजनक माना जा रहा है। उपाध्याय इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश महासचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले मनोज पाण्डेय बक्सर जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष थे। उनके कार्यकाल में संगठन को मजबूत करने के कई प्रयास किए गए। अब नए जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के सामने संगठन को और सशक्त बनाने तथा आगामी चुनावों के मद्देनजर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की चुनौती है।

**सक्रिय नेता के तौर पर जाने जाते है पंकज उपाध्यायः** पंकज उपाध्याय लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हैं और उन्हें एक जमीनी तथा सक्रिय नेता के तौर पर जाना जाता है। पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों और आंदोलनों में उनकी भागीदारी प्रमुख रही है। कार्यकर्ताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है, जिससे संगठन को लाभ मिलने की उम्मीद है। अपनी नियुक्ति के बाद पंकज उपाध्याय ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपाध्याय ने यह भी बताया कि बक्सर जिले में कांग्रेस को फिर से मजबूती देने के लिए वे हर स्तर पर काम करेंगे और आम जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे।

**नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा संगठनः** पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि उपाध्याय के नेतृत्व में संगठन नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा। अब यह देखना होगा कि पंकज उपाध्याय अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के दम पर बक्सर में कांग्रेस को किस तरह नई दिशा प्रदान करते हैं।

# छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में मैट्रिक की परीक्षा में फेल होने के बाद छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया है। रिजल्ट आने के बाद से ही तनाव में थी। परिजन आनन-फानन संदेश रेफरल अस्पताल से आरा लेकर आए। जहां से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। घटना संदेश थाना क्षेत्र के काजीचक गांव की है। छात्रा की पहचान कमलेश प्रसाद की पुत्री चंचल कुमारी(17) के तौर पर हुई है। बड़े चाचा राज बिहारी प्रसाद ने बताया कि रविवार को मैट्रिक का रिजल्ट आया था। जिसमें एक सब्जेक्ट में क्रॉस लगने के कारण वह फेल हो गई थी। उसी को लेकर तनाव में थी।

**छोटी बहन ने फांसी लगाते देखाः** कमरे में पंखे की कुंडी से रस्सी बांध अपने गले में फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास कर रही थी। तभी उसकी छोटी बहन ने देख लिया। तुरंत इसकी जानकारी परिवार के सदस्यों को दी। परिजन तुरंत कमरे में पहुंचे। उसे नीचे उतारकर अस्पताल लेकर गए।

# माइक्रो फाइनेंस के मैनेजर ने की खुदकुशी



चितरंजन कुमार
मृतक



♦ 40 मिनट तक मोबाइल पर वीडियो कॉल बात की, फिर फंदे से झूल गया, प्रेम-प्रसंग में सुसाइड की आशंका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एरिया ब्रांच मैनेजर ने खुदकुशी कर ली। कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के सुकना बिहार निवासी चितरंजन कुमार(26) के तौर पर हुई है। 2025 से बिहिया प्रखंड में पोस्टिंग थी। इससे पहले बिक्रम औ अरवल जिले में काम कर चुके हैं। घटना बिहिया गांव की है। चितरंजन कुमार ने पीले रंग के गमछे से पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। चौंकाने वाली बात यह है कि आत्महत्या करने से पहले उन्होंने अपने मोबाइल को सामने छज्जे पर रखकर करीब 40 मिनट तक किसी से वीडियो कॉल पर बातचीत की। आशंका जताई जा रही है कि उसी दौरान यह खौफनाक कदम उठाया। प्रेम-प्रसंग में खुदकुशी की बात सामने आ रही है।

**शव पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** सूचना मिलते ही बिहिया पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से उतारकार पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में प्रेम-प्रसंग से जुड़ा मामला सामने आने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

**घर में मचा कोहरामः** मृतक के बड़े भाई इंद्रजीत ने बताया कि चितरंजन बेहद मिलनसार और होनहार युवक था, जो सभी से अच्छे से व्यवहार करता था। परिवार को कभी अंदाजा नहीं था कि वह ऐसा कदम उठा सकता है। तीन भाई और 2 बहन में चौथे नंबर पर था। घर में लोगों को रो-रोकर बुरा हाल है।

**मोबाइल पर 16 मिस्ड कॉलः** इस संबंध में जगदीशपुर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि युवक ने आत्महत्या से पहले करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। उसके बाद उसके मोबाइल पर 16 मिस्ड कॉल भी आए हैं। पुलिस उन सभी नंबरों की जांच कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर किन परिस्थितियों में युवक ने यह कदम उठाया।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मोहा मन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** सदर प्रखंड के चुरामनपुर स्थित ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल में "संकल्प 2026" वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एसडीपीओ गौरव पांडेय ने विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ एके सिंह ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत रामायण और महाभारत पर आधारित कार्यक्रमों की विशेष सराहना की। साथ ही जूनियर बच्चों द्वारा प्रस्तुत कव्वाली ने भी सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी नाटक "भगत सिंह" एवं "द एकर ऑफ डायमंड" प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक धीरज पांडेय ने "संकल्प 2026" के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से मोबाइल से दूरी बनाकर शिक्षा एवं संस्कार पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को "विवेक शिक्षा रत्न सम्मान" से सम्मानित किया गया। वहीं अंतिम सत्र में औद्योगिक थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने विद्यालय के ऊर्जावान एवं समर्पित शिक्षकों को "एक्सीलेंस टीचिंग अवार्ड" प्रदान किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप प्रबंधक धर्मेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राहुल ने किया। मौके पर भाजपा नेत्री वर्षा पांडेय, चुरामनपुर पंचायत के मुखिया धनजी पांडेय, बीडीसी राकेश यादव, अजय सिन्हा, नीरज पांडेय, रामनाथ सिंह, गिट्टू तिवारी, डब्लू पाठक, दिनेश दत्त, मुन्ना पांडेय सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### बाजार समिति रोड नप का बना डंपिंग जोन



**बक्सर।** बाजार समिति रोड नगर परिषद ने कचरा डंपिंग जोन बना दिया है। नगर परिषद के एनजीओ के द्वारा गिराया जा रहा कचरा राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। स्थानीय पवन शर्मा ने कहा कि सड़क किनारे लगे कचरे ढेर से निकलने वाले दुर्गंध राहगीर और आस पास के लोगों की मुसीबत बढ़ गई है। नगर परिषद के उप चेयरमैन के प्रतिनिधि सुनील मिश्रा ने कहा कि डंपिंग ग्राउंड होने के बावजूद सड़क के किनारे कचरा गिराना गलत है। जहां कचरा गिराया जा रहा है, उसके करीब नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय है। यहां सैकड़ों बच्चे रोज पढ़ने के लिए आते हैं। गंदगी और कचरा के ढेर से बच्चे बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

# भगवान महावीर जन्मोत्सव, श्रद्धालुओं ने सेवा और भक्ति से सजाई यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** महावीर जयंती के उपलक्ष में जैन समुदाय के श्रद्धालुओं ने शहर में सोमवार को शोभा यात्रा निकाली। भगवान महावीर के जियो और जीने दो के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा भगवान महावीर मार्ग जेल रोड के श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर प्रांगण से शुरू होकर शिवगंज, बड़ी मठिया, महादेवा, धर्मन चौक, टाउन थाना होकर जैन स्कूल पहुंचा। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में भगवान महावीर के गीत व संगीत पर श्रद्धालु पूरे रास्ते थिरकते नजर आए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सेवा, करुणा और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन महावीर जयंती के तीन दिवसीय महोत्सव के तहत हुआ। प्रभातफेरी से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल युवाओं द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। बच्चे एवं युवा हाथों में जैन पचरंगा ध्वज लेकर जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण किए और घर-घर जाकर जैन ध्वज एवं मिष्ठान का वितरण किया। शोभायात्रा का दिखा भव्य मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के अवसर पर सभी जैन मंदिरों में अभिषेक एवं पूजन के पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। भगवान महावीर को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया, जिसके साथ घोड़ा, ऊंट और बैंड-बाजा शामिल रहा। शोभायात्रा में धनकुबेर इंद्र द्वारा रत्नवृष्टि की गई तथा 24 जोड़े पारंपरिक वेशभूषा में चंवर डुलाते हुए चल रहे थे। पुरुष एवं युवक सफेद-पीले वस्त्र में तथा महिलाएं लाल-पीले परिधान में शामिल हुईं, जैन भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा में मेयर इंदु देवी, वार्ड पार्षद, समाजसेवी, छात्र-छात्राएं और सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। समिति सदस्यों की सक्रिय भूमिका महोत्सव को सफल बनाने में कमलेश कुमार जैन, डॉ. आदित्य विजय जैन, डॉ. विकास जैन, रमेश जैन, श्वेता जैन, शशांक जैन, वैभव जैन, डॉ. जया जैन, आकाश जैन एवं रौशन जैन समेत कई सदस्यों कीसक्रिय भूमिका रहीं। भगवान महावीर का मुख्य संदेश अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो था। उन्होंने करुणा, सत्य, संयम और अपरिग्रह पर बल दिया। उनके अनुसार हर जीव समान है ।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ हादसे में भांजी की मौत, मौसी के घर जा रही थी, मामा की हालत गंभीर

**आरा।** आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार मामा-भांजी को टक्कर मार दी। हादसे में भांजी की मौत हो गई। मामा को सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मृतका की पहचान अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के बबूराही टोला निवासी सोनू ठाकुर की पुत्री खुशी कुमारी(12) के तौर पर हुई है। सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। मृतका बच्ची के चाचा ने बताया कि वह अपने मामा सूरज कुमार के साथ बाइक से मौसी के घर जा रही थी। कौरा मठिया के पास अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों जख्मी हो गए। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने खुशी कुमारी को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला।

**घर में मचा कोहरामः** मृत बच्ची अपने चार बहन और एक भाई में बड़ी थी। परिवार में उसकी मां सोनी देवी, बहन रिया, प्रिया, सोनाली और भाई आदित्य है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। मां सोनी देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 23 भूमिहीन स्कूलों को मिलेगी अपनी जमीन




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** जिले के किसानों को पराली जलाने के दुष्परिणामों को लेकर जानकारी दी जाएगी। इसको लेकर डीएम साहिला ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। सोमवार को डीएम साहिला ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में जिला समन्वय समिति की बैठक किया। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कई अहम निर्देश जारी किए। खेतों में पराली जलाने की रोकथाम को लेकर डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी को धर्मेंद्र कुमार को निर्देश दिया कि जिन किसानों की फसल कटनी के लिए तैयार है, उन्हें चिन्हित कर पराली जलाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाए। बक्सर व डुमरांव एसडीएम को हार्वेस्टर मालिकों, प्रखंड कृषि पदाधिकारियों और कृषि समन्वयकों के साथ बैठक कर इस पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए। डीएम नेआवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए : डीएम ने शिक्षा विभाग की समीक्षा में 23 भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु प्रभारी सीओ और भूमि सुधार उप समाहर्ता को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। नगर निकायों को लैंडफिल साइट चिन्हित कर प्रस्ताव देने तथा नगर परिषद बक्सर व डुमरांव को वेंडिंग जोन और पार्किंग जोन के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए।

### विद्यालय की विकास को ले हुई चर्चा

**बक्सर।** सरस्वती विद्या मंदिर, अहिरौली में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन अनेक विषयों पर सविस्तार विचार विमर्श किया गया। विद्यालय की व्यवस्थाओं में कैसे गुणात्मक विकास हो, परीक्षा से संबंधित चर्चा, शिक्षण व्यवस्था की उत्कृष्टता, सभी पंजियों की पूर्णता हिन्दी, संस्कृत और अंग्रेजी विषयों में छात्रों को कैसे उत्कृष्ट बनाया जाय इत्यादि विषयों पर गहन विचार विमर्श हुआ। कार्यशाला में प्रधानाचार्य मनोरंजन कुमार, जर्नादन तिवारी, ईश्वर चंद्र, मदन पाण्डेय, सत्येंद्र उपाध्याय, विवेक राय, अनूप चौबे, अविनाश कुमार, अमित राय समेत सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**बक्सर।** एनएच- 922 पर औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के समीप रविवार की रात एक संदिग्ध सड़क दुर्घटना में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से जख्मी अवस्था में सड़क पर गिरे स्कूटी सवार युवक को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत युवक की पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के गोगौरा गांव निवासी नीतीश कुमार तिवारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और इस मामले को महज सड़क दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। मृतक के पिता अवधेश तिवारी ने बताया कि नितीश अपने पैतृक गांव गोगौरा से स्कूटी पर सवार होकर जिला मुख्यालय स्थित सोहनीपट्टी अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान काली मंदिर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। परिजनों का आरोप है कि यह सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। उन्होंने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति पर दिया जोर

**बक्सर।** जिले के इटाढ़ी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पकड़ी में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों के वार्षिक मूल्यांकन 2026 के परिणामों को अभिभावकों के साथ साझा किया गया। थीम प्रवेश से प्रगति तक विद्यालय और अभिभावक साथ-साथ पर प्रकाश डाला गया। प्रधानाध्यापिका सुमिता पांडे ने अभिभावकों से बच्चों के शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्हें विद्यालय आने की अपील किया।

### शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी सह दीक्षांत समारोह संपन्न

**बक्सर।** राजपुर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय रघुनाथपुर में शिक्षक–अभिभावक संगोष्ठी सह दीक्षांत एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में वर्ग 1 से 8 तक के मेधावी छात्रों को मेडल, कॉपी व पेन देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी, वहीं अभिभावक भी अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहे थे।प्रधानाध्यापक शिवजी दुबे ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 मार्च को सभी विद्यालयों में शिक्षक–अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के प्रवेश से लेकर उनकी शैक्षणिक प्रगति तक, विद्यालय और शिक्षकों की सामूहिक भूमिका पर विचार-विमर्श करना है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों की भागीदारी से शिक्षा की गुणवत्ता में और भी सुधार संभव है।

## संक्षिप्त समाचार

### काम दिलाने के बहाने महिला से सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश में छापेमारी जारी

**मसौढ़ी**। पुनपुन थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। आरोप है कि काम दिलाने का झांसा देकर महिला को बुलाया गया और फिर उसके साथ अमानवीय कृत्य को अंजाम दिया गया। घटना बीते रविवार की रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला को उसके एक परिचित ने फोन कर पुनपुन में काम दिलाने का भरोसा देकर बुलाया था। भरोसे में आकर महिला पटना से पुनपुन पहुंची, जहां एक टेंपो चालक उसे लेकर गया। आरोप है कि वहां पहुंचने के बाद महिला को नशीला पदार्थ पिला दिया गया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसी दौरान तीन लोगों ने मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जब महिला को होश आया, तो उसने किसी तरह हिम्मत जुटाकर पुनपुन थाना पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है। वहीं, इस मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही मामले की गहन जांच की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े सभी पहलुओं का खुलासा हो सके। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है और लोग आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### स्कूटी से 582 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**मसौढ़ी**। कादिरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रघुनाथपुर गांव के समीप की गई, जहां पुलिस ने स्कूटी सवार को पकड़कर उसके पास से शराब की बड़ी खेप बरामद की। मिली जानकारी के अनुसार, बीते सोमवार की देर रात कादिरगंज पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति स्कूटी पर अंग्रेजी शराब लेकर इलाके से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और संदिग्ध की तलाश में अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने सड़क मार्ग पर एक स्कूटी सवार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस को देखते ही भागने लगा। पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछने पर उसने पास के खेत में छिपाकर रखी शराब के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने खेत की तलाशी ली, जहां से कुल 582 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मसौढ़ी के एएसपी कोमल मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कादिरगंज थाना क्षेत्र का ही निवासी है और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां खपाने की योजना थी। इस कार्रवाई से इलाके में शराब तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।

### डॉ. राजू बिंद के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया मुकेश सहनी का जन्मदिन



**मसौढ़ी**। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी का जन्मदिन सोमवार को मसौढ़ी में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजू बिंद ने किया, जहां कार्यकर्ताओं ने केक काटकर अपने नेता का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए पार्टी के बढ़ते जनाधार को और मजबूत करने का संकल्प लिया। नेताओं ने मुकेश सहनी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की तथा उनके संघर्ष, सामाजिक न्याय और जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए छोटे-छोटे बच्चों के बीच पठन-पाठन की सामग्री भी वितरित की गई। इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और कहा कि इस तरह के कार्यों से समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

### 17 जिलों में बारिश का अलर्ट, अप्रैल में बढ़ेगी भीषण गर्मी

**पटना**। बिहार के 17 जिलों में आज बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में बादल छाए रहेंगे, आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में मौसम सामान्य रहेगा। दिन में धूप निकलने से गर्मी महसूस होगी, लेकिन सुबह और शाम की ठंडी हवाएं थोड़ी राहत देंगी। बीते 24 घंटे में किसी भी जिले में बारिश नहीं हुई। अधिकतम तापमान भी 40 डिग्री के आसपास यानी 39.1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, पटना में दिन में तेज धूप रही लेकिन सुबह-शाम हल्की ठंडक मिली। बिहार में इस तरह का मिला-जुला मौसम बनने के पीछे दो कारण हैं। पहला, बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त हवाएं राज्य के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में बादल और हल्की बारिश का कारण बन रही हैं। दूसरा, पश्चिमी विक्षोभ (Western Disturbance) के प्रभाव से वातावरण में अस्थिरता बनी हुई है, जिससे कहीं धूप तो कहीं बादल और बूंदाबांदी का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार अप्रैल के पहले सप्ताह के बाद यानी करीब 4 से 5 अप्रैल के बाद बिहार में तापमान तेजी से बढ़ेगा। इसके बाद धीरे-धीरे अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है और भीषण गर्मी का दौर शुरू हो जाएगा। खासकर मध्य और दक्षिणी बिहार में गर्मी का असर ज्यादा देखने को मिलेगा। पटना में फिलहाल मौसम सामान्य बना रहेगा। दिन में धूप निकलने से हल्की गर्मी महसूस होगी, जबकि सुबह और शाम के समय हवा चलने से राहत मिलेगी। पटना में भी 4-5 अप्रैल के बाद तापमान तेजी से बढ़ेगा और भीषण गर्मी शुरू हो सकती है। आने वाले दिनों में यहां तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंचने का अनुमान है।

### बिस्किट से भरा ट्रक पलटा, साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में एक्सीडेंट, ड्राइवर-साइकिल सवार घायल

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के देसरी स्थित हाजीपुर-जन्दाहा एनएच-322 पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। गाजीपुर में साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में एक बिस्कुट लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में साइकिल सवार और ट्रक चालक मामूली रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना साइकिल सवार को बचाने के दौरान हुई। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही देसरी और राजापाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, हाजीपुर की ओर से आ रहा बिस्कुट लदा ट्रक गाजीपुर स्थित पुल के पास सड़क किनारे पलटा। साइकिल सवार की पहचान बभनी मठ निवासी चंदन कुमार के रूप में हुई है। ट्रक चालक को हल्की चोटें आई हैं, जबकि अन्य सभी लोग सुरक्षित बताए गए हैं। हादसे वाली जगह से कुछ ही दूरी पर खेत में काम कर रहे किसान भी बाल-बाल बच गए, अन्यथा कई लोगों को चोटें आ सकती थीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ऑल इंडिया यूनाइटेड फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट आईटीआई एम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने बिहार के मेजर विनय कुमार

♦ **बिहार राज्य आईटीआई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, महासचिव सहित अनेकों लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर मेजर विनय कुमार को एवं राष्ट्रीय महासचिव बनने पर विनोद शेखावत को बधाई दी**







सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। बिहार राज्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष -शशि भूषण आर्य एवं महासचिव - मनोज कुमार यादव ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ऑल इंडिया यूनाइटेड फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मेजर विनय कुमार को एवं राष्ट्रीय महासचिव बनने पर विनोद शेखावत को बधाई दिया है।

सभी नेताओं ने कहा कि ऑल इंडिया यूनाइटेड फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट आईटीआई एम्प्लाइज एसोसिएशन का गठन वर्ष 2015 में नई दिल्ली में हुआ था और स्थापना काल से ही बिहार का आईटीआई कर्मचारी संघ संस्थापक सदस्यों में से एक था। दिनांक 29-03-2026 को सम्पन्न बैठक में अगले सत्र के लिए सर्वसम्मति से केंद्रीय कार्यकारिणी परिषद् के लिए 42 पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया एवं पांच सदस्यीय सलाहकार पर्षद का गठन किया गया। जिसमें बिहार राज्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के चार सदस्यों को भी राष्ट्रीय कमिटी में पदाधिकारी निर्वाचित किया गया तथा एक सदस्य को राष्ट्रीय सलाहकार पर्षद का सदस्य बनाया गया। जो निम्नलिखित है -

राष्ट्रीय अध्यक्ष - मेजर विनय कुमार, ग्रुप अनुदेशक, आईटीआई मुजफ्फरपुर,

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - श्री शशि भूषण आर्या, ग्रुप अनुदेशक, आईटीआई जमुई,

राष्ट्रीय सचिव - श्रीमती किरण भारती, अनुदेशक, आईटीआई मोतिहारी,

राष्ट्रीय प्रेस सचिव - श्री मनोज कुमार यादव,ग्रुप अनुदेशक, आईटीआई दीघाघाट,

राष्ट्रीय सलाहकार पर्षद के उपाध्यक्ष - प्रेमचंद कुमार सिन्हा, ग्रुप अनुदेशक, आईटीआई सोनपुर,

उक्त राष्ट्रीय कमिटी में बिहार के साथी मेजर विनय कुमार जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर राष्ट्रीय कमिटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं कहा कि यह बिहार के लिए गौरव की बात है।

मेजर विनय कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ विनोद शेखावत जी को राष्ट्रीय महासचिव बनने पर बधाई देते हुए कहा कि आप दोनों के कुशल नेतृत्व में सरकारी आईटीआई के कर्मचारियों का संयुक्त राष्ट्रीय फेडरेशन दिन -प्रति-दिन आगे बढ़ेगा और बिहार सहित पूरे देश के आईटीआई कर्मचारियों को एक पदनाम, एक वेतनमान एवं प्रोन्नति का समान अवसर मिलने में सफलता मिलेगी।

बधाई देने वालों में महासंघ (गोप गुट) के महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा, अध्यक्ष निरंजन कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष नीतेश आनंद सहित आईटीआई के कर्मचारी नेता शशि भूषण आर्य, मनोज कुमार यादव, अविनाश कुमार, प्रेम कुमार, संजय कुमार, नीतीश कुमार,विष्णुदेव कुमार, पी के मौर्या , बिट्टू कुमार, बिपिन कुमार, रामजी राम, वरुण कुमार, रवि कुमार, अंकुर त्यागी , किरण भारती, सुनील कुमार,आदि शामिल थे।

## पटना में बाइक सवार एएसआई को ऑटो ने मारी टक्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना में मंगलवार को ऑटो ने एएसआई को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अधिकारी हवा में उछलकर सड़क पर गिर गए और उनकी बाइक घीसटती हुई आगे चली गई। हादसे में एएसआई की वर्दी फट गई। सिर और हाथ में गंभीर चोट लगे हैं। सड़क पर गिरने के बाद एएसआई मनोज कुमार कुछ देर के लिए सड़क पर पड़े रहे। थोड़ी देर बाद जब राहगीर जुटे तो उन्हें उठाया और उन्हें पानी पिलाया। इसके बाद किसी तरह एएसआई कोतवाली थाने पहुंचे। घटना जीपीओ पुल पर हुई है।

**ऑटो वाला हादसे के बाद फरार**: घायल एएसआई मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली थाने केस से संबंधित रिव्यू होना था। इसी रिव्यू में शामिल होने के लिए बाइक से जीपीओ फ्लाईओवर होते हुए कोतवाली थाने जा रहा था। इसी बीच पीछे से एक अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। मैं सड़क पर गिर गया। कुछ देर के लिए ठोकर लगने के बाद बेसुध हो गया था। राहगीरों ने मदद की। थाने में शिकायत की है। अब ट्रीटमेंट करने गार्डिनर अस्पताल जा रहा हूं। मनोज कुमार सिंह की शिकायत के आधार पर कोतवाली थाने की पुलिस छानबीन में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ऑटो की पहचान करने की कोशिश जारी है। फिलहाल ऑटो की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, मनोज कुमार सिंह ने मेडिकल रिपोर्ट थाने को सौंप दी है।

## गैस कटर से एटीएम मशीन काटकर 30 लाख की चोरी, 3 नकाबपोश चोर सीसीटीवी में कैद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। पटना के दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के ढिबरा मोड़ के पास मंगलवार सुबह एटीएम से 30 लाख रुपये की चोरी की गई है। चोरों ने गैस कटर का इस्तेमाल कर एसबीआई बैंक के गार्ड रहित एटीएम को निशाना बनाया। इसका एक छोटा सा वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में सुबह 4 बजे तीन नकाबपोश बदमाश एटीएम में घुसते दिख रहे। सबसे पहले सीसीटीवी कैमरों पर स्प्रे कर उसे निष्क्रिय कर दिया। इसके बाद गैस कटर से एटीएम के कैश चैंबर को काटना शुरू कर दिया। मशीन से छेड़छाड़ होते ही एसबीआई के हेड ऑफिस को इसकी सूचना मिल गई। बैंक अधिकारियों ने तत्काल दानापुर और शाहपुर थाने की पुलिस को सूचित किया।

**पुलिस जब तक पहुंची 30 लाख कैश लेकर हो गए फरार**: दानापुर और शाहपुर थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन पुलिस के पहुंचने से कुछ मिनट पहले ही चोर लगभग 30 लाख रुपये लेकर फरार हो चुके थे। चोरों की पूरी वारदात एटीएम मशीन में लगे कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि तीनों चोर पेशेवर अंदाज में दस्ताने पहने हुए गैस कटर से कैश चैंबर काट रहे थे।

**मौके पर एफएसएल की टीम कर रही जांच**: एटीएम चोरी की सूचना मिलते ही दानापुर एएसपी

**कैमरे पर ब्लैक स्प्रे छिड़का**

शिवम धाकड़ और सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पटना सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया, शाहपुर थाना क्षेत्र के ढिबरा मोड़ के पास एसबीआई एटीएम में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरों ने गैस कटर से कैश चैंबर काटकर लगभग 30 लाख रुपये चुराए हैं। जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है, उससे लगता है कि यह किसी पेशेवर चोर गिरोह का काम है। शाहपुर और दानापुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है और जांच जारी है।

## मैट्रिक में फेल होने पर दिव्यांग छात्रा ने की आत्महत्या, गणित में क्रॉस लगने से तनाव में थी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना के बाढ़ में मंगलवार दोपहर एक दिव्यांग छात्रा ने सुसाइड कर लिया है। वो मैट्रिक की परीक्षा में फेल हो गई थी। मैथ्स में क्रॉस लगने के कारण छात्र अंजली कुमारी (15) काफी तनाव में थी। उसे पिछले 2 साल से दिव्यांगता पेंशन भी नहीं मिली थी। अंजली दोनों पैरों से दिव्यांग है। अंजली अपने कमरे में थी। दरवाजा अंदर से बंद था। घर के लोग आराम कर रहे थे। काफी देर तक अंजली से कमरे से बाहर नहीं आई तो परिवार के सदस्यों ने दरवाजा खटखटाया, पर अंदर से अंजली ने कोई जवाब नहीं दिया। परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे तो अंजली की लाश बेड पर पड़ी थी। घटना बाढ़ थाना अंतर्गत बुढनीचक गांव की है।

**छात्रा ने सुसाइड कैसे किया, ये क्लियर नहीं**: अंजली ने सुसाइड कैसे किया, फिलहाल क्लियर नहीं है। पड़ोसी ने बताया कि पुलिस को बिना सूचना दिए जुगाड़ गाड़ी से शव को उमानाथ ले जाया गया, जहां धार्मिक प्रक्रिया पूरी कर शव को सती स्थान के पास से गंगा में प्रवह कर दिया गया।। मैट्रिक का रिजल्ट आने के बाद अंजली को उसके पिता ने कहा था कि इस बार रिजल्ट नहीं हुआ क्या हुआ, अगली बार कड़ी मेहनत के बाद एग्जाम पास कर जाना।

**पुलिस बोली- मामले की जानकारी नहीं है**: थाना अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं मिली है। मृतक की बड़ी बहन ने बताया कि खाना बनाने के बाद वह पड़ोस में

♦ **पुलिस बोली- हमें मामले की जानकारी नहीं**

गई थी। लौटने पर उसने अंजलि के कमरे का दरवाजा खटखटाया। जब अंजलि ने दरवाजा नहीं खोला, तो उसने परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। दरवाजा खोलने पर अंजलि मृत पाई गई। बड़ी बहन ने बताया कि अंजलि गणित विषय में फेल होने से परेशान थी, हालांकि पिता ने उसे समझाया था कि उन्हें खुद मैट्रिक में दो बार फेल होने के बाद भी मौका मिला था और अंजलि भी अगले साल पास हो जाएगी। दादा ने बताया कि वह दोनो पैर से दिव्यांग होने के कारण चलने में असमर्थ थी। वह पढ़ने में नॉर्मल थी घर का काम भी किसी तरह कर लेती थी। मैट्रिक रिजल्ट आने के बाद उसके चेहरे पर कोई तनाव नहीं दिख रहा था, उन्हें खाना देने के बाद वह अंदर कमरे में चली गई, वह भी भोजन कर घर से थोड़ी दूर जाकर बैठे थे तभी उन्हें जानकारी मिली की छात्रा अंदर कमरे में मृत पड़ी है।

## बिहार की अदालतों को उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। पटना सिविल कोर्ट, हाईकोर्ट समेत बिहार-झारखंड की अदालतों, एयरपोर्ट, शैक्षिक संस्थानों और ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला श्रीनिवास लुईस (47) गिरफ्तार हो गया है। दिल्ली की साइबर पुलिस ने श्रीनिवास को कर्नाटक के मैसूर वृंदावन लेआउट से पकड़ा है। श्रीनिवास लॉ की पढ़ाई कर चुका है। इसने दिल्ली हाईकोर्ट के जज को भी धमकी दी थी। श्रीनिवास पर पटना समेत बिहार में 50 केस दर्ज हैं। पूरे देश में श्रीनिवास पर ई-मेल से 1100 केस हैं। उसके पास से लैपटॉप और कई इलेक्टॉनिक गैजेट बरामद किए गए हैं। आरोपी वीपीएन का इस्तेमाल करता था। इससे आईपी एड्रेस विदेश का दिखता था। साइबर सेल ने डीएनएस लीक और सर्वर डेटा के जरिए असली भारतीय आईपी ट्रैक किया। इसके बाद लोकेशन पुख्ता हुई। सिटी एसपी दीक्षा ने कहा कि एक-दो दिन में पटना पुलिस की टीम दिल्ली जाएगी और उसे प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आएगी। उसपर धमकी, शांति भंग और आईटी एक्ट के तहत साइबर आतंकवाद का केस दर्ज है। लुईस बिहार के कई जिलों को कोर्ट को बम से उड़ाने की कई बार धमकी दे चुका है। 9 मार्च को ही उसने पटना सिविल कोर्ट औ बाढ़ कोर्ट को ब्लास्ट कर उड़ाने की धमकी दी थी। उससे पहले 9 फरवरी को भी पटना, भागलपुर, औरंगाबाद कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। धमकी भरे ईमेल के बाद कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मिल गई थी।

## अनंत सिंह के भतीजों को हाईकोर्ट से मिली बेल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह के दोनों भतीजों राजवीर और कर्मवीर को पटना हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद दोनों ने पटना सिविल कोर्ट में एंटीसिपेटरी बेल फाइल की थी। यहां से रिजेक्ट होने के बाद हाईकोर्ट में अर्जी लगाई गई थी। अब पटना हाई कोर्ट ने दोनों को अग्रिम जमानत दे दी है। इनके खिलाफ भदौर थाने में दुलारचंद की हत्या में शामिल होने का आरोप था। शिकायत दर्ज कराई गई थी।

**अनंत सिंह को पहले ही मिल चुकी बेल**: बचाव पक्ष की वकील कुमार हर्षवर्धन ने बताया कि जस्टिस प्रभात कुमार सिंह के कोर्ट में सुनवाई हुई। उन्होंने पक्ष सुनने के बाद अग्रिम जमानत की मंजूरी दे दी। इसी मामले में अनंत सिंह को पहले ही रेगुलर बेल मिल चुकी है। राजवीर और कर्मवीर पर आरोप लगा था कि इन्होंने दुलारचंद को गाड़ी से खींचा और उन्हें गोली मार दी थी, पर दुलाचंद की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण "blunt substance" यानी ठोस वस्तु से चोट लगना बताया गया है। वकील ने तर्क दिया कि इससे यह साबित नहीं होता कि गोली से मौत हुई। एक सप्ताह पहले मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह भी जेल से रिहा हो चुके हैं। जिसके बाद शक्ति प्रदर्शन के साथ अपने पटना स्थित विधायक आवास पर पहुंचे थे। यहां से वो मोकाम गए। दुलारचंद यादव हत्याकांड में अनंत सिंह जमानत पर हैं। उन्हें 15-15 हजार के बेल बॉन्ड पर जमानत दी गई है। कोर्ट में पुलिस की थ्योरी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं कर पाई।

## आज से गैर आवासीय संपत्तियों पर दोगुना लगेगा प्रॉपर्टी टैक्स, 33 साल बाद टैक्स में बढ़ोतरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना में होटल, जिम, निजी अस्पतालों, हेल्थ क्लब, बैंक और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस पर कल से दोगुना टैक्स लगेगा। वहीं, कोचिंग संस्थान, नर्सिंग होम और निजी शैक्षणिक संस्थानों पर 1.5 गुना टैक्स वसूला जाएगा। पटना नगर निगम ने गैर आवासीय संपत्तियों के लिए प्रॉपर्टी टैक्स की दरों में दोगुनी वृद्धि की है। कल 1 अप्रैल से यह लागू होगा। पटना नगर निगम क्षेत्र में 1993 के बाद, करीब 33 साल बाद गैर आवासीय प्रॉपर्टी टैक्स में वृद्धि हो रही है। बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के तहत जारी नई अधिसूचना के अनुसार ये फैसले लिए गए हैं।

**दायरे में होटल, मॉल और निजी अस्पतालः** ये नई दरें संपत्ति के उपयोग और गतिविधि के आधार पर तय की गई हैं। नई टैक्स व्यवस्था के तहत होटल, जिम, निजी अस्पताल, आदि पर कर गुणांक 2 तय किया गया है। वहीं, शोरूम, शॉपिंग मॉल, सिनेमा, मल्टीप्लेक्स, रेस्टोरेंट पर 1.5 गुणांक लागू होगा। निगम का मानना है कि अधिक व्यवसायिक गतिविधियों वाली संपत्तियों से अधिक राजस्व जुटाना तर्कसंगत है। धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थानों को पूरी तरह टैक्स फ्री रखा गया है।

**दोगुना बढ़ा**: होटल, हेल्थ क्लब, क्लब, जिम, विवाह हॉल, वित्त संस्था, निजी अस्पताल, बैंक, उद्योग (कुटीर उद्योग से भिन्न), वर्कशॉप, गोदाम (3000 वर्गफीट से कम क्षेत्रफल वाले), वेयर हाउस आदि।

**डेढ़ गुना बढ़ा** : दुकान (1000-3000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले), शोरूम, शॉपिंग मॉल, मल्टीप्लेक्स, औषधालय, प्रयोगशाला, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, नर्सिंग होम, क्लिनिक, औषधालय, डायग्नोस्टिक सेंटर, कोचिंग, निजी स्कूल, कॉलेज और शोध संस्थान।

**इनमें बदलाव नहीं** : कुटीर उद्योग, दुकान (500 वर्गफीट से कम क्षेत्रफल वाले), गोदाम (1000 वर्गफीट से कम क्षेत्रफल वाले), राज्य-केंद्र सरकार के ऐसे कार्यालय, जो वाणिज्यिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठान और उपक्रम नहीं हैं।

**इन्हें टैक्स से छूट** : सांस्कृतिक और धार्मिक प्रकृति के स्थल-केंद्र और संस्थाएं।

**वार्ड पार्षद ने बताया तुगलकी फरमान**: वहीं, पूर्व डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद विनय कुमार पप्पू ने इसे तुगलकी फरमान बताया है। उन्होंने कहा कि गैर आवासीय संपत्ति-कर में दोगुणा वृद्धि का फैसला पूरी तरह से जनविरोधी, व्यापारी विरोधी और कानून की भावना के खिलाफ है। देश में यह पहला ऐसा नगर निकाय बन गया है, जहां अब व्यापार के आधार पर संपत्ति कर वसूली की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### खूंटी में रामनवमी पथराव घटना की जांच के लिए भाजपा ने छह सदस्यीय समिति की गठित



**रांची ।** रामनवमी के दौरान खूंटी जिले के मुरहू क्षेत्र में हुई पथराव की घटना को गंभीरता से लेते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने मंगलवार को एक छह सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। गठित जांच समिति को निर्देश दिया गया है कि वह शीघ्र ही मुरहू (खूंटी) पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करे। समिति स्थानीय लोगों से बातचीत कर घटना के कारणों, परिस्थितियों और इससे जुड़े सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी एकत्र करेगी। इसके साथ ही समिति को जल्द से जल्द अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपने का निर्देश भी दिया गया है। इस जांच समिति में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद और बालमुकुंद सहाय, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, विधायक सीपी सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा तथा सीमा शर्मा के नाम प्रमुख हैं। भाजपा प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि इस जांच के माध्यम से घटना की सच्चाई सामने आएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकेंगे।

### दिनदहाड़े ज्वेलर्स दुकान में 23 लाख के गहनों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई तस्वीर



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के उलीडीह थाना क्षेत्र में एक शातिर युवक ने बेहद चालाकी से ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण उड़ा लिए। यह घटना मंगलवार सुबह करीब 11:30 बजे शंकोसाई रोड नंबर-1 स्थित हरि मंदिर के सामने विश्वनाथ ज्वेलर्स दुकान में हुई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दुकान मालिक विश्वनाथ दत्ता ने बताया कि घटना के समय वह किसी काम से बाहर थे और दुकान पर उनका बेटा अभिजीत मौजूद था। इसी दौरान एक युवक ग्राहक बनकर दुकान में पहुंचा और गहने दिखाने को कहा। अभिजीत उसे अलग-अलग आभूषण दिखाने लगा। बातचीत के दौरान युवक ने उसे अपने झांसे में उलझा लिया और मौका देखकर सोने से भरा एक डिब्बा चुपचाप लेकर फरार हो गया। कुछ देर बाद अभिजीत को शक हुआ। जब उसने सामान की जांच की तो एक डिब्बा गायब मिला। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें साफ तौर पर दिखा कि वही युवक गहनों से भरा बॉक्स लेकर निकल गया। दुकानदार के अनुसार चोरी हुए गहनों का वजन करीब 160 से 170 ग्राम है, जिसकी कीमत लगभग 23 से 24 लाख रुपये बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि आरोपी युवक एक दिन पहले भी दुकान पर आया था और छोटे-मोटे गहने खरीदकर दुकानदार का भरोसा जीत चुका था। मंगलवार को वह दोबारा आया और इसी विश्वास का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दे दिया। घटना की सूचना मिलते ही उलीडीह पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। मामले को लेकर डीएसपी बचनदेव कुचुर ने बताया कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में 40 छात्रों ने लिया हिस्सा




**पश्चिमी सिंहभूम।** जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (झारखंड) के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय विद्यालय, मनोहरपुर में मंगलवार को एक दिवसीय कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में विद्यालय के चयनित 40 छात्रों ने भाग लिया। ग्रेडिंग परीक्षा के दौरान किहोन, काता और कुमीते के साथ-साथ शारीरिक एवं मौखिक परीक्षण भी लिया गया। परीक्षा का संचालन जेकेएआई झारखंड के मुख्य कराटे प्रशिक्षक एवं परीक्षक सेंसाई पंकज कुमार सिंह (ब्लैक बेल्ट 6वीं डिग्री, जापान) की देखरेख में हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में सेंपाई अंशु विश्वकर्मा (ब्लैक बेल्ट प्रथम डिग्री, जापान) तथा संस्था के भूतपूर्व सदस्य संजय सलिल होरो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षा में बनदाई पूर्ति ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वार्डेन वनितेश झा, शिक्षक निर्मल कुमार महतो, नित्यानंद महतो, इमिलन जोजो, मुकेश महतो एवं कंप्यूटर प्रशिक्षक दीपक बाघेल उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने सफल प्रतिभागियों को ग्रेडिंग प्रमाण पत्र एवं रेड बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित छात्रों में सूरज महतो, केशव महतो, टोंगेर चंम्पिया, रोयदास सुरीन, आयुष महतो, सोमाय बेसरा, सुखदेव गुना, अर्जुन बोदरा, रोहित नायक, बाबूलाल भूमिज, राजेश चम्पिया सहित अन्य शामिल है।

### युवक ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिले के तांतनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत दारा गांव में 28 वर्षीय युवक मोइका पूर्ति ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतक के चाचा रसिका पूर्ति ने बताया कि मोइका पूर्ति शादीशुदा था, लेकिन अभी तक उसकी कोई संतान नहीं थी। उसकी पत्नी इन दिनों अपने मायके में है, क्योंकि उसके पिता की तबीयत खराब है। उन्होंने बताया कि मोइका किसी तरह का नशा नहीं करता था और किसी से उसकी कोई दुश्मनी भी नहीं थी। परिजनों के अनुसार, सोमवार रात मोइका ने अपनी मां से खाना मांगा और उसी दौरान अपनी पत्नी से फोन पर बात भी कर रहा था। उसकी मां खाना लेकर कमरे में गई, लेकिन मोइका खाना खाए बिना ही घर से निकल गया। कुछ देर बाद वह घर से करीब 400 मीटर दूर तालाब किनारे एक नीम के पेड़ में गमछे के सहारे फंदा लगाकर झूल गया। घटना का पता तब चला जब उसका छोटा भाई हिंदू पूर्ति उसे खोजते हुए तालाब के पास पहुंचा। वहां उसने मोइका को फंदे से लटका देखा। इसके बाद गांव में शोरगुल मच गया और परिजनों को घटना की जानकारी मिली। ग्रामीण मुंडा द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल चाईबासा भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। तांतनगर ओपी प्रभारी अरविंद कुशवाहा ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना के कारणों का पता लगाया जाएगा।

# सरहुल पर तोरपा में निकली भव्य शोभायात्रा, मांदर की थाप पर झूमे श्रद्धालु

**एजेंसी। खूंटी**



जनजातीय समाज के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण पर्व सरहुल के अवसर पर मंगलवार को तोरपा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे आदिवासी समाज में उत्सव का माहौल रहा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे महिला-पुरुषों और युवाओं और बच्चों ने ढोल, नगाड़ों और मांदर की थाप पर जमकर नृत्य किया और प्रकृति के इस पावन पर्व की खुशियां मनाईं। शोभायात्रा प्रखंड मैदान से शुरू होकर मेन रोड, खसुआ टोली होते हुए पेट्रोल पंप तक गई। वहां से पुनः मेन रोड से हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा तक गई। विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए मेन रोड होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल तक पहुंची। इस दौरान पारंपरिक गीत-संगीत के साथ जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। शोभायात्रा में शामिल लोग मांदर की थाप पर थिरकते नजर आए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि यह पर्व प्रकृति के प्रति आदिवासी समाज की आस्था और सम्मान का प्रतीक है। सरहुल हमें प्रकृति के संरक्षण और सामूहिकता का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों को सरहुल की बधाई भी दीं। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीडीओ नवीन चंद्र झा, जिला परिषद सदस्य सुशांति कोनगाड़ी, उप प्रमुख संतोष कर, थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, विधायक सुदीप गुड़िया की धर्म पत्नी अनीता कोनगाड़ी, प्रिया मुंडा, विजय मुंडा, दुर्गावती ओड़िया, विनोद भगत, दीपक तिग्गा सहित बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग शामिल थे।

## बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से की मुलाकात, कथित शराब घोटाले की सीबीआई जांच की मांग



**एजेंसी। रांची**

झारखंड की राजनीति में एक बार फिर कथित शराब घोटाले को लेकर हलचल तेज हो गई है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर एक अहम ज्ञापन सौंपा। यह मुलाकात रांची स्थित लोक भवन में हुई, जहां मरांडी ने राज्य में सामने आए 750 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले के मामले को गंभीरता से उठाया। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को जल्द से जल्द चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया जाए। मरांडी ने अपने ज्ञापन में यह भी कहा कि इस पूरे प्रकरण में एसीबी की भूमिका की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आशंका जताई कि मामले की जांच में देरी और पारदर्शिता की कमी से जनता के बीच गलत संदेश जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल से यह भी अनुरोध किया कि इस मामले की जांच को सीबीआई को सौंपने के लिए पहल की जाए। उनका मानना है कि सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच किए जाने से सच्चाई सामने आएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

## विष्णुगढ़ दुष्कर्म-हत्या मामला : आजसू ने महिला आयोग में की शिकायत, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुंभा गांव में 12 वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। इस मामले को लेकर ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) पार्टी ने कड़ा रुख अपनाते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी के महासचिव संजय मेहता ने महिला आयोग को आवेदन सौंपा, जिसे आयोग ने स्वीकार कर लिया है। आयोग ने इस प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जिम्मेदारी अपनी अवर सचिव शिवानी तोमर को सौंपी है, जो मामले की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगी। आजसू पार्टी ने इस जघन्य अपराध की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की है, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा मिल सके। संजय मेहता ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ होने वाले ऐसे अपराधों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जा सकती और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। इस बीच, पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। पार्टी ने कहा कि वह न्याय की लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और आगे भी उनका साथ देती रहेगी। आजसू ने राज्य सरकार से मांग की है कि मामले में त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही पूरे राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बचने नहीं दिया जाएगा। राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए संजय मेहता ने इस घटना को बेहद बर्बर बताया और कहा कि आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पार्टी लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी इस दिशा में गंभीरता से काम करने की जरूरत बताई और आरोप लगाया कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में विफल साबित हो रही है।

## झारखंड के डाल्टनगंज में तापमान पहुंचा 40 डिग्री के पार, चार अप्रैल तक येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी है। मंगलवार को डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर और चाईबासा में भी अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री के पार पहुंच गया है। हालांकि राजधानी रांची में तापमान 34.6 डिग्री दर्ज किया गया जो अन्य जिलों के मुकाबले 04 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने ०4 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें 01 अप्रैल को राज्य के उत्तरी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने और वज्रपात होने की संभावना है। इसके अलावा 04 अप्रैल को उत्तर-पश्चिमी और मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना जतायी गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग 10 दिनों से राज्य भर में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। कभी कडी धूप तो कभी तेज हवा के साथ बारिश होने से तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर, मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप खिली रही। लेकिन दोपहर बाद मौसम में बदलाव दिखाई दिया और घने बादल छाए रहे। साथ ही तेज हवा के कारण ठंडी हवाएं चली। इससे मौसम काफी सुहाना हो गया। हालांकि इस दौरान हल्की बारिश भी हुई। वहीं, मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री, जमशेदपुर में 38.4 और 22.8 डिग्री, डालटेनगंज में 40.2. और 24.8 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 30.2.1 और न्यूनतम 19.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम 38.6 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



महावीर जयंती के अवसर पर बिष्टुपुर स्थित जैन समाज की ओर से भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धा और उत्साह से भरी इस शोभायात्रा का जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने अपने आवास के समीप स्वागत किया। इस दौरान सरयू राय ने स्वयं आगे बढ़कर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को फलाहार और शर्बत वितरित किया। उन्होंने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और यह भावना सभी धर्मों में समान रूप से महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने राजगीर से पधारीं साध्वी सधान्जी और साध्वी कल्याणी को भी नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। nशोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए, जिनमें राजेन भाई कमानी, नकुल भाई कमानी, हर्षद भाई गांधी, परेशभाई सेठ, नरेंद्र भाई दोशी, मुकेश भाई गांधी, मिलन भाई वैद्य, भाविन भाई मोदी, मनीष भाई उड़ानी, किलोल भाई भयाणी, राहुल भाई भयाणी, चंद्रकांत देसाई और धीरेन मेहता सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे। सभी ने सरयू राय के सेवा भाव की सराहना की। वहीं, सरयू राय के आवास के पास श्रद्धालुओं की सेवा में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गोयल, सुबोध श्रीवास्तव, देव कुमार वर्मा, सन्नी सिंह, दिनेश सिंह, उदय मंडल और अमित देउड़ी सहित कई लोग सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

# किराया वृद्धि के विरोध में जेएनएसी कार्यालय के समक्ष व्यापारियों ने दिया धरना

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




शहर के बाजारों में अचानक किराया बढ़ाए जाने के फैसले के विरोध में मंगलवार को जमशेदपुर ऑल मार्केट एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों व्यापारियों ने जेएनएसी (जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी) कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और किराया वृद्धि के फैसले को पूरी तरह से अवैध बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। धरना स्थल पर जुटे व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। उनका कहना था कि बिना किसी पूर्व सूचना, बैठक या सहमति के बाजारों का किराया बढ़ा देना पूरी तरह मनमाना और अन्यायपूर्ण निर्णय है। व्यापारियों ने सवाल उठाया कि जब वर्षों से किराया तय प्रक्रिया के तहत निर्धारित होता रहा है, तो अचानक इस तरह का फैसला कैसे लिया गया। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जेएनएसी को बाजारों का किराया बढ़ाने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। यदि किसी उच्च अधिकारी या सरकार के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है, तो उसका लिखित आदेश सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक प्रशासन इस मामले में पारदर्शिता नहीं दिखा रहा है, जिससे व्यापारियों के बीच असंतोष और बढ़ता जा रहा है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि मौजूदा समय में व्यापार पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में अचानक किराया बढ़ाना उनके लिए आर्थिक बोझ को और बढ़ा देगा। छोटे और मध्यम वर्ग के दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है। धरने के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे इस आंदोलन को और तेज करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर जिला प्रशासन से लेकर राज्य स्तर तक अपनी आवाज उठाई जाएगी और बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन को प्रभावी बनाने के लिए व्यापारियों ने बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर विरोध जताया। मनमानी नहीं चलेगी, किराया वृद्धि वापस लो, जैसे नारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। इस दौरान हरविंदर सिंह मंटू,राजा दत्त, अनिल गुप्ता, बंटी सिंह, मनोज सिंधी, सहित कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।

# बाबूलाल मरांडी ने की शराब घोटाले की सीबीआई जांच की मांग, राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**एजेंसी। रांची**



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में कथित शराब घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग तेज कर दी है। इस सिलसिले में उन्होंने मंगलवार सुबह राज्यपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और फिर एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2022 में जब इस घोटाले की शुरुआत हुई थी, तभी उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि यह घोटाला 750 करोड़ रुपये से अधिक का है और निष्पक्ष जांच होने पर यह आंकड़ा 1000 करोड़ रुपये को भी पार कर सकता है। मरांडी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एजेंसी की भूमिका संदिग्ध रही है। मरांडी के अनुसार, 20 मई 2025 को तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह सहित कई प्रभावशाली अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा सुधीर कुमार दास और नीरज कुमार समेत अन्य आरोपितों को भी हिरासत में लिया गया था। लेकिन गिरफ्तारी के 90 दिनों के भीतर एसीबी द्वारा चार्जशीट दाखिल नहीं किए जाने के कारण सभी आरोपितों को डिफॉल्ट बेल मिल गई, जो जांच की गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। मरांडी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पहले शराब घोटाले के जरिए अवैध कमाई की गई और अब जांच के नाम पर आरोपितों को बचाने तथा चार्जशीट दाखिल न करने के बदले पैसे की वसूली की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों प्रिया दुबे और अनुराग गुप्ता की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि पूरे मामले की सच्चाई केवल सीबीआई जांच से ही सामने आ सकती है। साथ ही राज्यपाल से एसीबी के डीजी और राज्य सरकार को तत्काल चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश देने और मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की। प्रेस वार्ता में मरांडी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अब पार्टी के नेता खुद मान रहे हैं कि राज्य में सरकारी स्कूलों की स्थिति खराब है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने हत्या, डकैती और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों का जिक्र करते हुए सरकार को घेरा। इसके अलावा, उन्होंने राज्य में जमीन लूट का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि जमीन माफिया सरकार के संरक्षण में सक्रिय हैं और भुईंहारी, पहनाई तथा सरकारी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। मरांडी ने दावा किया कि इस पूरे मामले में कांग्रेस भी बराबर की भागीदार है।

## उत्सव को लेकर गिधनी स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थायी ठहराव 12 से 18 अप्रैल तक

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिम सिंहभूम जिले के गिधनी रेलवे स्टेशन पर 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक कई यात्री ट्रेनों का दो मिनट का अस्थायी ठहराव किया जाएगा। यह व्यवस्था श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र नववर्ष उत्सव 1433 के आयोजन को देखते हुए की गई है, ताकि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। रेलवे प्रशासन ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बाद यह विशेष ठहराव लागू किया गया है। इस दौरान हावड़ा-टाटा स्टील एक्सप्रेस, टाटा-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस, हावड़ा-जूनागढ़ रोड इस्पात एक्सप्रेस, जूनागढ़ रोड-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस, हावड़ा-कांताबांजी इस्पात एक्सप्रेस, कांताबांजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस के साथ-साथ हावड़ा-रांची (टाटा मार्ग से) इंटरसिटी एक्सप्रेस और रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का निर्धारित समय के अनुसार दो मिनट का ठहराव गिधनी स्टेशन पर होगा। इसके अतिरिक्त 18 अप्रैल को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हावड़ा-घाटशिला मेमू एक्सप्रेस तथा घाटशिला-हावड़ा मेमू एक्सप्रेस का विशेष संचालन भी किया जाएगा। इससे स्थानीय यात्रियों के साथ-साथ उत्सव में शामिल होने वाले लोगों को अतिरिक्त राहत मिलेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले ट्रेनों के समय की जानकारी सुनिश्चित कर लें और इस अस्थायी व्यवस्था का लाभ उठाएं। यह सुविधा केवल उत्सव अवधि तक ही सीमित रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा माई की बेटियां में सृष्टि जैन ने दहेज के खिलाफ कड़े रुख पर की बात

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ी टीवी का शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें अमनदीप सिधू (स्नेहा) और शीज़ान खान (सिद्धू) नजर आ रहे हैं, इस समय अपनी कहानी में एक अहम और समाज से जुड़ा मुद्दा दिखा रहा है। शो में दहेज जैसी पुरानी और गलत प्रथा के खिलाफ साफ रुख लिया गया है। कहानी के जरिए यह दिखाया जा रहा है कि चाहे कितना भी दबाव क्यों न हो, दुल्हन और उसका परिवार अपनी इज्जत से समझौता न करे। आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा कि गंगा माई (शुभांगी लाटकर) सहाना की सास कौशल्या (गुनाबी मान) की दहेज की मांग को साफ मना कर देती हैं और एक कड़ा संदेश देती हैं कि आत्मसम्मान सबसे जरूरी है। इसी मुद्दे पर सहाना का किरदार निभा रहीं सृष्टि जैन, जो असल जिंदगी में भी जल्द शादी करने जा रही हैं, अपनी बात रखती हैं। सृष्टि जैन कहती हैं, मुझे खुशी है कि हमारा शो दहेज के खिलाफ इतनी साफ और मजबूत बात कर रहा है और दर्शकों तक यह संदेश पहुंचा रहा है कि हर माता-पिता और हर दुल्हन को इतना मजबूत होना चाहिए कि वे ऐसी गलत प्रथाओं के सामने झुकें नहीं। साथ ही, अब जब मैं भी अपनी ज़िंदगी के प्यार से शादी के बंधन में बंधने जा रही हूं, तो मैं पूरे भरोसे से कह सकती हूं कि हमारे परिवार, करीबी लोग और दोस्त दहेज जैसी सोच में विश्वास नहीं रखते।



### नोएडा में डेटिंग एप से दोस्ती कर इंजीनियर के आपत्तिजनक फोटो लिए

**नोएडा, एजेंसी।** समलैंगिक एप से दोस्त बने शातिरों ने एक इंजीनियर को सेक्टर 76 में बुलाकर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाए। युवक से साथ मारपीट कर एक लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। सेक्टर 113 थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर सरगना समेत तीन आरोपितों को सोमवार को सेक्टर 76 से दबोचा। आरोपितों से 30 हजार रुपये, चार मोबाइल, एक कार, चेन, दो नंबर प्लेट बरामद हुईं। आरोपित यूपीआई और खरीदारी के इनपुट से पुलिस के हत्थे चढ़े। गिरोह 60 से ज्यादा वारदात कर चुका है। नोएडा सेक्टर 51 में रहने वाले इंजीनियर का समलैंगिक एप पर खाता है। पिछले दिनों उसकी दोस्ती एप पर शिवम नाम के ठग से हुई थी। शिवम ने इंजीनियर को 26 मार्च की रात सेक्टर 76 में मिलने के लिए बुलाया। वहां पर शिवम के साथ कार सवार कमल और सागर भी मिले। युवक को तीनों शातिर एक घर में ले गए। वहां पर इंजीनियर के साथ जबरन आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना लिए थे। इसको प्रसारित करने की धमकी और मारपीट की थी। पीड़ित से सोने की चेन छीनने के अलावा बैंक खाते से एक लाख रुपये ट्रांसफर कराकर भाग गए थे। पीड़ित ने सेक्टर 113 थाना पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस यूपीआई से ली रकम और कार नंबर के आधार पर आरोपितों की तलाश में जुटी थी। टीम ने सोमवार को सेक्टर 76 से तीनों को पकड़ा। एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपितों की पहचान बिहार दरभंगा के सुजान गांव के शिवम झा, लोना गांव के सागर ठाकुर और उत्तराखंड अल्मोड़ा के नाकोर गांव के कमल के रूप में हुई। तीनों वर्तमान में नोएडा के होशियारपुर गांव में किराये पर कमरा लेकर रहते हैं।



## यूपी में न्यूक्लियर पावर प्लांट!

# इन तीन जिलों में परमाणु बिजली घर की संभावना तलाश रही एनटीपीसी

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और भविष्य की बिजली मांग को देखते हुए नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) ने राज्य में परमाणु ऊर्जा (न्यूक्लियर पावर) क्षेत्र में कदम रखने का बड़ा निर्णय लिया है। एनटीपीसी अब प्रदेश में परमाणु ऊर्जा प्लांट स्थापित करने की योजना पर गंभीरता से काम कर रहा है। इसके लिए भूमि चयन, जल उपलब्धता और आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियों को लेकर उच्च स्तरीय चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक ने बताया कि परमाणु ऊर्जा परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश के ललितपुर, प्रयागराज और सोनभद्र जिलों में संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इन क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति और संसाधनों की उपलब्धता का आकलन किया जा रहा है ताकि एक सुरक्षित और उच्च क्षमता वाला न्यूक्लियर प्लांट स्थापित किया जा सके। यह कदम न केवल यूपी को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा,



बल्कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के वैश्विक लक्ष्यों में भी सहायक होगा।

गोमतीनगर स्थित कार्यालय में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कार्यकारी निदेशक दिवाकर कौशिक और मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एसएन पाणिग्रही ने कंपनी के विस्तार रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी केवल पारंपरिक ऊर्जा तक सीमित नहीं है, बल्कि सौर, जल और पवन ऊर्जा के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा में हाइड्रोजन फ्यूल स्टेशन के विकास पर भी तेजी से काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में एनटीपीसी अपनी क्षमता का लगातार विस्तार कर रहा है। सिंगरौली स्टेज-थ्री (1600 मेगावाट) परियोजना को वर्ष 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इससे उत्पादित होने वाली पूरी बिजली उत्तर प्रदेश सरकार ही खरीदेगी, जिससे राज्य के घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, 'एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड' ललितपुर में 600 मेगावाट और चित्रकूट में 400 मेगावाट के सोलर प्लांट स्थापित कर रही है। वाराणसी में नगर निगम के कचरे से 'हरित कोयला' बनाने की अनूठी परियोजना पर काम चल रहा है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार होगा। वहीं, विंध्याचल में देश की पहली कार्बन कैप्चर परियोजना लगाई जा रही है। पर्यावरण को बचाने के लिए प्रमुख संयंत्रों में फ्लू गैस डी-सल्फराइजेशन प्रणाली शुरू की गई है, जिससे सल्फर उत्सर्जन में भारी कमी आई है। वर्तमान में एनटीपीसी देश की कुल स्थापित क्षमता का लगभग 16.7% और कुल उत्पादन का 24% योगदान दे रहा है। वर्तमान में इसकी क्षमता 88 गीगावाट से अधिक है, जिसे वर्ष 2032 तक बढ़ाकर 149 गीगावाट करने का लक्ष्य है। इसमें से 60 गीगावाट बिजली गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित होगी।

## 10 लाख में सौदा, 80 लाख में बिक्री; किडनी-लिवर सौदागरों का बंगाल तक फैला नेटवर्क

**कानपुर , एजेंसी।** यूपी के कानपुर में किडनी-लिवर रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और डीसीपी वेस्ट की क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम की छापेमारी और पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गुर्दे का काला कारोबार करने वालों और सौदागरों का नेटवर्क वेस्ट यूपी से लेकर बिहार-पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ है। किडनी डोनर भी बिहार के समस्तीपुर का निकला है। खास बात यह है कि डोनर ने साफ तौर पर स्वीकार कर लिया कि उससे किडनी लेने के बदले रकम का सौदा हुआ था। 8 से 10 लाख में सौदा होता था और 70 से 80 लाख में बेची जाती थी।

पूछताछ में यह बात भी खुलकर सामने आ गई कि डोनर आयुष मेरठ में जहां रह रहा था उससे वहां भी संपर्क किया गया। शुरुआती पूछताछ में उसने अपने आपको एमबीए का छात्र भी बताया। हालांकि इसकी पुष्टि देर रात तक नहीं हो सकी क्योंकि वह बार-बार अपने बयान बदल रहा था। आयुष पुलिस ने बार-बार झूठ बोलता रहा। छापेमारी के बाद से ही वह घबराया हुआ था। उसने किसी को फोन लगाकर कहा-यहां से



मुझे निकालो, मैं दर्द से तड़प रहरा हूं, तुम परेशान न हो..जेल तो मैं जाऊंगा मगर किसी का नाम नहीं लूंगा। पुलिस ने उसके पास से कुछ कागजात हासिल किए हैं जो उसकी पहचान का खुलासा कर रहे हैं। पूछताछ में ही यह बात भी पता चली कि जिस डोनर रिसीवर को वह बहन बता रहा था वो बहन नहीं लगती। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि किडनी गैंग में और कौन-कौन शामिल हैं और कितनी किडनियां कहां-कहां बदली जा चुकी हैं। पुलिस ने जिस ब्रोकर शुभम को इस मामले में हिरासत में लिया है वह शहर के एक बड़े किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन के अस्पताल में नौकरी करता था। वहां पर कानपुर समेत आसपास के कई जिलों के पेशेंट किडनी का इलाज कराने आते हैं। जिन्हें अपनी बातों में फंसाकर शुभम उनका किडनी ट्रांसप्लांट करने का झांसा देता था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने जांच में पाया कि गैंग डोनर को 8 से 10 लाख रुपए में ट्रांसप्लांट के लिए तैयार करता था। फिर मरीज की आर्थिक पृष्ठभूमि देखकर 70 से 80 लाख लेकर किडनी बेची जाती थी।

### सीएम योगी को अपशब्द कहना मौलाना को पड़ा भारी, बिहार के पूर्णिया से दबोचकर ले गई यूपी पुलिस

**अररिया, एजेंसी।** अररिया जिले के जोकीहाट निवासी और चर्चित इस्लामी वक्ता अब्दुल्ला सलीम कमर चतुर्वेदी कासमी को



उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने पूर्णिया के अमौर दलमारपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस का भी सहयोग रहा। बताया जा रहा है कि मौलाना के खिलाफ उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के करीब 84 थानों में मामले दर्ज थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक सोशल मीडिया वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मौलाना अब्दुल्ला सलीम उत्तर प्रदेश में गौकशी के खिलाफ सख्त कानूनों की आलोचना कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने भड़काऊ अंदाज में मुख्यमंत्री की मां को लेकर अपशब्द कहे। उन्होंने कहा था कि राज्य में ऐसा कानून बना दिया गया है कि यदि किसी के पास मुख्यमंत्री की मां का मांस भी मिल जाए तो पुलिस उसका एनकाउंटर कर देती है या पैरों में गोली मार देती है। इस बयान के बाद प्रदेश में व्यापक आक्रोश देखने को मिला और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हुई। गौमाता और योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मौलाना अब्दुल्ला सलीम को उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उन्हें पूर्णिया जिले से हिरासत में लिया, जिसके बाद अब उन्हें उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच ट्रांजिट प्रक्रिया पूरी कर उन्हें यूपी के लिए रवाना किया गया।

## तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले आए ओपिनियन पोल में कड़ी टक्कर के संकेत मिले

**चेन्नई, एजेंसी।** वोट ट्रैकर सर्वे (सीएनएन-न्यूज18 पर जारी) के मुताबिक अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन (एनडीए) को 115-125 सीटें मिल सकती हैं, जबकि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम-कांग्रेस गठबंधन (इंडिया ब्लॉक) को 104-114 सीटों का अनुमान है। 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 118 है, जिससे मुकाबला बेहद करीबी बनता दिख रहा है। पिछले सर्वे में डीएमके गठबंधन को बढ़त दिखाई गई थी, लेकिन नए आंकड़ों में हल्का झुकाव एआईएडीएमके की ओर नजर आ रहा है। यह संकेत देता है कि अंतिम समय में मतदाताओं का रुझान बदल सकता है। अभिनेता विजय की नई पार्टी टीवीके को 2-8 सीटें मिलने का अनुमान है। भले ही इसका प्रभाव सीमित रहे, लेकिन यह वोट कटौती कर चुनावी समीकरण बदल सकती है। मुख्यमंत्री पद के लिए एम. के. स्टालिन को 39.8% समर्थन मिल रहा है, जबकि ई. के. पलानीस्वामी को 38.8% लोगों की पसंद बताया गया है। विजय को 13.6% समर्थन मिल रहा है। वहीं, महिलाएं और एससी/दलित वोटर स्टालिन की ओर झुके दिखते हैं, जबकि पुरुष और अपर कास्ट वोटर पलानीस्वामी को प्राथमिकता दे रहे हैं। युवा वोटरों में विजय का प्रभाव नजर आ रहा है। डीएमके सरकार को लेकर राय बंटी हुई है-35.5% ने प्रदर्शन अच्छा बताया, जबकि 40.8% ने खराब माना। महिलाओं और बुजुर्गों में संतोष अधिक है, जबकि युवा और उच्च वर्ग के वोटर ज्यादा आलोचनात्मक हैं। कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा (23.1%) बेरोजगारी (17.3%) इसके अलावा महंगाई, भ्रष्टाचार और विकास भी अहम मुद्दे हैं।



## मुंबई होगी झोपड़पट्टी मुक्त: शिंदे का 'जनकल्याण अभियान', अब झुग्गीवासियों को मिलेंगे 300 वर्ग फुट के पक्के घर

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की राजनीति और मुंबई के शहरी विकास के इतिहास में एक युगांतकारी अध्याय की शुरुआत हुई है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई को पूरी तरह से 'झोपड़पट्टी-मुक्त' बनाने के संकल्प के साथ 'हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे शहरी जनकल्याण अभियान' की घोषणा की है। यह महत्वाकांक्षी योजना शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य मुंबई के लाखों परिवारों को सम्मानजनक और सुरक्षित आशियाना प्रदान करना है। इस अभियान के जरिए सरकार न केवल पुरानी बस्तियों का कायाकल्प करेगी, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर भविष्य में होने वाले अवैध अतिक्रमणों पर भी 'डिजिटल लगाम' लगाएगी।

इस नई योजना के तहत झुग्गीवासियों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी उनके घरों के आकार को लेकर है। अब तक पुनर्विकास परियोजनाओं में मिलने वाले 180 से 269 वर्गफुट के छोटे कमरों के बजाय, सरकार ने अब 300 वर्गफुट के फ्लैट देने का ऐतिहासिक फैसला किया है। योजना के तहत उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो कम से कम 50 एकड़ में फैले हैं और जहाँ 51% से



अधिक हिस्सा झोपड़पट्टी है। इन बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए बायोमेट्रिक सर्वे और सटीक मापन के बाद बीएमसी और एमएमआरडीए जैसी संस्थाएं मिलकर काम करेंगी। एकनाथ शिंदे ने बताया मुंबई में नई झोपड़पट्टियों के विस्तार को रोकने के लिए सरकार ने 'नेत्रम' (ह्श्वञ्जक्रू) सिस्टम को तैनात करने का निर्णय लिया है। इस प्रणाली के तहत सैटेलाइट इमेजरी और जीआईएस डेटा का उपयोग कर हर चार महीने में शहर की तस्वीरों का विश्लेषण किया जाएगा। यदि कहीं भी नया अवैध निर्माण पाया जाता है, तो बिसाग-एन वेब पोर्टल के जरिए संबंधित विभाग को तुरंत अलर्ट भेजा जाएगा और तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यह तकनीक मुंबई के अनियंत्रित विस्तार को रोकने में गेम-चेंजर साबित हो सकती है। चूँकि इस अभियान के तहत गगनचुंबी इमारतों का निर्माण किया जाएगा, इसलिए उनके रखरखाव के लिए भी नए नियम तय किए गए हैं। महाराष्ट्र सरकार ने विकास नियंत्रण एवं प्रोत्साहन नियम 2034 में बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### गुरुग्राम में नहीं घट रही स्टंटबाजी, अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे ड्राइवर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** शहर में स्टंटबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। युवा जोश के कारण आए दिन कुछ वाहन चालक अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालकर स्टंटबाजी करते दिखते हैं। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित होने के बाद गुरुग्राम पुलिस भी कार्रवाई कर रही है, लेकिन कुछ युवाओं पर इसका असर नहीं हो रहा है। रविवार को भी इंटरनेट मीडिया पर स्टंटबाजी का एक वीडियो प्रसारित हुआ था। इसमें सियाज कार चालक ने गोल्फ कोर्स रोड पर सेक्टर 65 थाना क्षेत्र में कुशाल साध चौक पर ट्रैफिक लाइट पर कार को गोल-गोल घुमाकर स्टंट किया। इससे विभिन्न तरफ से आ रहा ट्रैफिक रुक गया। कार चालक की इस हरकत पर अन्य वाहन चालक सकते में आ गए। कार चालक की लापरवाही के कारण यहां पर बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन गनीमत रही कि कुछ नहीं हुआ। मामले में सेक्टर 65 थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जल्द ही आरोपित को पकड़ा जाएगा। शहर में इससे पहले बीते एक साल में 20 से ज्यादा घटनाएं स्टंटबाजी की हो चुकी है। ज्यादातर मामले द्वारका और दिल्ली-गुरुग्राम और मुंबई एक्सप्रेसवे के होते हैं।

# जाट संसद के आयोजन में यूपी प्रशासन पर खूब भड़के संजीव बालियान

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ के सकौती टांडा में जाट संसद के आयोजन में संजीव बालियान यूपी के उस प्रशासन पर खूब भड़के, जहां उनकी ही पार्टी भाजपा का शासन है। मुजफ्फरनगर सीट से पार्टी के पूर्व सांसद संजीव बालियान ने जाट संसद के मंच से जमकर भड़ास निकाली, बस किसी का नाम नहीं लिया। इशारों में वह हर बात कह गए और उससे अब तक कयास लग रहे हैं कि आखिर उनकी भविष्य की राजनीति क्या होगी? उनके निशाने पर कौन था? संजीव बालियान ने 10 मिनट के लिए ही मंच संभाला, लेकिन इतने सवालों को जन्म दे गए कि जमकर कयास लग रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'इस पंचायत को नाकाम करने की खूब कोशिश हुई। कुछ लोग चाहते थे कि हमारा भाई जो मुख्यमंत्री वह यहां ना आए। पूरी रात प्रशासन की बदतमीजियां सहीं। इसलिए कि ये हमारे भाई का हेलिकॉप्टर नहीं उतरने देंगे। ऐसा नहीं होता तो हम किसी के आगे झुकते नहीं। किसी का दम भी नहीं कि जाटों को झुका दे। कई बार राजनीति हो या सामाजिक जीवन अपमान सहना पड़ता है। दो कदम पीछे हटाना पड़ता है। चुनाव में भी ऐसा हुआ। हारने का गम नहीं है, लेकिन अपमान का दुख है। लेकिन इसका बदला सूद सहित चुकावेंगे।' अगर किसी ने अपमानित किया है तो सूद और ब्याज सहित चुकाएंगे। यदि मैं भूल जाऊं तो आप न भूलने देना और आप भूलेंगे तो मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। इस दौरान महापंचायत से जाट शब्द हटवाने की बात पर भी उन्होंने आपत्ति जताई। कैसी-कैसी पंचायतें होती हैं, लेकिन हमसे ही दिक्कत क्यों है। आप लोगों ने यहां पहुंचकर इज्जत रख ली है। भगवंत मान जी का विशेष धन्यवाद है, वह हमारे बीच आए तो यह उनका अहसान है। किससे बदला लेने की बात कर रहे थे संजीव बालियान?




पूरे भाषण में उनकी इसी टिप्पणी की खूब चर्चा हो रही है कि आखिर बदला किससे लेंगे और सूद सहित किसे चुकावेंगे। चुनाव में हारने की बात की और अपमान का भी जिक्र किया। जिला प्रशासन की बदतमीजियों को सहने की भी बात कही। ऐसे समय में जब यूपी में उनकी ही पार्टी का शासन है तो फिर कौन उनका अपमान कर रहा है। भाजपा से किसी भी नेता ने उनकी बात का जवाब नहीं दिया है, लेकिन संजीव बालियान के बयानों को गुटबाजी के तौर पर देखा जा रहा है। खासतौर पर इसे संगीत सोम से भी जोड़ा जा रहा है।

**आखिर बालियान बनाम सोम वाले संघर्ष से कैसे निपटेगी भाजपा:** कहा जाता है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सरधना से संगीत सोम हारे थे और उन्होंने फिर लोकसभा चुनाव में पार्टी कैंडिडेट बने बालियान का साथ नहीं दिया और वह भी हार गए। इसके बाद से दोनों के बीच की गुटबाजी और बढ़ गई है। अब यह देखना भी दिलचस्प होगा कि दोनों के टकराव से मेरठ, मुजफ्फरनगर दो जिलों में सीधा असर दिख रहा है और इससे भाजपा कैसे निपट पाएगी। संजीव बालियान ने तो साफ संकेत कर दिया है कि वह झुकेंगे नहीं। जाट समाज की राजनीति में अपना दखल बढ़ाकर उन्होंने मेरठ, मुजफ्फरनगर से आगे निकलते हुए पूरे पश्चिम यूपी में बिरादरी को संकेत दिया। वह भी तब जब जाट संसद के मंच पर जयंत चौधरी ही नहीं आए।

### 'मेरा गला बहुत दिन से घुट रहा था, आज बोलता हूं'

संजीव बालिया ने कहा, 'मेरा गला बहुत दिन से घुट रहा था, आज मेरा दोस्त आया है तो सोचा कि थोड़ा सा गला खोल लूं। भगवंत मान को पंजाब वालों ने सीएम बना दिया। हनुमान बेनीवाल अब भी सांसद है, लेकिन मुझे मुजफ्फरनगर वालों ने मेरे गांव कुटबा कुटबी में वापस भेज दिया। महाराजा सूरजमल की पूरे उत्तर प्रदेश में यह पहली मूर्ति है। मैं जब-जब राजस्थान जाता था तो मेरा सवाल होता था कि चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा यहां क्यों नहीं है। इस पर जवाब आता था कि महाराजा सूरजमल की प्रतिमा उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं है। इसके लिए मैं सकौती गांव के लोगों को धन्यवाद दूंगा।'

### कुछ लोगों के पेट में दर्द... किस पर बालियान ने कसा तंज

उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल ने 80 जंग लड़ीं और किसी में भी नहीं हारे। उनका बलिदान यूपी में हिंडन के किनारे हुआ। उन्होंने दिल्ली में हमले के लिए डेरा डाला था और मुगल सेना ने धोखे से उनकी हत्या की। इसके बाद उनके बेटे महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली जीती थी। उसमें बड़ा योगदान पंजाब के जट सिख भाइयों का था। कुछ लोगों के पेट में दर्द है कि भगवंत मान की अलग पार्टी, हनुमान बेनीवाल और दिग्विजय चौटाला की अलग पार्टी है। फिर ये कैसा समागम है। मैं ऐसे लोगों से कहूंगा कि इसमें राजनीति न खोजी जाए। यह हमारा भाईचारा है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### खराब खाने पर सख्ती के दावों के बावजूद क्यों जारी है रेलवे की लापरवाही

पिछले कुछ समय से सफर के दौरान ट्रेनों में यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने की शिकायतें सुर्खियों में रही हैं। ऐसे मामले सामने आने के बाद भारतीय रेल की ओर से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में बेहतर सेवा देने के आश्वासन दिए जाते हैं। मगर ऐसा लगता है कि संबंधित महकमों को ट्रेनों में खराब खाना देने की शिकायतों को गंभीरता से लेने और उसमें सुधार करने की कोई फिक्र नहीं है। वरना क्या वजह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब रेलवे के अधिकारी या मंत्रालय थोड़ा सक्रिय दिखते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से वही दशा आम हो जाती है।हालत यह है कि वंदे भारत जैसी जिन ट्रेनों को उच्च और प्रीमियम दर्जे की सुविधाओं से लैस बताया जाता है, उनमें भी खराब खाने की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं। गौरतलब है कि पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़ा होने की शिकायत की। आसपास मौजूद अन्य यात्रियों के साथ-साथ इसका वीडियो फैलने के बाद आम लोगों के बीच इस बात पर नाराजगी बढ़ी। इसके बाद रेल मंत्रालय ने लापरवाही बरतने पर आइआरसीटीसी पर दस लाख रुपए का जुर्माना लगाया, वहीं उस ट्रेन में खानपान सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी पर पचास लाख रुपए का जुर्माना लगाने के साथ-साथ अनुबंध खत्म करने का भी आदेश दिया।इस तरह का यह कोई अकेला मामला नहीं है। पिछले वर्ष जुलाई में खुद रेल मंत्रालय ने संसद को बताया था कि 2024-25 के दौरान ट्रेनों में खराब खाने को लेकर 6,645 शिकायतें दर्ज की गई थीं। ऐसे मामले भी होते होंगे, जिनमें किसी यात्री को मिला खाना खराब होता होगा, लेकिन वे औपचारिक तौर पर शिकायत दर्ज नहीं कराते होंगे।सवाल है कि खानपान की गुणवत्ता को हर तरह से स्वच्छ और बेहतर बनाने का रेल महकमे का ढांचा आखिर कैसे काम करता है कि आए दिन यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने के मामले सामने आते हैं। क्या यह यात्रियों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं है? रेल मंत्रालय की ओर से कई बार सख्त कार्रवाई की जाती है, लेकिन बार-बार ऐसी शिकायतों के बावजूद इस समस्या पर लगाम लगाना मुश्किल क्यों बना हुआ है!

### युद्ध विराम समझौते में 'रेड लाइन' बन रही मुसीबत

अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध के करीब चार हफ्तों बाद समझौते की इच्छा जताते हुए 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। हालांकि दोनों देशों की शर्तें कड़ी हैं और भरोसे की कमी बड़ी बाधा बनी हुई है। फिलहाल शांति के लिए हमले रोककर साझा समाधान तलाशना जरूरी है, क्योंकि सैन्य ताकत से सिर्फ तबाही बढ़ेगी। ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है। यह पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी जिद छोड़नी होगी।रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। इसमें तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने जैसी मांगें हैं। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भी अपनी मांगें रखी हैं, जिसमें सबसे अहम यह है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने सभी सैन्य ठिकाने बंद करने होंगे।ये लाइनें लिखे जाने तक इन प्रस्तावों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच किसी तरह की बातचीत से इनकार किया है। ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी ट्रंप के प्रस्ताव का मजाक उड़ाया। लेकिन, अहम यह है कि अब कम से कम शांति की चर्चा तो हो रही है। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे से जो चाहते हैं, वह मुश्किल है। कमोबेश इन्हीं मामलों पर फरवरी में भी बातचीत अटकी थी। इन बिंदुओं को वह रेड लाइन कह सकते हैं, जिसे पार करना दोनों देशों के लिए असंभव है। लेकिन, आमतौर पर युद्ध के बीच बातचीत इसी तरह से शुरू होती है। यह उम्मीद नहीं कर सकते कि दोनों देश सीधे आमने-सामने बैठ जाएंगे और उनकी बात बन जाएगी। दोनों को कॉमन ग्राउंड तलाशना होगा। तभी शांति की राह तैयार होगी। अमेरिका और ईरान के बीच भरोसे की कमी उन्हें सीधी बातचीत शुरू करने से रोक रही है।

*कमोबेश इन्ही मामलों पर फरवरी में भी बातचीत अटकी थी। इन बिंदुओं को वह रेड लाइन कह सकते है, जिसे पार करना दोनों देशों के लिए असंभव है। लेकिन, आमतौर पर युद्ध के बीच बातचीत इसी तरह से शुरू होती है। इसलिए यकायक यह उम्मीद नहीं कर सकते कि दोनों देश सीधे आमने-सामने बैठ जाएंगे और उनकी बात बन जाएगी। बल्कि दोनों को कॉमन ग्राउंड तलाशना होगा।*

## यूएस शांति प्लान को ईरान द्वारा ठुकराए जाने के अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक निहितार्थ क्या हैं?

**(कमलेश पांडे)**

अंतर्राष्ट्रीय युद्ध विशेषज्ञ बताते हैं कि ईरान द्वारा यूएस शांति योजना अस्वीकृति से मध्य पूर्व युद्ध अनिश्चितकाल तक लंबा खिंच सकता है, क्योंकि कोई नया समझौता होता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, जिस तरह से पहले यूक्रेन के पीछे पूरा यूरोप/अमेरिका खड़े थे, अब ईरान के पीछे रूस/चीन जैसे कद्दावर देश खड़े हो चुके हैं। यदि आप देश-दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाने के बजाए लाभप्रद और वर्चस्वमय हिंसा-प्रतिहिंसा को बढ़ावा देने की सीख सिखाने के आदी हो चुके हैं, तो सावधान हो जाइए। यह आपकी अप्राकृतिक हरकत है जिसकी कीमत आपको कभी न कभी चुकानी ही पड़ेगी। यह अकाट्य सत्य है क्योंकि देर-सबेर हुतात्माओं/निरीह पशु-प्राणियों के आत्मा के चक्रब्यूह (जबरदस्त गोलबंदी) में आप घिरेंगे और फिर आपके साथ भी वही होगा, जिसके सबक बेदर्द इतिहास के पन्नों में भरे पड़े हैं। जो बोइयेगा, वही काटियेगा, यह प्रकृति का अपरिवर्तित नियम है। सनातन धर्म में अकाल मृत्यु का स्रोत ऐसे ही प्रारब्ध जनित कर्मों का प्रतिफल है। आतंक उत्पादक और निर्यातक अमेरिका-ईरान इसी अकाट्य नैसर्गिक नियम के शिकार होते प्रतीत हो रहे हैं, फिर भी उन्हें सद्बुद्धि नहीं आई है, जबकि इजरायल तो अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए जूझ रहा है। वह धर्मयुद्ध का शिकार है। वह अल्पसंख्यक यहुदी होने की कीमत चुका रहा है। वहीं, शांतिप्रिय और गुटनिरपेक्ष देश भारत चाहकर भी वसुधैव कुटुम्बकम की भावना सबके दिलोदिमाग में नहीं जगा पा रहा है। उसके सर्वे भवंतु सुखिनः वाली सोच की धज्जियां पाकिस्तान उड़ा-उड़वा रहा है। इसलिए सबको ठंडे दिमाग से सोचने की जरूरत है। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो या भारत-पाकिस्तान युद्ध या फिर संभावित चीन-ताइवान युद्ध, या फिर अन्य द्विदेशीय सीमा संघर्ष, सबको टालना, टलवाना जरूरी है। इसके लिए संयुक्त राष्ट संघ को कठोर होना पड़ेगा। वीटो पावर प्राप्त पांचों देशों को और अधिक जिम्मेदार बनना पड़ेगा। हथियारों और दवाओं को कारोबार नहीं, बल्कि सुरक्षा और सेवा के नजरिये से देखना पड़ेगा। ऐसा इसलिए कि पूरी दुनिया में इस्लामिक शासन लाने के स्वप्नद्रष्टा देश ईरान द्वारा पूंजीवादी लोकतांत्रिक मुल्क अमेरिका के 15 सूत्री अमेरिकी शांति योजना को ठुकरा दिया है। इससे मध्य पूर्व में तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जो क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति को प्रभावित कर रहा है। इससे युद्ध का अभूतपूर्व विस्तार और द्विपक्षीय बर्बादी तय है। कूटनीतिक मामलों के जानकारों के मुताबिक, जहां ईरान ने अमेरिकी 15-सूत्री योजना (जिसमें परमाणु सुविधाओं का विघटन और मिसाइल सीमाएं शामिल हैं) को अत्यधिक बताकर खारिज कर दिया, वहीं ईरान ने अमेरिकी-इजरायल गुटबंदी के ऊपर अपनी पांच महत्वपूर्ण शर्तें रखीं हैं, जैसे युद्ध क्षतिपूर्ति, होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता और हमलों का अंत आदि। इससे संघर्ष लंबा खिंच सकता है, क्योंकि ईरान हमले जारी रखे हुए है। इस पूरे प्रकरण में कठोर क्षेत्रीय प्रतिक्रियाएं मिली हैं। जहां अरब-खाड़ी देशों, यथा-सऊदी, यूएई आदि और जॉर्डन ने ईरान की कार्रवाइयों की निंदा की, वहीं परस्पर एकजूट होकर ईरान की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं पर विराम लगाने के उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता भी जताई। साथ ही, यूएनएससी में प्रस्ताव लाया गया। जबकि अमेरिकी एजेन्ट पाकिस्तान बनावटी मध्यस्थ बना रहा है, लेकिन सबके बीच पारस्परिक अविश्वास गहरा गया है। जहां तक वैश्विक प्रभाव की बात है तो संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि होर्मुज बंद होने से तेल (20 प्रतिशत वैश्विक आपूर्ति) कारोबार प्रभावित हो रहा है, जिससे कीमतें .100+ पहुंचीं और अर्थव्यवस्थाएं चरमरा रही हैं। इससे प्रभावित यूरोप, भारत, पूर्वी एशियाई देश और अन्य ने शांति की मांग की, जबकि अपना शांति प्रस्ताव खारिज होते ही अमेरिका ने और अधिक सैनिक ईरान की ओर भेज दिए हैं। इससे कूटनीतिक चुनौतियां भी उपजी हैं। जहां यह अस्वीकृति ट्रंप प्रशासन की पहल को झटका देती है, वहीं ईरान को मजबूत बनाती है और मध्यस्थों (पाकिस्तान, मिस्र) की भूमिका कमजोर करती है। इससे भविष्य में सैन्य एस्केलेशन या नए मध्यस्थ (रूस?) का उभार संभव है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध विशेषज्ञ बताते हैं कि ईरान द्वारा यूएस शांति योजना अस्वीकृति से मध्य पूर्व युद्ध अनिश्चितकाल तक लंबा खिंच सकता है, क्योंकि कोई नया समझौता होता नहीं दिखाई दे रहा है। वहीं, जिस तरह से पहले यूक्रेन के पीछे पूरा यूरोप/अमेरिका खड़े थे, अब ईरान के पीछे रूस/चीन जैसे कद्दावर देश खड़े हो चुके हैं। इससे इस युद्ध में युद्धोन्मादी देश अमेरिका की मिट्टी पलीद हो रही है। यूरोप का नाटो भी पूरी तरह से अमेरिका के पक्ष में खड़ा नहीं है, बल्कि अपना हाथ खींच चुका है। इससे ईरान के हौसले बुलंद हैं। विशेषज्ञों के इस युद्ध से जुड़े अनुमान पहले 4-6 सप्ताह के थे, लेकिन अब महीनों या उससे अधिक का खतरा बता रहे हैं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने युद्ध को 4-5 सप्ताह का बताया था, जबकि पेंटागन ने 4-6 सप्ताह का अनुमान लगाया। लेकिन 26 दिनों बाद भी हमले जारी हैं, ईरान ने भी जबर्दस्त काउंटर किया है। उसने युद्ध रोकने सम्बन्धी एक काउंटर-प्रस्ताव भी रखा हुआ है। वर्तमान स्थिति यह है कि ईरान ने 15-सूत्री योजना को अनुचित ठहराया, और अपनी शर्तें (क्षतिपूर्ति, होर्मुज नियंत्रण) रखीं। वहीं, अमेरिका 50,000+ सैनिक भेज चुका है, जिससे और संघर्ष तीव्र होता जा रहा है। विशेषज्ञ भविष्यवाणियां दिलचस्प हैं। पूर्व सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि न्यूनतम 4-5 सप्ताह लेकिन महीनों लग सकते हैं। कुछ विश्लेषक ईरान की हार मानते हैं लेकिन अवधि लंबी होने पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा। इसका कोई निश्चित अंत नहीं है, क्योंकि मध्यस्थ असफल दिखाई दे रहे हैं। भले ही ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है, जो पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी अपनी जिद छोड़नी होगी। अन्यथा पूरी दुनिया की आर्थिक बर्बादी तय है। वैसे तो, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। इसमें तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने जैसी मांगें शामिल हैं। जबकि कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भी अपनी मांगें रखी है, जिसमें सबसे अहम यह है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने सभी सैन्य ठिकाने बंद करने होंगे। वहीं, पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच किसी तरह की बातचीत से इनकार किया है। उधर, ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी ट्रंप के प्रस्ताव का मजाक उड़ाया। लेकिन, अहम यह है कि अब कम से कम शांति की चर्चा तो हो रही है। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे से जो चाहते है, वह मुश्किल है।

## मोदी की मेहनत पर चालाकों की चांदी

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

देश की अन्तर्राष्टीय छवि निरंतर सकारात्मक दिशा में नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विश्व समुदाय भारत को एक सशक्त राष्ट मानने लगा है। आर्थिक मोर्चे से लेकर कूटनीति के मामलों में विगत कुछ सालों में सफलताओं का अम्बार लग गया है। विसम परिस्थितियों में विदेशों से भारतवासियों की सकुशल वापसी जैसे अनेक उदाहरण सामने आये हैं। शत्रुता रखने वाले अनेक पडोसियों देशों के नागरिकों ने भी तिरंगे को कवच बनाकर अपने जीवन को सुरक्षित किया था। वर्तमान युद्ध की भीषण विभीषिका सामने है। पैट्रोलियम पदार्थों की विश्व व्यापी समस्या है। ऐसे में भी भारत के जहाज दुर्गम क्षेत्रों से निकल कर आ रहे हैं। समूचा संसार इस अघोषित तीसरे विश्व की विकराल होती स्थिति में भारत की ओर देख रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी विदेश टीम, सुरक्षा टीम और बाह्य व्यवस्था टीम पूरी तरह से सफल ही रही है परन्तु देश के अन्दर के हालातों को नियंत्रण करने वाली कथित टीम के हालिया कृत्यों से समूचा देश आहत है। अनेक प्रदेशों की सरकारों को रिमोट से चन्द चालाक लोग चला रहे हैं। उन राज्यों के मुख्यमंत्री का पदीय ज्ञान तो प्रारम्भ से ही प्रश्नवाचक चिन्हों के घेर में रहा है। महात्वपूर्ण विभागों पर नियंत्रण रखने वाले उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों की योग्यता, व्यवहारिक अनुभव और क्षमतायें शुरू से ही कटघरे में रहीं हैं। उन राज्यों की लालफीताशाही के किस्से तो तानाशाही के अनेक दृष्टान्तों को भी शर्माने पर मजबूर कर देते हैं। भ्रष्टाचार के अनेक भूमिगत उदाहरण न्याय के मंदिर में पहुंचने से पहले ही मौत के मुंह में पहुंचा दिये जाते हैं। कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर ईमानदार करदाताओं के खून की कमाई को मुफ्तखोरों पर लुटाया जा रहा है। अकर्मण्यता की नई पाठशालायें बनने वाली योजनाओं से देश की नींव निरंतर खोखली होती जा रही है तिस पर सम्प्रदायगत, जातिगत, वर्गगत, भाषागत, क्षेत्रगत जैसे संघर्षों की पटकथा लिखने वाले कानूनों, नियमों और व्यवस्था का तूफानी दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। चौराहों से लेकर चौपालों तक बारूदी सुरंगें बिछाई जा चुकीं हैं जिन्हें केवल और केवल चिन्गारी दिखाने की जरूरत है। कभी पिछडे होने का राग अलाप कर एकता के संगीत को विकृत किया गया तो कभी अयोग्य पात्रों के हाथों में व्यवस्था थमाकर क्षमताओं को दीमक की भेंट चढा दिया गया। कभी शोषण की मनगढन्त विवेचना करके विशेषाधिकार दिया गया तो कभी एकतरफा कानून को न्यायसंगत बताया गया। सम्प्रदायों को लडाने वाले कानून को संविधान का अंग बनाकर थोपने वालों ने अब जातिगत वैमनुष्यता फैलाने का भी ठेका ले लिया है। एक वर्ग को विकल्पविहीन बनाकर स्वयं ठेकेदार बनने वाले लोग अब मोदी की मेहनत पर चालाकी से चांदी करने में जुट गये हैं। हालात तो यहां तक पहुंच गये कि हरे और भगवां के बाद अब नीले और भगवां को भी विरोधी खेमों में खडा कर दिया गया है ताकि बांटो और राज्य करो की आक्रान्ता नीति एक बार फिर सफलता का परिणाम दे सके। मीर जाफर, मीर कासिम और जयचन्दों की जमातें पर्दे के पीछे से अपने आकाओं की कदमपोशी करने में जुटीं हैं। यह स्लीपर सेल अपनी ही डाली को काटने में जुटे हैं। हालात तो यहां तक पहुंच गये हैं कि इन देशी गद्दारों को अपने आकाओं के विदेशी लाडलों की भी चमचागिरी करने के लिए बाध्य होना पड रहा है। विलायती शिक्षा लेकर लौटने वाले इन लाडलों को सोने के पालने में बैठकर चांदी की चम्मच से चटनी वालों की एक लम्बी फौज परिवार के दबदबे के कारण विरासत में मिल जाती है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन आपके लिए धन के मामले में पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान दे। पारिवारिक खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी नए काम को करने की योजना बना सकते हैं। माताजी को कोई पैरों से संबंधित समस्या परेशान करेगी, जिसे लेकर आप परेशान रहेंगे।

### वृष
आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप किसी मामले में लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की साथी के बीच किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है। आप किसी नए घर को खरीदने के लिए कोई डील फाइनल हो सकती है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। लंबे समय से परिवार में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने से घबराना नहीं है। माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने परिवार में छोटे बच्चों के साथ मौज मस्ती करने में कुछ समय व्यतीत करेंगे। आपको कामो को लेकर ज्यादा परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। आपको बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी और आप कुछ नये उपकरणों को भी शामिल करेंगे। आपको जिम्मेदारियां से घबराना नहीं है।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अच्छी सफलता हासिल करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे। आपको वाहनों का भी पूरा सुख मिलेगा, लेकिन यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आप परिवार के सदस्यों को लेकर किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

### तुला
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आपका कोई जमीन-जायदाद से जुड़ा मामला सुलझेगा। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए करने पड़ेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी अच्छी साख रहेगी। आपका कोई लेनदेन से जुड़ा मामला सुलझेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में कमजोर रहने वाला है। आपको कोई आंखों से संबंधित समस्या बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कामों की सराहना होगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। आपका कोई विरोधी आपको परेशान कर सकता है।

### मकर
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपकी भाई व बहनों से यदि आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। जिससे आपको समझ नहीं आएगा कि अपने बिजनेस को आप कैसे आगे बढ़ाएं। आपको किसी एक्सपर्ट की राय से चलने की आवश्यकता होगी। आपको अपने सोचे समझे कामों को पूरा करने के लिए थोड़ा धैर्य रखना होगा।

### कुंभ
आज आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप दूसरों के बहकावे में ना आए और पूजापाठ में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आगे आएंगे। अपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आज आपको वापस दे सकता है। संतान ने यदि किसी परीक्षा के लिए आवेदन किया था, तो वह उसे देने आ सकती है। आप यदि कोई लोन लेने के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे।

### धनु
आज का दिन आपके लिए चिंताओं से दूर रहने के लिए रहेगा। आपसे कर्तव्य आप भावनाओं में बहकर कोई निर्णय ले सकते हैं। जीवन साथी की भावनाओं से आप खिलवाड़ बिल्कुल ना करें। आपको अपने करियर को चमकाने के लिए कोई अवसर हाथ लग सकता है। आपको बड़ों की बातों को ध्यान से सुना होगा। आपको कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कोई निर्णय सोच समझकर लेना होगा। जीवनसाथी की मदद से आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। आप किसी अजनबी से कोई जरूरी जानकारी शेयर न करें। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छा प्रमोशन मिलेगा। आपको किसी काम में यदि समस्या आ रही थी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-6048

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | | 7 | 2 | | | | 8 | |
| | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | | | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | | | | | 4 | | | |
| 4 | | | | | 3 | 5 | | |
| | 3 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | 3 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6047

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली 6048



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. केवल महिलाओं हेतु विश्व का सबसे बड़ा विश्व विद्यालय इस देश में स्थापित है (6)
7. यह मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कृति है जिस पर फिल्म (1966) निर्माण हुआ है (3)
8. सारी दुनिया का उलट-पलट (4)
9. भरोसा, विश्वास, यकीन (4)
11. किसी वस्तु, जगह आदि के अंदर (अंग्रेजी)(2)
12. बतौर नायक-नायिका यह ऋषि कपूर-डिंपल कपाड़िया की पहली फिल्म थी (2)
13. यह ब्रिटेन देश का राष्ट्रीय पुष्प है, इसे अंग्रेजी में रोज कहते है (3)
14. चैत्र माह की फसल (2)
15. बलिदत्त, जिसे युद्ध में प्राण त्याग दिए हों (3)
16. जितना समय लगना चाहिए उससे अधिक समय, विलंब (2)
19. पैगंबर, ईशदूत, रसूल (2)
20. तुषार पात, अंतरिक्ष जल (2)
21. बृहत्तर एंटिलीज के सबसे बड़े द्वीप क्यूबा की यह राजधानी है (3)
22. वर्षद, जलदाता, नीरद (3)

**ऊपर से नीचे**
1. तटवर्ती प्रवाहहीन जल (3)
2. उकताहट, बैचेन, मनोरंजनहीन (2)
3. यशस्वी मुगल सम्राट अकबर द्वारा चलाया धर्म (6)
4. क्षेत्रफल, अहाता (3)
5. सचल वायु, अलमस्त हवा, बहती हवा (3)
6. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
10. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
12. धर्मेंद्र के अभिनेता पुत्र (5)
13. बदख्वाह, जिसके मन में कुछ और मुंह पर कुछ हो (उर्दू)(2)
17. कच्चा आहार पदार्थ, सामान, पूति (3)
18. एक शब्द जिसके द्वारा वक्ता और श्रोता के अतिरिक्त किसी तीसरे मनुष्य का संकेत किया जाता है (4)

### वर्ग पहेली 6047 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | वी | न्द्र | ना | थ | टे | गो | र |
| च | र | | पा | ल | क | | म |
| ना | ग | लो | क | | ल | प | क |
| | ति | न | | रो | | ह | |
| मे | | | स | म | का | ली | न |
| घ | ब | रा | ना | | का | ति | ल |
| दू | ना | | त | ल | | थि | |
| त | व | | न | व | ल | | |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


### आईपीएल टिकट केएससीए का बड़ा फैसला

# अब विधायकों को इंटरनेशनल और आईपीएल मैच के लिए मिलेंगे इतने फ्री टिकट

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल मैचों के दौरान टिकटों को लेकर चल रही खींचतान अब



खत्म होती नजर आ रही है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ने विधायकों की मांग को स्वीकार करते हुए उनके लिए फ्री टिकटों का कोटा तय कर दिया है। अब राज्य के विधायकों को न केवल आईपीएल, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी खास तवज्जो दी जाएगी।

**टिकटों का नया गणित** - इस पूरे विवाद को सुलझाने के लिए डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने केएससीए के आला अधिकारियों और आरसीबी के सीईओ के साथ एक अहम बैठक की। बैठक के बाद यह तय हुआ कि अब हर आईपीएल मैच के लिए विधायकों को 3 फ्री टिकट दिए जाएंगे। इतना ही नहीं, इंटरनेशनल मैचों के लिए भी विधायकों को 2 फ्री टिकट मिलेंगे, जबकि 2 अन्य टिकट वे पैसे देकर खरीद सकेंगे। पहले केवल 2 टिकटों की बात चल रही थी, लेकिन लंबी चर्चा के बाद इसे बढ़ाकर 3 कर दिया गया है।

**खरीदने में भी मिलेगी प्राथमिकता** - जो विधायक फ्री कोटा के अलावा अतिरिक्त टिकट खरीदना चाहते हैं, उनके लिए भी रास्ता आसान कर दिया गया है। विधायकों को बस विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में एक पत्र देना होगा, जिसके बाद उन्हें टिकट खरीदने की कतार में प्राथमिकता दी जाएगी। यानी अब माननीय सदस्यों को आम जनता की तरह टिकटों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### विवाद की जड़ और 'वीआईपी' गरिमा

यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब विधानसभा में विधायकों ने आईपीएल मैचों के लिए अपनी सीटों और टिकटों का मुद्दा उठाया। कुछ विधायकों का तर्क था कि चूंकि वे जन प्रतिनिधि और वीआईपी हैं, इसलिए वे आम जनता के साथ लंबी लाइनों में खड़े होकर टिकट नहीं ले सकते। विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने भी इस पर सरकार को हस्तक्षेप करने का सुझाव दिया था। हालांकि, स्टेडियम में विधायकों के लिए अलग गैलरी बनाने की मांग पर डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि वे इस तकनीकी मामले में दखल नहीं देंगे।

# भारत ने भूटान को 5-0 से रौंदा, टेबल में टॉप पर पहुंची टीम इंडिया



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने 23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भूटान 23 नेशनल टीम को 5-0 से हरा दिया। यह मुकाबला अरुणाचल प्रदेश के यूपिया स्थित गोल्डन जुबली स्टेडियम में खेला गया। इस जीत के साथ भारत अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गया है।

भारत की ओर से सुहैल अहमद भट ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल किए। वहीं रिकी मीतेई हाओबाम, टोम्बा सिंह हाओबाम और मोहम्मद अजसल ने एक-एक गोल कर टीम की जीत पक्की कर दी। भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और भूटान पर लगातार दबाव बनाए रखा।

पहला गोल हाफ टाइम से ठीक पहले आया, जब रिकी ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में भारत ने और आक्रामक खेल दिखाया और लगातार गोल कर मैच को एकतरफा बना दिया।

मैच के आखिरी मिनटों में भारत ने दो और गोल कर स्कोर 5-0 कर दिया। सुहैल ने एक गोल करने के साथ एक असिस्ट भी दिया, जिससे टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित हुई। भारत ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण रखा और भूटान को ज्यादा मौके नहीं दिए। इस जीत के बाद भारत के तीन अंक हो गए हैं।

# वैभव सूर्यवंशी ने रच दिया इतिहास

## 15 गेंद में 50 रन ठोककर तोड़ा अभिषेक शर्मा-ईशान और रैना का महारिकॉर्ड



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में धमाकेदार अंदाज़ में शुरुआत करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया, लेकिन इस मुकाबले की सबसे बड़ी चर्चा युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन रहा. सूर्यवंशी ने सिर्फ 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर आईपीएल इतिहास में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में जगह बना ली. इस दौरान उन्होंने सुरेश रैना, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों के 16 गेंदों में बने अर्धशतक के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

- **आरआर के गेंदबाजों ने सीएसके पर कसी नकेल** - इस जीत की नींव पहले गेंदबाज़ों ने रखी थी. जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर ने नई गेंद से शानदार स्विंग कराते हुए शुरुआती झटके दिए. वहीं रवींद्र जडेजा ने भी दो विकेट लेकर मध्यक्रम को संभलने नहीं दिया. चेन्नई की टीम 127 रनों पर सिमट गई. केवल जेमी ओवरटन ने 43 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेलकर स्कोर को सम्मानजनक बनाया। सूर्यवंशी के आउट होने के बाद यशस्वी जायसवाल (नाबाद 38) और कप्तान रियान पराग (नाबाद 14) ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल कर लिया. टीम ने 12.1 ओवर में ही मैच जीतकर अपने इरादे साफ कर दिए. इस मुकाबले में सबसे खास बात यही रही कि एक वैभव ने न सिर्फ मैच जिताया, बल्कि रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा लिया।

### वैभव ने पावरप्ले में मचाया तहलका

128 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यवंशी ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया. उन्होंने चौकों-छक्कों की बारिश करते हुए पावरप्ले में ही मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया. उनकी पारी की बदौलत राजस्थान ने बिना विकेट खोए 6 ओवर में 74 रन बना लिए, जिससे जीत लगभग तय हो गई. युवा स्टार वैभव ने 17 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसमें 5 छक्के और 7 चौके शामिल रहे. हालांकि अर्धशतक के तुरंत बाद वह आउट हो गए, लेकिन तब तक चेन्नई के गेंदबाज पूरी तरह दबाव में आ चुके थे।

### ओवरटन ने धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा, रॉयल्स की सबसे बड़ी जीत

15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया। वैभव की इस पारी की बदौलत राजस्थान ने मंगलवार को गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया ।सोमवार को चेन्नई 19.4 ओवर में 127 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके जवाब में राजस्थान ने 12.1 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी जीत रही।

### गेंद बाकी रहने के लिहाज से राजस्थान की सबसे बड़ी जीत

राजस्थान ने 47 गेंद रहते अपने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रनचेज किया। इससे पहले 2014 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 42 गेंद बाकी रहते जीत हासिल की थी। मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा 21 मैच जीते हैं। इसके बाद पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स 16-16 जीत के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### ओवरटन ने धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा

जैमी ओवरटन ने 43 रन की पारी खेलकर सीएसके के लिए नंबर-8 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड एम एस धोनी के नाम था, जिन्होंने 2024 में विशाखापट्टनम में दिल्ली के खिलाफ नाबाद 37 रन बनाए थे।

### कम्बोज-ओवरटन की रिकॉर्ड साझेदारी

अंशुल कम्बोज और जैमी ओवर्टन ने 10वें विकेट के लिए 33 रन जोड़े। यह सीएसके की ओर से आखिरी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 26 रन का था, जो एम एस धोनी और मोहित शर्मा के नाम 2013 में दर्ज हुआ था।

### पांच साल बाद संजू पहले मैच में फिफ्टी से चूके

संजू सैमसन 2020 के बाद पहली बार किसी सीजन के पहले मैच में 50+ स्कोर नहीं बना सके। 2021 में उन्होंने शतक लगाया था। 2022, 2023, 2024, 2025 में संजू ने 50 से ज्यादा रन बनाए थे।

# सौरव गांगुली ने किया बीसीसीआई का समर्थन, हर जगह खेले जाएं टेस्ट

**कोलकाता।** भारत के पूर्व कप्तान और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारूप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं।बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।



गांगुली ने स्पोर्ट्सस्टार की किताब 'मिरेकल एट ईडन' के विमोचन से इतर कहा, 'ईडन गार्डस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है। कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।'

# मुंबई के होटल के कमरे में फर्श पर पड़ा मिला आईपीएल इंजीनियर का शव

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांच के बीच मुंबई से एक दुखद खबर सामने आई है। टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्ट क्रू का हिस्सा रहे 76 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक इयान विलियम्स लैंगफोर्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वह मुंबई के मरीन ड्राइव स्थित मशहूर ट्राइडेंट होटल में ठहरे हुए थे, जहां सोमवार को उनका शव कमरे के फर्श पर पड़ा मिला। जानकारी के मुताबिक, इयान 24 मार्च से ही आईपीएल की कवरेज के सिलसिले में होटल में रुके थे। 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुए मुकाबले के बाद वह अपने कमरे (नंबर 2715) में लौट गए थे। अगले दिन यानी 30 मार्च को जब होटल रिसेप्शन से उन्हें फोन किया गया, तो वहां से कोई जवाब नहीं आया। बार-बार संपर्क करने की कोशिश नाकाम होने के बाद होटल स्टाफ उनके कमरे तक पहुंचा।जब कमरे के अंदर से कोई हलचल महसूस नहीं हुई, तो स्टाफ ने मास्टर की का इस्तेमाल कर दरवाजा खोला। अंदर का नजारा हैरान करने वाला था-इयान जमीन पर बेसुध गिरे हुए थे। होटल के इन-हाउस डॉक्टर को तुरंत मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही मरीन ड्राइव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने फिलहाल इसे आकस्मिक मृत्यु के तौर पर दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है और शुरुआती रिपोर्ट में अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि या साजिश के संकेत नहीं मिले हैं।

# नसीम शाह पर जुर्माना लगाया मुख्यमंत्री नवाज पर किया था कमेंट



**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 2 करोड़ पाकिस्तानी रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई मरियम नवाज की आलोचना वाले ट्वीट के बाद हुई, जिसे नसीम के अकाउंट से पोस्ट होने के कुछ देर बाद डिलीट कर दिया गया। इसे सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों का उल्लंघन माना।विवाद की शुरुआत के पहले मैच के बाद हुई। चेयरमैन मोहसिन नकवी ने पहले घोषणा की थी कि ईंधन बचाने और पश्चिमी एशिया संकट के कारण टूर्नामेंट बिना दर्शकों के होगा। लेकिन मैच के दौरान पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज गद्दाफी स्टेडियम पहुंचीं और खिलाड़ियों से मिलीं। नसीम शाह के अकाउंट से एक पोस्ट को कोट-ट्वीट करते हुए लिखा गया 'उन्हें लॉर्ड्स की रानी की तरह ट्रीट क्यों किया जा रहा है विवादित ट्वीट के कुछ मिनट बाद ही उसे डिलीट कर दिया गया। इसके बाद नसीम ने एक और पोस्ट कर सफाई दी कि उनका अकाउंट हैक हो गया था। सोमवार को उन्होंने एक नया बयान जारी कर कहा, मेरे अकाउंट से पिछला पोस्ट मेरी मैनेजमेंट टीम ने किया था, वह मेरे विचार नहीं हैं। मैं अपने प्लेटफॉर्म की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और सोशल मीडिया मैनेजर को हटा दिया है। मैं इस गलती के लिए माफी मांगता हूं।

# शाहीन पर 10 लाख का जुर्माना सुरक्षा नियमों को तोड़ने का है आरोप



**लाहौर,एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामले में शाहीन शाह अफरीदी पर उनकी ही टीम लाहौर कलंदर्स ने 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोपों के बाद की गई है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब टीम होटल में कुछ अनधिकृत लोगों के प्रवेश को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने आपत्ति जताई। रिपोर्ट के मुताबिक, ये चार लोग सिकंदर रजा के जानने वाले थे, जिन्हें खिलाड़ियों के कमरे में आने की अनुमति नहीं दी गई थी।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सुरक्षा अधिकारियों और पीएसएल के सीईओ सलमान नजीर ने स्पष्ट रूप से इस अनुरोध को खारिज कर दिया था। इसके बावजूद आरोप है कि शाहीन अफरीदी और सिकंदर रजा ने उन लोगों को कमरे में एंट्री दिलाई।इस पूरे मामले पर लाहौर कलंदर्स ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, 'यह मामला किसी जानबूझकर नियम तोड़ने का नहीं, बल्कि एक गलतफहमी का परिणाम है। हम सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरा सम्मान करते हैं। हम एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) का सख्ती से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बेहतर संवाद की आवश्यकता है।'इस घटना के बाद टीम प्रबंधन ने अनुशासन बनाए रखने के लिए शाहीन अफरीदी पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया। हालांकि, सिकंदर रजा के खिलाफ कोई आधिकारिक अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिकंदर रजा ने पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए कहा, 'इस मामले की जिम्मेदारी मेरी है। शाहीन अफरीदी को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।'

### टीम मालिक की कोशिश भी रही नाकाम

बताया जा रहा है कि पहले टीम के लायजन अधिकारी ने मेहमानों को अनुमति दिलाने की कोशिश की थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद टीम के मालिक समीइन राणा ने भी पीएसएल प्रबंधन से अपील की, जिसे फिर से ठुकरा दिया गया। इसके बावजूद मेहमानों को कमरे में लाया गया, जो पूरे विवाद का कारण बना। लाहौर कलंदर्स का मानना है कि इस मामले को जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। टीम ने कहा कि यह एक छोटी सी गलतफहमी थी, जिसे सार्वजनिक रूप से बड़ा विवाद बना दिया गया। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इस तरह की लापरवाही खिलाड़ियों और लीग दोनों के लिए खतरा पैदा कर सकती है, इसलिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है।

# पोलियो को मात देकर लगातार 4 स्वर्ण जीते, देश की पहली खिलाड़ी जिन्होंने रचा इतिहास

**इंदौर।** बेंगलुरु के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सपना शर्मा ने अपनी स्वर्णिम सफलता का सिलसिला जारी रखते हुए एक बार फिर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। यह सपना शर्मा का लगातार चौथा नेशनल गोल्ड मेडल है, जिसके साथ ही वह देश की पहली ऐसी दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने खेल जगत में यह विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। इंदौर की रहने वाली सपना की इस ऐतिहासिक जीत ने न केवल उनके शहर बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 मार्च को किया गया था, जिसमें देशभर के लगभग 70



खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। फाइनल मुकाबले में सपना शर्मा ने अपनी बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पस्त कर दिया। कड़े मुकाबले में तेलंगाना की ममता को रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि कृष्णवेणी ने कांस्य पदक हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सपना का प्रदर्शन इतना प्रभावी रहा कि उन्होंने हर राउंड में अपना दबदबा बनाए रखा और स्वर्ण पदक पर अपना नाम दर्ज कराया। सपना शर्मा की सफलता की यह कहानी जितनी सुखद है, उनका सफर उतना ही चुनौतीपूर्ण रहा है। दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद सपना ने शारीरिक अक्षमता को कभी अपने सपनों के आड़े नहीं आने दिया।

### परिस्थितियों को बनाया अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा

सपना अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और कभी हार न मानने वाले जज्बे को देती हैं। वह किसी अन्य के बजाय अपनी खुद की जिंदगी और संघर्षों को अपना रोल मॉडल मानती हैं। उनके परिवार में पति संजय वर्मा और बेटी हनाया हैं, जो उनके इस कठिन सफर में हमेशा साथ खड़े रहे हैं। सपना का कहना है कि उन्होंने जो कुछ भी सीखा है, अपनी परिस्थितियों से ही सीखा है। वह उन सभी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेती हैं जो विपरीत हालातों के बावजूद देश के लिए मेडल जीतकर लाते हैं।सपना शर्मा अब अपनी इस सफलता को अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाना चाहती हैं। वह पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी हैं, हालांकि कई बार आर्थिक कारणों से वह चयन होने के बाद भी विदेशी दौरों पर नहीं जा सकीं। लेकिन इन असफलताओं ने उन्हें और अधिक मजबूत बनाया है। अब उनका एकमात्र लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए अधिक से अधिक स्वर्ण पदक जीतना और देश का गौरव बढ़ाना है। वह कहती हैं कि वह गिरकर संभलने और हर बार पहले से अधिक मजबूत होकर उभरने में विश्वास रखती हैं।

## न्यूज बाइट्स

### विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिले में आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण और मद्यनिषेध कानून को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों में वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिस टीमों ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर कागजातों की जांच की, साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। अभियान के दौरान शराब के अवैध परिवहन, बिना कागजात वाहन संचालन और अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान "सुरक्षित औरंगाबाद" लक्ष्य के तहत चलाया जा रहा है, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और आम लोगों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, जिससे अपराधियों और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### लाइन डे पर एसपी ने सुनी पुलिसकर्मियों की समस्याएं

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** औरंगाबाद में लाइन डे के अवसर पर पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद ने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान विभिन्न शाखाओं से जुड़े मुद्दों को विस्तार से रखा गया, जिनमें सेवा संबंधी, प्रशासनिक और दैनिक कार्यों से जुड़ी परेशानियां शामिल थीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी मामलों पर तत्परता दिखाते हुए संबंधित शाखाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समय पर निराकरण बेहतर कार्यक्षमता और मनोबल के लिए बेहद जरूरी है। इस दौरान अधिकारियों और कर्मियों को यह भरोसा भी दिलाया गया कि उनकी शिकायतों और सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई में कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### पॉक्सो एक्ट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत औरंगाबाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नगर थाना औरंगाबाद की टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।
पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

घर में रसोई गैस उपलब्ध नहीं होने के कारण पिछले कुछ दिनों से चूल्हे पर ही खाना बना रही थी बुजुर्ग महिला

# दर्दनाक हादसा : चूल्हे की चिंगारी से साड़ी में लगी आग, बुजुर्ग महिला की हुई मौत



**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**

जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जहां चूल्हे की चिंगारी से लगी आग में झुलसकर 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान कबूतरी देवी, पत्नी सरयू पाल के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, घर में रसोई गैस उपलब्ध नहीं होने के कारण पिछले कुछ दिनों से चूल्हे पर ही खाना बनाया जा रहा था। घटना के समय कबूतरी देवी चूल्हे के पास बैठी थीं और अपने पोते के छोटे बच्चे को खेला रही थीं। इसी दौरान चूल्हे से निकली एक चिंगारी उनकी साड़ी पर जा गिरी, जिससे अचानक कपड़ों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वह गंभीर रूप से झुलस गईं। हालांकि, पास में मौजूद मासूम बच्चा इस हादसे में बाल-बाल बच गया। घर के अन्य लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और तुरंत घायल महिला को इलाज के लिए नवीनगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है।

मृतका की बेटी संगीता देवी ने बताया कि रसोई गैस नहीं मिलने की वजह से परिवार को मजबूरी में चूल्हे का उपयोग करना पड़ रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा कि उनकी मां परिवार की देखभाल में हमेशा सक्रिय रहती थीं और यह घटना उनके लिए असहनीय क्षति है। मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया। कबूतरी देवी अपने पीछे एक बेटा और पांच बेटियां छोड़ गई हैं। बेटे विनोद पाल द्वारा भेड़ पालन का कार्य किया जाता है, जबकि सभी बेटियों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और लोग इस दुखद हादसे से स्तब्ध हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल, गया रेफर



**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**

जिले के गोह थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। यह दुर्घटना एनएच-120 गया-दाउदनगर मुख्य मार्ग पर कैथी बेनी के समीप हुई, जब एक अनियंत्रित हाइवा ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घायल युवक की पहचान सुजीत कुमार (35 वर्ष), पिता रामचंद्र भगत, निवासी दाउदनगर के संसा गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुजीत गोह में किराए के मकान में रहकर व्यवसाय करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वह भोजपुर जिले के मलिया बाग स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर से लौट रहा था। इसी दौरान कैथी बेनी मोड़ के पास तेज रफ्तार हाइवा ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया। फिलहाल युवक का इलाज जारी है और उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा हाइवा वाहन की पहचान और चालक की तलाश की जा रही है।

## गैस संकट पर जिलाधिकारी का बयान, औरंगाबाद में सामान्य रूप से हो रही एलपीजी की सप्लाई

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में रसोई गैस की किल्लत की खबरों के बीच अभिलाषा शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और मांग के अनुरूप एजेंसियों द्वारा नियमित डिलीवरी की जा रही है। बुधवार को जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की, जिसमें स्थिति संतोषजनक पाई गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7422 सिलेंडर की मांग के मुकाबले लगभग 6716 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही लंबित बुकिंग का भी लगातार निष्पादन किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए, लंबित बुकिंग को शीघ्र पूरा किया जाए और वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन की ओर से प्रखंड स्तर पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था पर नजर रखने और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने आम लोगों की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06186-295027 जारी करते हुए बताया कि इस पर नागरिक अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं। अब तक नियंत्रण कक्ष में 31 मार्च तक कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 23 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि एक मामला प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। फिलहाल किसी भी प्रकार का मामला दर्ज नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर का लगा टीका

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। इस दौरान गार्डासिल (एचपीभी वैक्सीन) का टीका लगाया गया, जो गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने में प्रभावी माना जाता है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान खास तौर पर सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस उम्र में टीकाकरण कराने से भविष्य में इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बच्चियों को इस टीकाकरण अभियान का लाभ जरूर दिलाएं, ताकि उन्हें समय रहते सुरक्षित किया जा सके। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार तथा एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे, जिन्होंने टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इस तरह के जागरूकता और टीकाकरण कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव हो सकेगी और आने वाली पीढ़ी को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिल पाएगी।

## अग्नि सुरक्षा जागरूकता को लेकर प्रभात फेरी लोगों को दिए बचाव के महत्वपूर्ण संदेश

- आम लोगों को अग्नि सुरक्षा और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




बिहार अग्निशमन सेवा के निदेशक-सह-राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, पटना के निर्देशानुसार मंगलवार को जिले में अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता के लिए प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने किया।

सुबह 7 बजे आयोजित इस प्रभात फेरी में सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लाल केश्वर प्रसाद, अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी रामाकांत सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। इसके साथ ही एनसीसी (एनसीसी) की 13 बिहार बटालियन के कैडेट्स ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्रभात फेरी की शुरुआत अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय, औरंगाबाद से हुई, जो पुलिस लाइन, विद्युत कार्यालय, कर्मा मोड़, समाहरणालय परिसर और रमेश चौक होते हुए पुनः कार्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान आम नागरिकों को अग्नि सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और आग लगने की घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अग्नि-प्रवण मौसम में आगजनी की घटनाओं को रोकना, लोगों को सतर्क करना और आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के तरीकों के प्रति जागरूक करना रहा। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन सेवा को सूचित करें। यह प्रभात फेरी आमजन में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और संभावित अग्निकांड की घटनाओं में कमी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

## महंगाई और एलपीजी संकट पर कांग्रेस का हल्ला बोल दो अप्रैल को बिहार के हर प्रखंड में प्रदर्शन का ऐलान

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार में रसोई गैस की किल्लत, पेट्रोल-डीज़ल की बढ़ती कीमतों और बिजली दरों में प्रस्तावित वृद्धि के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं इंटक (आईएनटीयूसी) के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने प्रेसवार्ता में घोषणा की कि 2 अप्रैल को राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में आम लोगों की रसोई पर संकट गहराता जा रहा है। एलपीजी गैस की कमी और बढ़ती कीमतों ने गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के लिए स्थिति बेहद कठिन बना दी है। खासकर औरंगाबाद समेत कई इलाकों में गैस की आपूर्ति बाधित होने से लोग लकड़ी और कोयले पर खाना बनाने को मजबूर हैं। चंद्रप्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि पेट्रोल और डीज़ल की लगातार बढ़ती कीमतों ने महंगाई को चरम पर पहुंचा दिया है, जिससे रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं आम लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। इसके साथ ही बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी को उन्होंने आम जनता पर सीधा आर्थिक हमला बताया। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरह जनविरोधी और संवेदनहीन हो चुकी है, जिसे जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस ने स्पष्ट मांग रखी है कि रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कीमतों में तत्काल कमी की जाए। साथ ही पेट्रोल-डीज़ल की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने और बिजली दरों में प्रस्तावित वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की गई है।

कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव और गली-गली जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और लोकतांत्रिक तरीके से सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज कराएंगे। 2 अप्रैल को प्रस्तावित इस राज्यव्यापी प्रदर्शन में हजारों कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। प्रेसवार्ता में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## हत्याकांड में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**औरंगाबाद(नि.सं.)।** जिले में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत औरंगाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। हत्याकांड में संलिप्त एक वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई फेसर थाना पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी ग्राम आलमपुर में छिपा हुआ था। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि आरोपी हत्या के एक मामले में फरार चल रहा था और पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी हाल में कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

## अंबेडकर जयंती की तैयारी, कलाली मोड़ पर बैठक में नई कमेटी गठित

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कलाली मोड़ स्थित एक निजी भवन में मंगलवार को अंबेडकर विचार मंच की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया और आगामी अंबेडकर जयंती के भव्य आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन राजेंद्र कुमार राकेश द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से हरेंद्र कुमार को पुनः अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा लालदेव पासवान को उपाध्यक्ष, पूर्व मुखिया भोला चौधरी को सचिव, कमलेश राम को उप सचिव, राजेंद्र कुमार राकेश और संजय अंबेडकर को कोषाध्यक्ष तथा रामाशीष दास को संरक्षक बनाया गया। वहीं सुधाकर प्रसाद सुधांशु को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मार्गदर्शन मंडल का भी गठन किया गया, जिसमें सुनील कुमार दीप, शिक्षक सुरेंद्र पासवान, जितेंद्र नारायण, सुदर्शन राम, विकास मित्र अखिलेश दास, अधिवक्ता रमेश कुमार, शिक्षक ललन दास और अर्जुन राम सहित कई प्रमुख लोगों को शामिल किया गया।

इस दौरान 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। प्रतिमा के जीर्णोद्धार, गांव-गांव से आने वाली झांकियों की व्यवस्था और कार्यक्रम को भव्य रूप देने पर विशेष जोर दिया गया। कमेटी को और मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत से नए सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव भी दिए। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य विकास कुमार समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## देव के दो बिहार टॉपर्स का हुआ सम्मान संस्थाओं ने घर जाकर बढ़ाया हौसला

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**



बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा में टॉप-10 में स्थान हासिल करने वाले देव के दो मेधावी छात्रों को रामलक्ष्मण जानकी गायत्री ट्रस्ट और देव संस्कृति परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। इस पहल ने क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश दिया और छात्रों का उत्साह बढ़ाया। सम्मानित होने वाले छात्रों में राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय के छात्र शिव कुमार और नीतीश कुमार शामिल हैं। शिव कुमार ने 482 अंक हासिल कर बिहार टॉप-10 में 10वां स्थान प्राप्त किया, जबकि नीतीश कुमार ने 465 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिव कुमार देव गोदाम स्थित अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहे थे और सीमित संसाधनों के बावजूद यह सफलता हासिल की।

दोनों छात्रों को सम्मानित करने के लिए रामलक्ष्मण जानकी गायत्री ट्रस्ट के अध्यक्ष सामता यादव, वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम यादव तथा देव संस्कृति परिषद के अध्यक्ष भूपेश कुमार, सचिव दीपक गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने उनके घर पहुंचकर अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने छात्रों की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी उपलब्धि से देव क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने दोनों छात्रों को आगे भी इसी तरह मेहनत और लगन से पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी। साथ ही आश्वासन दिया कि भविष्य में पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संस्थाएं हर संभव सहयोग प्रदान करेंगी। इस सम्मान समारोह ने यह संदेश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी भी कठिन परिस्थितियों में मेहनत और समर्पण के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।

## 72 घंटे अखंड कीर्तन के समापन पर भक्तों का उमड़ा आस्था का सैलाब

**निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)**

जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत लभरी परसावां गांव में रामनवमी के अवसर पर आयोजित 72 घंटे का अखंड कीर्तन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हो गया। पिछले 36 वर्षों से लगातार चली आ रही इस परंपरा के तहत समापन के बाद भव्य भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को राम नाम अखंड संकीर्तन के समापन के बाद आयोजित भंडारा में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा क्षेत्र भक्ति भाव में सराबोर नजर आया। इसके बाद रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन ई. सुबोध कुमार सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, मनमोहन सिंह, अक्षय कुमार सिंह, विकास कुमार पासवान और जितेंद्र पासवान समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोपाल भारती ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कलयुग में राम नाम से बढ़कर कोई मंत्र नहीं है और इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि ग्रामीण क्षेत्रों में चैता गायन जैसी परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं, लेकिन इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार और झारखंड के कलाकारों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। छपरा से आए लोक गायक हेमंत गिरी ने सुमिरन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की, जबकि झारखंड के कलाकार अमर अकेला ने अपने गायन से समां बांध दिया। दोनों कलाकारों के बीच मंगलवार अहले सुबह तक संगीतमय प्रश्नोत्तरी चलती रही, जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया।

## सुंदरगंज में ब्राइट अप का सम्मान समारोह, मेधावी छात्रों को मेडल देकर किया गया प्रोत्साहित

**निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)**



जिले के बारुण प्रखंड अंतर्गत सुंदरगंज में "ब्राइट अप" संस्थान द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मेडल एवं डायरी देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लौह पुरुष युवा मंच के संरक्षक संजीत कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनकी सफलता यह दर्शाती है कि प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती, बल्कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मैट्रिक परीक्षा में आदित्य कुमार पाण्डेय ने 469 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा गौरव कुमार (465), सानू कुमार (450), अवनीश वर्मा (432), शिवानी कुमारी (427), अमन कुमार राज (411) एवं विनायक कुमार (410) ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में रॉकी कुमार (418), शुभम कुमार (392), अंशु कुमारी (378) और सोनू कुमार (358) सहित कई विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## औरंगाबाद में एक लाख पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण अधूरा, बंद हो सकती है पेंशन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ ले रहे बड़ी संख्या में लाभुकों ने अब तक जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया है, जिससे उनकी पेंशन पर संकट मंडरा रहा है। निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च बीत जाने के बावजूद करीब एक लाख पेंशनधारियों का सत्यापन अधूरा रह गया है। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 3 लाख 8 हजार से अधिक पेंशनधारी दर्ज हैं, जिनमें से अब तक लगभग 2 लाख 9 हजार लाभुकों का जीवन प्रमाणीकरण हो चुका है। वहीं करीब 99 हजार लाभुक ऐसे हैं, जिनका अब तक सत्यापन नहीं हो पाया है। सरकार के निर्देशानुसार समय पर जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराने वाले लाभुकों की पेंशन राशि रोकी जा सकती है। इस संबंध में जिला प्रशासन ने पहले ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को पत्र जारी कर पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया था। अधिकारियों को लंबित लाभुकों की सूची के आधार पर डोर-टू-डोर सत्यापन कराने, मृत एवं जीवित लाभुकों की स्थिति अपडेट करने और आधार से जुड़े मामलों का भी समाधान सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अनुसार, जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और प्रखंड कार्यालयों में डाटा ऑपरेटर के माध्यम से कराई जा रही है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लाभुक इस प्रक्रिया से वंचित रह गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि लाभुक समय पर जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराते हैं, तो उनकी पेंशन राशि बंद कर दी जाएगी।

## शब्दवीणा के स्थापना दिवस पर सजी साहित्य की महफिल कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा के तीसरे स्थापना दिवस के अवसर पर जिला इकाई द्वारा भव्य कवि सम्मेलन, विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत महाविद्यालय एवं शब्दवीणा से जुड़े कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे माहौल को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सुरेश विद्यार्थी, डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, प्रदीप कुमार सिंह, डॉ. रामाधार सिंह, डॉ. शिवपूजन सिंह, डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, रामप्रवेश सिंह, आफताब राणा, आदित्य श्रीवास्तव, अजीत मिश्रा एवं डॉ. रविंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर शिक्षा, साहित्य, पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 16 विशिष्ट व्यक्तियों को अंगवस्त्र एवं शब्दवीणा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शब्दवीणा की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए जिला सचिव सतीश कुमार पांडेय ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संस्था बिहार सहित पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा और पंजाब जैसे राज्यों में सक्रिय रूप से साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। साथ ही 'एक शाम, साहित्य के नाम', 'शब्दवीणा सृजन त्रिविधा', 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्', 'सरगम' और संगीत संध्या जैसे नियमित आयोजनों की भी जानकारी दी गई।